

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 30 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-57 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50


## वासंतिक नवरात्र

### नवम : सिद्धिदात्री



**नौवां** दिन नवरात्रि का अंतिम दिन है। श्री दुर्गा का नवम रूप श्री सिद्धिदात्री है। यह सब प्रकार की सिद्धियों की दाता हैं, इसीलिए यह सिद्धिदात्री कहलाती हैं। देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है। देवी की चार भुजाएं हैं। दायीं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है, मां की बांयीं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। देवी ने सिद्धिदात्री का यह रूप भक्तों पर अनुकम्पा बरसाने के लिए धारण किया है। देवी जी की भक्ति जो भी हृदय से करता है मां उसी पर अपना स्नेह लुटाती हैं।

सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैर सुरैरमरै रवि।
सेव्यमाना सदाभूयात सिद्धिदा
सिद्धिदायनी॥

**नवरात्रि** के नवम दिन इनकी पूजा-आराधना की जाती है। सिद्धिदात्री की कृपा से मनुष्य सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त कर मोक्ष पाने मे सफल होता है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन नौ कन्याओं की पूजा होती है। इन नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। पूजा के अंत में कन्याओं को उपहार के रूप में नये कपड़े प्रदान किये जाते हैं। मां दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप की आराधना के साथ ही नवरात्र के अनुष्ठान का समापन हो जाता है। इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है।

## स्पेशल ब्रांच का अलर्ट

# 13 हजार से अधिक जवानों की तैनाती

### रांची और हजारीबाग में सबसे ज्यादा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में रामनवमी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। रांची के बेड़ों में हुए लाउडस्पीकर को विवाद को सुलझा लिया गया है, लेकिन सुरक्षा विभाग ने कई जगहों को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। राज्यभर में 13 हजार से अधिक जवानों को तैनाती की गयी है। जिन जगहों पर सबसे ज्यादा सुरक्षा कर्मी तैनात किए गये हैं उनमें हजारीबाग और रांची शामिल हैं। स्पेशल ब्रांच ने राज्य के सभी एसपी को अलर्ट किया है। राज्य में किसी तरह की हिंसा ना फैले और ना ही किसी को किसी भी तरह की परेशानी हो, इसकी पूरी कोशिश सुरक्षा में तैनात जवान करेंगे। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस मुख्यालय ने पूरी तैयारी कर ली है।

सुरक्षा के लिए एटीएस से लेकर जिला पुलिस व सीआरपीएफ के 13 हजार से अधिक फोर्स सभी जिलों को उपलब्ध कराया गया है। रांची और हजारीबाग जिलों पर विशेष फोकस है यहां सबसे ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। सभी रेंज डीआईजी को भी अलग से 150-150 समेत कुल 1100 सशस्त्र बल और लाठी बल उपलब्ध कराया गया है। पुलिस मुख्यालय से भी सभी जिलों के शोभायात्रा पर पैनी नजर रखी जाएगी। यहीं से विधि-व्यवस्था की मॉनिटरिंग भी होगी। इसके लिए एक डीआईजी, तीन एसपी, तीन डीएसपी और तीन इंस्पेक्टर को तैनात किया गया है।







*राजधानी रांची सहित राज्यभर में गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष गुरुवार, 30 मार्च को रामनवमी मनाई जा रही है। बुधवार को हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर के पास शोभायात्रा के लिए निकलनेवाले वाहन को आकर्षक रूप से सजाते कारीगर। (फोटोः रौशन)*

### सभी जिलों को पुलिस मुख्यालय ने भेजा अलर्ट

**पुलिस** मुख्यालय स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों को अलर्ट भेजा है। एसपी को जुलूस के मार्ग पर विशेष चौकसी बरतने का आदेश भी दिया गया है। संवेदनशील स्थल और मार्ग के संबंध में जिलों को विस्तार से जानकारी दी गयी है। स्पेशल ब्रांच की ओर से ऐसे लोगों पर निगरानी रखने का भी सुझाव दिया गया है, ताकि विधि व्यवस्था को लेकर किसी तरह की समस्या ना हो। पुलिस ऐसे लोगों पर पहले से नजर रख रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रामनवमी को लेकर रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी।

### रामनवमी तक कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में की ड्यूटी

पुलिस मुख्यालय कंट्रोल रूम में ड्यूटी तीन शिफ्ट में रामनवमी की समाप्ति तक होगी। रांची जिला को एक कंपनी रैफ के अलावा दो कंपनी रैप भी प्रदान किया गया है। जमशेदपुर में चार डीएसपी के अलावा एक कंपनी सीआरपीएफ और एक कंपनी रैप को तैनात किया गया है। हजारीबाग में 14 डीएसपी, 20 इंस्पेक्टर, 250 सब इंस्पेक्टर और एएसआई के अलावा एक कंपनी रैफ, एक कंपनी रैप और एटीएस टीम की तैनाती हुई है। गिरिडीह, पलामू और लोहरदगा में तैनात सीआरपीएफ को रामनवमी के बाद हजारीबाग भेजने का आदेश है। गिरिडीह में छह डीएसपी, पांच इंस्पेक्टर, एक कंपनी सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। पलामू में एक कंपनी महिला सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। लोहरदगा में तीन डीएसपी, 20 एसआई और एएसआई के अलावा एक कंपनी सीआरपीएफ की तैनाती है। दुमका में एक कंपनी सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है।

# जमीन घोटाला

## हजारीबाग में फॉरेस्ट की 450 एकड़ जमीन बेच डाली

### हाईकोर्ट ने दिया नए सिरे से जांच का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग जिले में फॉरेस्ट की 450 एकड़ जमीन को रैयती जमीन बनाकर बेचे जाने के मामले की नए सिरे से जांच कराने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पूछा कि आखिर जंगल की जमीन कैसे बेच दी गई? इस पूरे मामले का खुलासा जरूरी है। यह याचिका शिव शंकर शर्मा ने दाखिल की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि हजारीबाग में 450 एकड़ की जंगल की जमीन को रैयती जमीन बनाकर 2008 लोगों ने खरीद बिक्री की। वन विभाग की ओर से इस वन भूमि को लेकर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिया गया था। वन विभाग के वरीय अधिकारियों की मिलीभगत से जंगल की जमीन को बेचने का काम हुआ है।

पूर्व में इस मामले में एक जांच कराई गई थी। इसमें क्लास तीन और चार के 3 कर्मियों के खिलाफ सिर्फ प्रपत्र इश्यू किया गया था। इसके अलावा किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थी का कहना है कि जंगल की जमीन कैसे बेच दी गई, इसकी जांच जरूरी है। इसपर हाई कोर्ट ने राज्य के वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव को मामले में फ्रेश इंक्वायरी कर जांच रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 10 मई निर्धारित की है।

#### हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार से पूछा

### संस्थाओं में क्यों खाली हैं पद?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर दाखिल एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाईकोर्ट की जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

खंडपीठ ने मौखिक रुप से कहा कि अगर राज्य सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं लेती है तो कोर्ट इस संदर्भ में दिशा निर्देश देगा। इससे पहले एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने कोर्ट को बताया कि करीब चार वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। अधिवक्ता इन जगहों पर पैरवी करते हैं लेकिन इन आयोग में काम नहीं होने से अधिवक्ताओं के समक्ष भी समस्या हो रही है।



**खंडपीठ ने कहा : राज्य सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं लेती है तो कोर्ट इस संदर्भ में देगा दिशा-निर्देश**

जल्द से जल्द इन संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को भरा जाए। वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने कोर्ट को बताया कि राज्य सूचना आयोग में न अध्यक्ष है और न सदस्य हैं। इससे सूचना आयोग का कार्य प्रभावित हो रहा है। वर्ष 2020 में सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था, लेकिन कुछ अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है। मामले की सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### 31 तक राशि सरेंडर करने का दिया निर्देश

**रांची ।** वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सारे विभागों से 31 मार्च तक योजना और स्थापना मद की बची हुई राशि के सरेंडर करने का आग्रह किया है। उन्होंने सारे विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि वर्ष 2022-23 के बजट में उपबंधित राशि में से जितनी राशि का व्यय 31 मार्च तक संभव नहीं है, उसे ऑनलाइन सरेंडर कर दें। राशि सरेंडर के कारणों का स्पष्ट उल्लेख करने को भी कहा है। उन्होंने लिखा है कि 31 मार्च जो राशि सरेंडर नहीं की जायेगी, उसे लैप्स माना जायेगा। सरेंडर के लिए संचिका में वित्त विभाग की सहमति आवश्यक नहीं है।

## अच्छी खबर : सहारा के निवेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी

# निवेशकों को जल्द मिलेगा उनका पैसा

### करोड़ों निवेशकों को सुप्रीम कोर्ट का मिला सहारा

### 24 हजार करोड़ के कुल फंड में से पांच हजार करोड़ का आवंटन तुरंत करने का निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय में सरकार की याचिका मंजूर होने के बाद करीब 1.1 करोड़ निवेशकों को उनका पैसा मिलने का रास्ता साफ हो गया। सहारा-सेबी विवाद के 24 हजार करोड़ के फंड पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की याचिका को मंजूर कर लिया है। दरअसल, सरकार ने



सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में सरकार ने कहा था कि सहारा-सेबी के 24 हजार करोड़ के कुल फंड में से 5000 करोड़ का आवंटन तुरंत किया जाए ताकि सरकार निवेशकों को उनका पैसा लौटा सके।

याचिका में सेबी के पास सहारा समूह के जमा पैसे को निवेशकों के बीच बांटने के लिए मंजूरी देने की मांग की गई थी। अब कोर्ट के इस फैसले के बाद करीब 1.1 करोड़ निवेशकों को उनका पैसा मिलने का रास्ता साफ हो गया। जस्टिस एमआर शाह और सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा कि डिपॉजिटर्स के बीच इसका वितरण किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि पूरी प्रक्रिया की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी करेंगे। इससे पहले मंगलवार को सेबी ने बताया था कि उसने सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन, इसके प्रमुख सुब्रत रॉय और अन्य से 6.57 करोड़ रुपये का लंबित बकाया वसूल कर लिया है।

## पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना की रूपरेखा तैयार

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी पंचायतें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना की रूपरेखा तैयार कर ली गई है, ताकि ग्रामीण जनता को सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए ग्राम पंचायत सचिवालय भवन को आधुनिक तकनीक एवं न्यूनतम आधारभूत संरचना और सेवा से आच्छादित किया जायेगा। इस योजना को गति देने के लिए पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण की मंजूरी मंत्रिपरिषद से विगत दिनों मिल चुकी है। अब राज्य के 4345 पंचायतों के सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा।



### इंटरनेट सहित होंगी अन्य सुविधाएं

**पंचायत** सचिवालय सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार सभी ग्राम पंचायत सचिवालय भवन से पक्की सड़क तक पहुंच पथ सुनिश्चित करेगी। पंचायत सचिवालय में एक प्रज्ञा केंद्र स्थापित किया जाएगा। सभी पंचायत सचिवालय में बैंक शाखा, एटीएम, पेमेंट बैंक, इंडियन पोस्टल बैंक की शाखा की स्थापना कराई जाएगी। सभी पंचायत सचिवालय में लगभग 100 एमबीपीएस गति का पोस्टपेड नेट कनेक्शन केबल एवं वाईफाई के माध्यम से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### सरकार अपने स्तर से कर रही कार्य

**योजनाओं** के क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को वित्तीय संसाधन के लिए 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा से प्राप्त अनुदान की राशि उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन केंद्रीय वित्त आयोग की राशि का व्यय भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निदेशों के अधीन किया जाता है। फलस्वरूप वित्त आयोग की अनुदान राशि से सेवाओं एवं सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना कठिन है। इसलिए ग्रामीणों को ग्राम पंचायत सचिवालय भवन में आधारभूत संरचना एवं न्यूनतम सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार अतिरिक्त राशि का व्यय नूतन दायित्वों एवं आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के माध्यम से ग्रामीणों को उनके निवास स्थान पर ही समुचित जीवन स्तर एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए करेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल से मिले अपर मुख्य सचिव

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार तथा विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गरीबों, अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों व पिछड़ों सहित समाज के सभी वर्गों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हों। उन्होंने राज्य में आयुष्मान योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिया तथा कहा कि इससे समाज के अधिकाधिक लोग लाभान्वित हों।

### महिला ने तीन बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सटे बीसफुटा के निमियां में रेलवे ट्रैक पर बुधवार की दोपहर एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। उनके शव रेलवे पटरी से क्षत-विक्षत बरामद किए गए। महिला की पहचान हरिहरगंज के खड़गपुर निवासी रवि सिंह की पत्नी मनीता देवी के रूप में हुई है। बच्चों की उम्र 3 से 7 वर्ष है। एक बेटा और दो बेटी शामिल हैं। महिला का मायका सतबरवा थाना क्षेत्र के एकता में है। महिला की पहचान उसकी बहन ने की और मोबाइल फोन पर जानकारी दी।






## राष्ट्रपति ने कहा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन है सही जानकारी

# वर्तमान दौर में 'फेक न्यूज' बड़ी चुनौती

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया के दौर में सूचनाओं के व्यापक और त्वरित प्रसार के साथ तेजी से फैलने वाली फेक न्यूज की चुनौती भी सामने आई है। आईआईएस अधिकारियों को फेक न्यूज से निपटने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

राष्ट्रपति के अनुसार, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी ऑक्सीजन का काम करती है। तकनीक का सही प्रयोग कर हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सही जानकारी पहुंचा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से तकनीक का उपयोग



करने और फेक नैरेटिव बनाने के लिए मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा, संयुक्त सचिव संजीव शंकर, भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक आशीष गोयल एवं भारतीय सूचना सेवा की पाठ्यक्रम निदेशक नवनीत कौर सहित वर्ष 2018, 2019, 2020, 2021 और 2022 बैच के अधिकारी और प्रशिक्षु अधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और इसके कामकाज के बारे में नागरिकों को जागरूक बनाने में कम्युनिकेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रभावी संचार के माध्यम से और सही जानकारी के साथ, आईआईएस अधिकारी नागरिकों को देश की प्रगति में भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### गलत सूचनाओं के खिलाफ तुरंत करनी चाहिए कार्रवाई

**राष्ट्रपति** ने कहा : हमारे सामने एक और चुनौती यह है कि नई तकनीकों का उपयोग वे लोग भी करेंगे, जो फेक न्यूज का व्यापार करते हैं। अधिकारियों को इस तरह के दुष्प्रचार का मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से तैयार होना चाहिए और गलत सूचनाओं के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नवीनतम तकनीकों का भी लाभ उठाया जाना चाहिए।

## रांची-पटना के बीच 25 अप्रैल से दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

### सप्ताह में छह दिन चलेगी रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

### टाटीसिल्वे, बड़काकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, गया, जहानाबाद होते हुए पहुंचेगी पटना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड और बिहार के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 25 अप्रैल से रांची से सुबह 7:30 बजे रवाना होगी। इसकी घोषणा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की है। रेल मंत्री ने कहा है कि 25 अप्रैल से झारखंड की राजधानी रांची और बिहार की राजधानी पटना के बीच देश की सबसे अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत दौड़ने लगेगी।

रेलवे के अनुसार रांची-पटना वंदे



भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन चलने वाली यह ट्रेन टाटीसिल्वे, बड़काकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, गया, जहानाबाद होते हुए पटना पहुंचेगी। दूसरी तरफ, पटना से यह ट्रेन सुबह 6:45 बजे रवाना होगी और जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना, टाटीसिल्वे के रास्ते रांची आयेगी। दिन में 1:45 बजे यह ट्रेन हटिया पहुंच जायेगी। हालांकि, अभी यह संभावित समय है।

# बाजे गाजे-के साथ निकाली गई शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नारी सेना श्री महावीर मंडल के तत्वाधान में सेना के अध्यक्ष पूनम जी के अध्यक्षता में आज मंगलवारी शोभायात्रा, रातु रोड खादगड़ा,चुना भट्ठा,जयप्रकाश नगर,पहाड़ी मंदिर,श्री दुर्गा मंदिर होते हुए महावीर चौक महावीर मंदिर तक बाजे गाजे के साथ निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल थी। शोभा यात्रा के क्रम मे महावीर मंडल के अशोक पुरोहित, किशोर साहू,संजय सिंह लल्लू, संजीव साहू, शंकर सिन्हा, सागर वर्मा,पप्पू वर्मा, कमलेश यादव रिंकू वर्मा आदि आदि पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र एवं तलवार भेंटकर अध्यक्ष पूनम सिंह एवं प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा जी का महावीर चौक महावीर मंदिर के निकट स्वागत एवं सम्मानित्त किया। इस मौके पर सेना के संयोजक सागर वर्मा, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा, संस्थापक सुरज सिंह भवानी, गीता देवी, कमला शर्मा, ममता यादव, सुमन महली, चंचल देवी, सुमन श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, वेदिका, रितिका, प्रीति देवी, सोनी कुमारी, ममता कुमारी, वेदिका कुमारी, श्रावणी माहली आदि आदि मौजूद थे।

## अखाड़ाधारियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
रातू प्रखंड के कटहल मोड़ स्थित शंकर चौक, सिमलिया में अंतिम मंगलवारी को राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों से आए शोभायात्रा का भव्य स्वागत शंकर चौक श्री महावीर मंडल द्वारा किया गया। मौके पर रातू प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को अध्यक्ष राकेश चौधरी ने तलवार व चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर राकेश चौधरी ने सभी रामभक्तों से आह्वान किया कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर निकाले जाने वाली भव्य शोभायात्रा में शामिल हों और श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि रामनवमी पूजा के अवसर पर गुरुवार को शंकर चौक में स्वागत शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं, शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए चना, गुड़ व शर्बत का वितरण किया जाएगा। स्वागत समारोह में प्रमुख संगीता देवी को सुनील कुमार सिंह ने तलवार भेंट करते हुए महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शास्त्र के साथ शस्त्र रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ह्वउठो द्रौपदी शस्त्र उठा लो, अब न गोविंद आएंगेङ्क। स्वागत समारोह में अंजय मेहता, अजय मेहता, प्रदीप सिंह, राजकुमार शर्मा, बालेश्वर ठाकुर, रामशरण ठाकुर, विजय राय, सचिन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

## डोरंडा इलाके में निकला फ्लैग मार्च

**रांची।** राजधानी रांची में रामनवमी की शोभा यात्रा गुरुवार को निकाली जाएगी। इसको लेकर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सिटी एसपी शुभांशू जैन के नेतृत्व में बुधवार को डोरंडा इलाके में फ्लैग मार्च किया गया। इसमें हटिया डीएसपी राजा मित्रा और डोरंडा थाना प्रभारी रमेश कुमार के अलावा झारखंड पुलिस और रैफ के जवान शामिल थे। डोरंडा थाना से जुलूस निकल कर झंडा चौक, युनूस चौक, मनिटोला, जैन मंदिर रोड से राजेंद्र चौक पहुंची। इसके बाद डोरंडा दर्जी मुहल्ला, हिनू होते हुए हर उस स्थान से पुलिस का काफिला गुजरा, जहां कभी न कभी सांप्रदायिक ताकतें मजबूत होने की कोशिश कर चुकी हैं। फ्लैग मार्च के दौरान ही वैसे सभी संवेदनशील जगह जहां पहले तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी, वहां सिटी एसपी ने खुद रुककर इलाके के थानेदारों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सिटी एसपी ने डोरंडा इलाके में में सुरक्षा के लिए किए गए बंदोबस्त का जायजा भी लिया। सिटी एसपी ने कहा कि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# कृषक उच्च विद्यालय में शिक्षा सचिव का जलाया गया पुतला



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
कृषक उच्च विद्यालय गुड्डु गडरी में बुधवार को अनुदान वितरण में गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार का पुतला जलाया गया।साथ ही अनुदान समिति के कार्यवाही की प्रति भी जलाई गई। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि शिक्षा सचिव वित्त रहित शिक्षकों के विरोधी हैं ।और एक साजिश के तहत 25 -30 वर्षों से चल रही स्कूल कॉलेजों को बंद करने की साजिश रच रहे हैं ।सैकड़ो स्कूल एवं इंटर कॉलेजों के अनुदान काटना इसका ताजा उदाहरण है। जब से यह शिक्षा सचिव के प्रभार में आए हैं ।तब से कभी जांच के नाम पर, कभी कमरे के नाम पर बीत रहीत संस्थाओं को परेशान कर रहे हैं। आज शिक्षा सचिव का पुतला जलाया गया। 6 अप्रैल को अनुदान में हुई गड़बड़ी को लेकर राजभवन के सामने विशाल महा धरना भी दिया जायेगा। पुतला दहन में मोर्चा नेता सुरेंद्र झा, रघुनाथ सिंह, अशोक कुमार, सीमा कुमारी , हरिहर प्रसाद कुशवाहा ,फजलुल कादिर अहमद , रंजीत मिश्रा, चंद्रशेखर ,गणेश महतो, बलदेव पांडे, विरसो उराव, अरविंद सिंह, मनीष कुमार शामिल थे।

# राम भक्तों ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
श्री राम भक्तों के जनसैलाब से मंगलवार को सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से धुमधाम से शोभायात्रा निकाला गया। सभी राम भक्त अपने अपने क्षेत्र से शोभायात्रा मे शामिल होने के लिए ग्राम विकास स्कूल पहुंचे। सभी ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर शोभायात्र में राम भक्त होने खुशीयां जाहिर किया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या मे महिलाएं, पुरुष एवं इस्कॉन के बच्चे भाग लिए। सभी भगवा झंडा लेकर जय श्री राम, जय हनुमान,जय भोलेनाथ का जयकार लगाते हुए नाचते झुमते शोभायात्रा मे शामिल हुए। शोभायात्रा ग्राम विकास स्कूल से झारखंड मोड़ होते हुए मुरी रेलवे क्लोनी हनुमान मंदिर मे समापन हुआ। इस शोभायात्रा मे सिल्ली प्रखण्ड के हर जय श्री राम समिति के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा को देखने के लिए लोगों की लंबी लाइन की कतार लग गई।

## नव दुर्गा पूजा समिति का महाअष्टमी का पूजा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के समीप सार्वजनिक नव दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पंडाल में पंडित मृत्युंजय पांडे के द्वारा आज महाअष्टमी (महागौरी) का पूजा संपन्न कराया गया। पूजा में काफी संख्या में महिलाएं प्रसाद का थाली लिए हुए पंडाल पहुंची। पंडित के द्वारा पूरे विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ पूजा कराया गया। विदित हो कि पूजा पंडाल की स्थापना क्षेत्र के शिक्षाविद स्वर्गीय केशव चंद्र महतो के द्वारा सन 2000 ईस्वी में की गई थी। स्थापना के समय इस पूजा पंडाल का नाम श्री श्री नव दुर्गा पूजा रखा गया था परंतु वर्तमान में इस पंडाल का नाम सार्वजनिक नव दुर्गा पूजा समिति बुढ़ाआम है।

## भगवा ध्वज से पटा मांडर-चान्हो

**मांडर-चान्हो।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मांडर चान्हो के द्वारा श्रीराम महोत्सव के पावन अवसर पर विशाल बाईक शोभायात्रा निकाली गई। बाइक शोभायात्रा : विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चान्हो- मांडर के द्वारा ब्रांबे से मदरसा पतरातु तक बाइक शोभायात्रा निकाली गई। जिसका नेतृत्व मांडर-चान्हो के बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद द्वारा किया गया।पानी टंकी ब्रांबे से मुख्य अतिथि बीजेपी नेता सन्नी टोप्पो व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने झंडा दिखाकर सभी शोभा यात्रियों को रवाना किया। शोभायात्रा के सफल संचालन में प्रवीन राय ,बाबू पाठक, अविनाश गुप्ता, राजकुमार सिंह,बजरंग सिंह,राजीव गुप्ता, उत्कर्ष तिवारी, आनंद तिवारी, सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## बदमाशों ने एक घर में लगायी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के खोरहा टोली में बदमाशों ने एक बंद घर में आग लगा दी। इस घटना में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना बीते सोमवार की है। इस संबंध में मंजुला भेंगरा ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मंजुला की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बीते 27 मार्च को वह ड्यूटी पर गयी थी। दोपहर तीन बजे उन्हें खबर मिली कि उनके घर में आग लग गई है। जब वह पहुंची तो देखा कि आग से उनके घर में रखा पलंग, सोफा समेत जरूरी कागजात भी नष्ट हो गए हैं। यहां तक कि घर के अलमीरा में रखे सोने का नेकलस, चेन, कान की बाली के अलावा लैपटॉप, टीवी समेत चीजें भी पूरी तरह से जल गई। इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मंजुला ने आरोप लगाया है कि उनके घर में आग लगी नहीं है, बल्कि लगायी गई है।

# रांची दौड़ेगी विश्व शांति और अहिंसा के लिए

**रांची।** दो अप्रैल 2023 को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आगेर्नाइजेशन ( जीतो) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन कर रही है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा,जीतो मेन तथा जीतो यूथ के सहयोग के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है। इस आयोजन में भारतवर्ष ही नहीं बल्कि विश्व भर के 23 देश , जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे।

भारतवर्ष से इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर कराया गयाहै।

तो आईये जानिए अहिंसा रन के पहलुओ को - यह रन भले ही जीतो महिलाएं आयोजित कर रही हो, पर ये संपूर्ण मानवता और विश्व शांति के लिए है। हम इसमे प्रभु महावीर के द्वारा दिये गए अहिंसा के वचनो को और शांति को प्रोत्साहित कर रहे है।

इसलिए यह रन ओपन फॉर आल है। मतलब यह कि इसमे सभी लोग हिस्सा ले सकते है। इसमे कोई आयु सीमा नही है।सभी अपना रेजिस्ट्रेशन किलोमीटर की दूरी के अनुसार करवाएंगे। यह रन मोराबादी से शुरू होकर कांके होते हुए मोराबादी में ही खत्म होगी।

यह रन 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी का रहेगा। जिसका ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन होगा। रेजिस्ट्रेशन एक न्यूनतम राशि का होगा। 3 किमी-300 आरएस, 5 किमी -400 आरएस, 10 किमी -500आरएस का होगा। यह एक मैराथन दौड़ होगी।

# दो दिवसीय महोत्सव संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी -सिल्ली**
प्रखंड के गोडाडीह पंचायत अंतर्गत खेरवेड़ा में स्वर्गीय रामदास घटवार जयंती पर खेलकूद फुटबॉल का आयोजन किया गया । इसमें मख्य अतिथि जिला परिषद बीणा देवी, जेएमएम के रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो, पूर्व मुखिया डब्ल्यू महली, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक शामिल रहे ।इसमें रामानंद बेदिया और डब्ल्यू महली एवं स्वर्गीय रामदास घटवार के पुत्र मुरलीधर घटवार ने स्वर्गीय रामदास घटवार के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कहा गया कि स्वर्गीय रामदास घटवार गांव के शिक्षा विद थे ।अपने समय में जब गांव में स्कूल नहीं था, तो गांव के सभी बच्चों को अपने घर पर बुलाकर लालटेन की रोशनी में सबको शिक्षा दिए, उनकी इसी सपनों को साकार करने के लिए उनके पुत्र मुरलीधर घटवार ने गांव में स्कूल खोला। दो साल फ्री में शिक्षा दी। बाद में वह सरकारी करण हुआ। इन सब बातों को देखते हुए राकेश किरण महतो ने कहा कि मुरलीधर घटवार के काम सराहनीय है उन्होंने अपने पिता की याद को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में संजोए रखा ।यह बहुत बड़ी बात है ।वहीं पर रामानंद वेदिया ने कहा की गांव के पूर्वजों की याद को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ताजा किया जाना अच्छी बात है। माल्यार्पण के बाद फुटबॉल फाइनल खेल में असुवा बेड़ा टाटीसिंगारी ने गोड़ाडीह मंडप टोला को एक गोल से हरा दिया ।विजेता टीम को एक खस्सी दिया गया, वहीं पर उपविजेता टीम मंडप टोला गोराडीह को मुर्गा दिया गया। खेलकूद में विजेता प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मृति कमेटी के देवेंद्र वेदिया राजकुमार बेदिया, महादेव मुंडा, नकुल सिंह मुंडा, बंशीधर घटवार, हरिहर घटवार, निर्मल घटवार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मंडार में लगा स्वास्थ मेला 605 मरीजों की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर प्रखंड परिसर में मांडर रेफरल अस्पताल परिवार की ओर से स्वास्थ चिकित्सा जाँच मेला का आयोजन किया गया।मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,विशिष्ट अतिथि प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, बीडीओ सुलेमान मुंडारी, सीओ विजय हेमराज खलखो, चिकित्सा प्रभारी किशोर कुल्लू ने सामूहिक रुप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महिलाओं ने स्वागत गान गाकर एवं हाथ धोवाई कर अतिथियों का स्वागत किया।इस स्वास्थ मेले में कुल 21विभिन्न स्वास्थ जाँच के स्टॉल लगाए गए थे जिनमें कुल 605 मरीजों की जांच कर उपलब्ध दवाइयां मुहैया कराई गई। मेले में सामान्य रोगी, नेत्र रोगी, टीवी रोगी, दाँत रोगी, चर्म रोगी, बाल रोगी, स्त्री रोगी, प्रसव, कैंसर, योगा, बीपी, सुगर, परिवार कल्याण सहित अन्य विभाग के स्टॉलों पर चिकित्सको एवं सहयोगियों द्वारा मरीजों की जांच कर दवा सुलभ की गई ।स्वास्थ मेला में पूर्व मंत्री सह कार्यकारी उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस बंधु तिर्की भी मुआयना करने पहुंचे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी कार्य में लगे हुए स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दिया। मौके पर डेन्टिस्ट डॉ. स्वाति सिन्हा,डॉ. रंजना सहाय, डॉ. ज्योत्स्ना, डॉ. उमा कुमारी, आयुष की डॉ. रीता कुमारी, डॉ. अर्चना कुमारी,डॉ. दिपक कुमार, सरस्वती कुमारी वाजपेयी, मुरारी प्रसाद, होसे उरांव, मंगा उरांव, जमील अख्तर, तबारक खान, हीरा प्रसाद, विद्या कुमारी, उमा कुमारी,राजेश कुमार,चंदन ठाकुर, सोनासहित अन्य मौजूद थे ।कार्यक्रम में मंच संचालन उपेन्द्र प्रसाद सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन चिकित्सा प्रभारी डॉ.किशोर कुल्लू ने किया।

# अप्रैल से मॉर्निंग होगा स्कूल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल गर्मी के दिनों में मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होंगे। यह व्यवस्था अप्रैल महीने से लागू होगी। अभी तक सभी स्कूलों में क्लासेस नौ बजे से शुरू होते हैं, जो अप्रैल महीने से सुबह सात बजे से शुरू होंगे। यह व्यवस्था अगले तीन महीने 30 जून तक बनी रहेगी। एक अप्रैल शनिवार होने के चलते मॉर्निंग शिफ्ट का शेड्यूल तीन अप्रैल से लागू होगा। टाइम टेबल में बदलाव होने के साथ ही मध्याह्न भोजन देने के समय में भी बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल शुरू होते ही 11 से 11:30 तक का समय मध्यान्ह भोजन का होगा। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक स्कूल की छुट्टी होने से 10 मिनट पहले बच्चे एकजुट होकर प्रार्थना करेंगे। इसके बाद एक घंटे का समय स्पोर्ट्स का होगा। मौसम की स्थिति को देखते हुए यह इनडोर और आउटडोर दोनों हो सकता है। हालांकि, स्पोर्ट्स के लेकर असमंजस की स्थिति है। मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल शुरू होने के बाद छुट्टी होने का समय दोपहर एक का होगा। इसके बाद गर्मी के दिन में स्पोर्ट्स मुश्किल होगा। ऐसे में शिक्षक संघ ने भी शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि इस पर विचार किया जाए। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जो निर्देश जारी किया गया है उसके अनुसार स्कूल खुलते ही शुरू की दो घंटी 45-45 मिनट की होगी। सात बजे से स्कूल शुरू होगा। शिक्षकों को 6:45 तक स्कूल पहुंचना होगा। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 7:00 बजे से 7:15 बजे तक प्रार्थना होगी। इसके बाद क्लास में हाजिरी ली जाएगी और फिर 7:25 से पहली घंटी होगी। पहली दो घंटे की पढ़ाई पूरा होने के बाद 5 मिनट का ब्रेक भी दिया जाएगा। इसके बाद तीसरी चौथी और पांचवीं घंटी 40-40 मिनट की होगी। पांचवीं घंटी के बाद मध्यान्ह भोजन का समय होगा। मध्यान्ह भोजन के बाद छठी घंटी 40 मिनट की होगी। इसके बाद पांच मिनट का ब्रेक मिलेगा और फिर छुट्टी से पहले सातवीं घंटी 35 मिनट की होगी।

**प्रशिक्षण** सुकरपालन प्रौद्योगिकी पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन

# सुकर पालन से अच्छी आय कमा सकते हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बीएयू रांची के निदेशालय अनुसंधान द्वारा संचालित आईसीएआर - अखिल भारतीय समन्वित सुकर बीज अनुसंधान परियोजना अधीन जनजातीय उपपरियोजना के तहत सुकरपालन की उन्नत प्रौद्योगिकी विषयक तीन दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन बुधवार को हुआ। दो बैच में आयोजित इस कार्यक्रम में नामकुम प्रखंड के अनगढ़ा, सिघोरी, हपदलेरा, कोयनरडीह, बरवाडारा गांवों के 30 महिला एवं 20 पुरुष सहित कुल 50 जनजातीय किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने प्रशिक्षण में मिली जानकारियों को जाना और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये। डॉ. सिंह ने कहा कि सुकरपालन में आवास, आहार, स्वास्थ्य एवं रोगों के वैज्ञानिक प्रबंधन से बढ़िया लाभ ले। वर्षो शोध उपरांत विकसित संकर नस्ल झारसुक राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक प्रिय हो रही है। इस नस्ल के सुकरपालन से स्थानीय जनजातीय लोग अच्छी आय का सृजन कर सकते है। मौके पर डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने सुकरपालन को झारखंड के ग्रामीण परिवेश में विशेषकर जनजातीय लोगों के लिए आजीविका एवं पोषण सुरक्षा का उत्तम साधन बताया। उन्होंने कृषि सबंधी समस्या होने पर बिरसा किसान डायरी से जानकारी लेने और वैज्ञानिकों से निरंतर संपर्क बनाये रखने की बात कही। स्वागत एवं संचालन के दौरान परियोजना अन्वेंषक डॉ रविन्द्र कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को सुकरपालन का महत्त्व, सुकर नस्लें, उनकी विशेषताएँ, आवास, आहार, प्रमुख रोग की पहचान, एवं बीमारयों से बचाव व निदान, टीकाकरण, मांस उत्पादन, मार्केटिंग, सुकर फार्म से आय-व्यय का ब्यौरा की विस्तृत जानकारी तथा प्रायोगिक सुकर फार्म का भ्रमण कराया गया। धन्यवाद डॉ एके पांडे ने दी। मौके पर डॉ मुकेश कुमार, डॉ निशांत पटेल, डॉ तेजवार इजहार, अमित बैठा, महादेव टोप्पो और जितेन्द्र बैठा भी मौजूद थे।

## हरा चारा उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** बीएयू रांची के निदेशालय अनुसंधान द्वारा संचालित आईसीएआर- अखिल भारतीय समन्वित चारा फसल अनुसंधान परियोजना अधीन जनजातीय उपपरियोजना के तहत ह्यजीविका सुरक्षा के लिए हरा चारा उत्पादन विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कांके प्रखंड के कुम्हरिया पंचायत के गोकुल भवन में किया गया। कार्यक्रम में कुम्हरिया, होचर एवं नजदीकी गांवो के करीब 50 जनजातीय किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना अन्वेंषक डॉ योगेन्द्र प्रसाद एवं शस्य वैज्ञानिक डॉ नरगिस कुमारी एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार ने हरा चारा उत्पादन का महत्त्व एवं उपयोग की जानकारी दी। उगाई जाने वाली चारा फसलों में खरीफ में नेपियर, ज्वार, मक्का एवं रबी में बरसीम, जई, राई घास के उत्पादन से सालोंभर हरा चारा उत्पादन की तकनीकी से अवगत कराया। मौके पर स्थानीय प्रतिनिधि चांदनी कच्छप, राधा लिंडा, विशा देवी भी मौजूद थी।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के छात्रों को मिला ब्लैक बेल्ट



**रांची।** ऑल इंडिया गोजू - रियू कराटे डू फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य प्रशिक्षक क्यूसी एल नागेश्वर राव 8ईं ल्लि ब्लैक बेल्ट ( जापान ) के द्वारा जमशेदपुर में आयोजित ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमे कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू के बच्चों ने भी भाग लिया था इस ग्रेडिंग में कैंब्रियन के छात्रों ने कड़ी मेहनत एवं लगन से इस ग्रेडिंग को पास किया। हिमांशु राज , साहिल श्रीवास्तव, सोहेल अंसारी, हर्षराज वर्मा को ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉउन। रोहित भगत एवं रौनक तिर्की को मिला ब्लैक बेल्ट सेकंड डाउन। इस आयोजन में झारखंड गोजू - रियू कराटे फेडरेशन के मुख्य निदेशक शिहान शहजाद कुरेशी, नीरज यादव एवं नितेश कुमार मौजूद थे।

# तीन हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़म**
प्रखंड के स्वास्थ केंद्र बुढ़मू के एक कर्मी द्वारा एक मरीज से 3000 रुपए लेने का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत प्रखंड के जनप्रतिनिधियों की गयी। बुधवार को जनप्रतिनिधियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू पहुंचे और प्रभारी से मिलकर स्वास्थ्य कर्मी की शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही लिए गए पैसे को जनप्रतिनिधियों ने वापस कराया। जानकारी के अनुसार मैकलुस्की गंज थाना क्षेत्र के मायापुर सरना के रहने वाले सुनील गंझू का सीसे से हाथ कट गया था और वह जख्मी हालत में सुनील गंझू ने इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू पहुंचे हुए थे।, उसी समय स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी निसार अंसारी ने इलाज किया और इलाज करने के बाद दवा मंगवाने के नाम पर सुनील गंझू से 3000 रुपए ले लिए। इस बात की जानकारी सुनील गंझू ने प्रखंड के प्रमुख सत्यनारायण, प्रखंड के उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू को इस बात की जानकारी दे दी। बुधवार को प्रखंड के प्रमुख सत्यनारायण मुंडा एवं प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , उप प्रमुख हरदेव साहू, पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू पहुंचकर मामले की शिकायत प्रखंड के सीएचसी प्रभारी से की। वहीं चिकित्सा प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य कर्मी निशार अंसारी को तबादला का आश्वासन दिया।

# एक अप्रैल से बढ़ी हुई मजदूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को 1 अप्रैल 2023 से 18 रुपए अधिक मिलेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्यवार प्रतिदिन मजदूरी की दर का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया गया है। इसमें झारखंड के अकुशल हस्त कर्मकारों के लिए 228 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी तय की गयी है। नई दर 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 210 रुपये मजदूरी दर निर्धारित थी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसमें 18 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है। झारखंड के मनरेगा मजदूरों को अभी केंद्रांश के 210 रुपए के अलावा राज्य मद से 27 रुपये मजदूरी मद में दिए जा रहे हैं। यानी राज्य के मजदूरों को अभी 237 रुपए मिलते हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रति मानव दिवस मजदूरी 228 रुपये तय किया गया है। वहीं राज्य योजना मद से 27 रुपये झारखंड सरकार देना जारी रखेगी। इस संबध में ग्रामीण विकास विभाग ने पत्र जारी कर दिया है। मतलब अब झारखंड में मनरेगा श्रमिकों को कुल मिलाकर प्रति मानव दिवस 255 रुपये का भुगतान किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत मजदूरी की दरों में बदलाव को लेकर 24 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया था। अब अगले वित्त वर्ष यानी 2023-24 के लिए मनरेगा की बढ़ी दरें अधिसूचित कर दी गई हैं। केंद्र सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक झारखंड और बिहार में मनरेगा मजदूरी दरों में 8-8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इन दोनों राज्यों में अभी मनरेगा की दिहाड़ी मजदूरी 210 रुपये है, जिसे बढ़ाकर 228 रुपयेकिया गया है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के लिए मनरेगा की दरें 8 फीसदी से कुछ ज्यादा बढ़ी हैं। पहले इन दोनों राज्यों में दिहाड़ी मजदूरी 204 रुपये थी, जिसे 17 रुपये बढ़ाकर 221 रुपये कर दिया गया है। प्रतिशत के हिसाब से कर्नाटक, गोवा, मेघालय और मणिपुर में सबसे कम करीब 2-2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# सदन में बातों को म्यूट कर देंगे लेकिन बाहर नहीं रोक पाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जब तथ्यों के साथ सदन में मोदी सरकार से सवाल पूछते हैं तो उन सवालों के जवाब देने के बजाए उनकी आवाज को म्यूट कर दिया जाता है। सिंह बुधवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सदन में बातों को म्यूट कर देंगे लेकिन बाहर उनकी आवाज को नहीं रोक पायेंगे। सिंह ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रहार हो रहा है। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। ये बात हम नहीं पूरा देश और पूरा विपक्ष कह रहा है। ये दिखायी भी दे रहा है। प्रधानमंत्री हर दिन किसी न किसी तरीके से लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लोकतंत्र संवाद से मजबूत होता है, विचारों के अदान-प्रदान से मजबूत होता है। यही लोकतंत्र है। यदि आप प्रश्न कर रहे हैं तो सत्ता को वो नागवार गुजर रहा है, चाहे वो कोई नेता हो, सामाजिक संगठन हो उन्हें नीति के विरुद्ध माना जा रहा है। उन्हें तुरंत नक्सल, राष्ट्रविरोधी या गद्दार कह दिया जाता है, जो लोग सरकार की बातों से असहमत हैं उनपर आरोप लगाकर लोकतंत्र की मूल जड़ों को कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस देश की संपदा को लूटा जा रहा है और सरकार उनपर कार्रवाई करने की जगह उन्हें संरक्षण दे रही है। राहुल गांधी सदन के बाहर और अंदर भारी अनियमितता को लेकर सवाल खड़ा किया कि सरकार अपने एक मित्र के लिये सारे नियम कानून को ताख पर रख दिया। देश की संपत्ति को उसके हवाले कर रही है। सरकार की नैतिक जिम्मेवारी होती है कि जांच कराये। उन्होंने कहा कि इनका मित्र देश से बड़ा हो गया है। स्थिति यह है कि देश को लूटने वाले के साथ पूरी सरकार खड़ी है। सिंह ने कहा कि सदन में राहुल गांधी ने अडानी पर सवाल पूछा तो उनकी सदस्यता खत्म कर दी गयी।

## अदालत की खबरें

### बालू लदे ट्रैक्टर को नहीं छोड़ने के मामले में कोर्ट ने रखा फैसला सुरक्षित



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने हजारीबाग में बालू लदे ट्रैक्टर को नहीं छोड़ने के एक मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। पूर्व की सुनवाई के दौरान मामले में डीएफओ, हजारीबाग एवं माइनिंग ऑफिसर, हजारीबाग कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए थे। उन्होंने स्वीकार किया था कि ट्रैक्टर की जब्ती कार्रवाई में विलंब हुआ है। हजारीबाग एसपी से वर्ष 2019 में ट्रैक्टर के मालिक के बारे में जानकारी मांगी गई थी लेकिन जानकारी नहीं मिली। इस पर कोर्ट ने कहा था कि चार साल बीतने के बाद भी हजारीबाग एसपी की ओर से कोई जवाब नहीं आया, यह आश्चर्य की बात है। मोहम्मद हाशिम अंसारी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी की।

### वकील के घर में चोरी, आगजनी

**रांची।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता नितिन भेंगरा के घर में बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद घर में रखे दस्तावेज और सामान को आग के हवाले कर दिया। इसमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं। पीड़ित अधिवक्ता नितिन भेंगरा ने बुधवार को सदर थाना में लिखित आवेदन दिया है। वकील की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वारदात के बाद रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं में काफी आक्रोशित है।

# डीसी और एसएसपी ने रामनवमी की तैयारियों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रामनवमी को लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार को निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। यहां मंदिर समिति के सदस्यों से मिलकर आला अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही बेहतर व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), जिला नजारत उप समाहर्ता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मंदिर परिसर क्षेत्र में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के बाद जुलूस के रूट में चल रहे निर्माण कार्य का भी डीसी और एसएसपी किशोर कौशल ने जायजा लिया। अधिकारियों को जुलूस के आगमन और प्रस्थान के लिए सुगम व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कंपनी के अधिकारियों को जुलूस के आगमन और प्रस्थान के लिए सुगम व्यवस्था करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## विधायक ने मार्केट सहित कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**बुंडू।** बुंडू नगर पंचायत अंतर्गत बजरंग दल के पास वेंडर मार्केट का शिलान्यास बुधवार को विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। उन्होंने नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे अन्य कई जनोपयोगी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वेंडर मार्केट की प्राकल्लित राशि लगभग दो करोड़ 25 लाख रुपये है। पुराने सब्जी बाजार में बन रहे इस वेंडर मार्केट में कुल 20 दुकानें होंगी। इसमें शौचालय, पेयजल एवं लाइट आदि की व्यवस्था होगी। विधायक ने कहा वेंडर मार्केट बनने से सब्जी, एवं अन्य ठेलावालों को लाभ होगा। सड़कों पर जाम की स्थिति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जल्द विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों में तीन स्टेडियम का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# हेल्थ एण्ड केयर विंग सोडेक्सो ने शुरू की सेवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी मैनेजमेन्ट सेवाओं के साथ भारत की हेल्थ एण्ड केयर विंग सोडेक्सो रांची के एएचपीआई-संबद्ध चिकित्सा सेवा प्रदाताओं एवं डायग्नॉस्टिक सेंटरों के लिए लेकर आई है। इसके द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकीय उपकरणों की मरम्मत, रखरखाव को सुनिश्चित किया जा सकेगा। रांची में ऑफिस-वेयरहाउस के उद्घाटन समारोह के मौके पर झारखण्ड की प्रमुख लोकेश्इान में स्पेशियस वेयरहाउस का संचालन शुरू हुआ। इस अवसर पर जोगेश गंभीर, अध्यक्ष, झारखण्ड, एएचपीआई चैप्टर, सिद्धान्त जैन- डायरेक्टर ऑर्किड मेडिकल सेंटर आशीष मोदी, सचिव, नागरमल मोदी सेवा सदन; सोडेक्सो हेल्थ एण्ड केयर टीम एवं अन्य गणमान्य दिग्गज मौजूद थे। वेयरहाउस में आधुनिक रिपेयर लैबोरेटरी है, जहां मरीजों की देखभाल के लिए जरूरी उपकरणों के स्पेयर पाट्र्स एवं एक्सेसरीज हैं। इस अवसर पर हेल्थ एण्ड केयर, सोडेक्सो इंडिया के कंट्री सेगमेन्ट डायरेक्टर शरद मिश्रा ने कहा कि पिछले दो दशकों से अग्रणी हेल्थकेयर सोल्युशन कंपनी होने के नाते एचटीएम सर्विसेज ने आठ राज्यों पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है।

# सरला बिरला के छात्रों ने अंडमान और निकोबार की यात्रा की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रो ने अनुभवात्मक शिक्षा का आनंद लेने के लिए 'डमान और निकोबार आइलैंड' की एक सप्ताह की यात्रा की। यात्रा के दौरान छात्रों को इस द्वीप समूह की समृद्ध संस्कृति और इतिहास को जानने का अवसर मिला। छात्रों ने वहां राजधानी पोर्ट ब्लेयर की यात्रा की। बच्चे कालापानी के नाम से विख्यात सेल्यूलर जेल भी गए। उसी दिन शाम को छात्रों ने सेल्यूलर जेल में ही ऐतिहासिक घटना को प्रकाश और ध्वनि का रोमांचक शो देखा। समुद्र तट का क्रिस्टल क्लियर जल अंडमान द्वीप समूह के मुख्य आकर्षण था। छात्र दुनिया के शीर्ष समुद्र तटों हैवलॉक द्वीप, नील द्वीप, राधानगर बीच, एलीफेंट बीच आदि भी गए। वहां उन्होंने बीच पर स्कूबा डाइविंग, जेट स्की की सवारी, स्नोर्केलिंग का मजा लिया तथा पानी के खेलों में रुचि रखने वालों ने अनेक प्रकार के खेलों का आनंद उठाया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने छात्रों के लिए एक शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक यात्रा की व्यवस्था के लिए स्कूल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस यात्रा ने छात्रों को नई जगहों और संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की यात्राएं छात्रों को आत्मनिर्भर बनाती हैं और उन्हें वैश्विक नागरिक बनने में मदद करती हैं।

## छह सप्ताह के प्रशिक्षण पर जाएंगे रांची के 17 इंस्पेक्टर

**रांची।** रांची जिला बल के 17 इंस्पेक्टर छह सप्ताह के प्रशिक्षण पर जाएंगे। इसको लेकर रांची एसएसपी ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि डीएसपी में प्रोन्नति से पहले छह सप्ताह का प्रशिक्षण कराए जाने के लिए रांची जिला बल के 17 इंस्पेक्टर को दो अप्रैल तक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में योगदान करने का आदेश प्राप्त है। प्राप्त आदेश के अनुपालन करते हुए सभी इंस्पेक्टर को निर्देश दिया जाता है कि दो अप्रैल को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। जिन 17 इंस्पेक्टर को छह सप्ताह की ट्रेनिंग मिलेगी, उसमें राधिका रमन मिंज, वेंकटेश कुमार, रमेश कुमार,राजीव रंजन लाल ,संजीव कुमार, राजकुमार यादव, नीरज, अरविंद कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, राय सौमित्र पंकज भूषण, सुनील कुमार तिवारी और आलोक सिंह के नाम शामिल हैं।

## साजिश | गरीब दुकानदारों ने विधायक को पीड़ा सुनाई

# दुकान आवंटन में पक्षपात नहीं होगा



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
मानगो डिमना रोड सेंट्रल व्रज से जिला प्रशासन द्वारा तोड़े गए दुकानों के प्रभावित दुकानदारों से बुधवार को मिलने पहुंचे विधायक सरयू राय को गरीब दुकानदारों ने अपनी पीड़ा बताई। विधायक ने उनसे कहा कि यह साफ हो गया है कि मंत्री बन्ना गुप्ता ने साजिश के तहत पर्व-त्योहार के दौरान गरीब दुकानदारों को उजाड़ दिया। दुकानों को तोड़ने के लिए प्रशासन के पास कोई लिखित आदेश नहीं था। किसी भी कीमत पर दुकान आवंटन में पक्षपात नहीं होने देंगे। उजाड़े गए सभी दुकानदारों को बसाना होगा। वह मंत्री और उनके चहेतों को दुकान आवंटित कराने में मनमानी नहीं करने देंगे। इसके पूर्व मानगो डिमनो रोड के सेंट्रल व्रज में लगभग 50 वर्षों से अधिक समय में बसे दुकानदारों एवं फुटपाथ विक्रेताओं को पिछले दिनों जिला प्रशासन द्वारा एकाएक उजाड़ कर जमींदोज किए जाने पर दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर युनियन के बुलावे पर विधायक सरयू राय उनसे मिलने पहुँचे। इस दौरान वहाँ पहले से मौजूद दर्जन भर कांग्रेस वर्करों ने सरयू राय का यह कहते हुए विरोध किया कि वे इस क्षेत्र के विधायक नहीं हैं और बन्ना गुप्ता जो करेंगे वही सही है। वे (सरयू राय) यहाँ क्यों आए हैं। इस पर आंदोलनरत दुकानदार भड़क गए और बन्ना समर्थकों को खदेड़ दिया। सरयू राय ने प्रभावित दुकानदारों से बात की, उनकी पीड़ा जानी। गरीब दुकानदारों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दुकान तोड़ने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। अचानक बुलडोजर और क्रेन लाकर रात के अंधेरे में दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। 250 से अधिक दुकानें जमींदोज की गईं। दुकानदार सड़क पर आ गए है और रोजी-रोटी का गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। आरोप है कि मंत्री बन्ना गुप्ता के समर्थक चंद दुकानदारों को ही नए सिरे से दुकान आवंटन करने की बात हो रही है। सरयू राय ने कहा कि जिला प्रशासन के पास किसी दुकान को तोड़ने का लिखित आदेश नहीं है। यहाँ सीधे तौर पर साफ हो गया है कि मंत्री बन्ना गुप्ता ने साजिश के तहत दुकानों को तुड़वाया है। इस संबंध में बन्ना गुप्ता का पक्ष नहीं मिल सका।




NEWS इन ब्रीफ

### धर्मदयाल इंटर कॉलेज का शुभारंभ आज

**रांची।** खूंटी ज़िला के अंगराबाडी रोड स्थित धर्मदयाल इंटर कॉलेज का शुभारंभ 31 मार्च को दिन के 11 बजे होगा। उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के सचिव धर्मदयाल साहु ने बताया कि उदघाटन खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा विधायक कोचे मुंडा संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में मुखिया बुधराम टुनडलना, ग्राम प्रधान मंगल मुंडा, ग्राम वार्ड सदस्य विनिता तिड शामिल हैं।

### रास्ते से गायब हो गयी बुजूर्ग महिला

**रांची।** औरंगाबाद की एक महिला चुटिया पावर हाउस के पास से गायब हो गयी। महिला सोमवार को उस समय गायब हुई, जब उसे इलाज के लिए चुटिया से रातू रोड ले जाया जा रहा था। महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इस संबंध में जयनंदन चौरसिया ने चुटिया थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। औरंगाबाद के लोहरा गांव के रहने वाले जयनंदन ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च को सुबह साढ़े दस बजे अपनी पुतहो सुशीला देवी को इलाज कराने के लिए रातू रोड ले जा रहा था।

### पुलिस ने किया शहर में फ्लैग मार्च

**सिमडेगा।** सिमडेगा में शांतिपूर्ण वातावरण में राम नवमी का पर्व संपन्न हो जिस को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा एसपी के निर्देश पर शहर में बुधवार को रामनवमी पर्व की पूर्व संध्या पर जिला पुलिस के जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च किया। बुधवार की शाम जिला नियंत्रण कक्ष से पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च शुरू कर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस जवानों के अलावा पीसीआर और वज्रवाहन साथ चल रहे थे। एसडीपीओ डेविड ए ढोढराय के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च के बारे बताया गया कि लोग आश्वस्त रहें कि पर्व के दौरान पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है।

### रामनवमी मेला को लेकर निकाला गया अष्टमी का जुलूस

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डाँडू में रामनवमी के मेला आयोजित करने को लेकर बुधवार को भक्तो द्वारा चैत शुक्ल पक्ष अष्टमी के अवसर पर अपने अपने घरों में विधिवत हनुमानजी का पूजन कर केंद्रीय महावीर मेला समिति बाजार डाँडू के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस बाजार डाँडू से प्रारम्भ होते हुए चौकनी,निमटोली,तोड़ार,डोका, हेसवे सहित विभिन्न गांवोंका भ्रमण करते हुए अपने गंतव्य जगह बाजार डाँडू वापस आया। जगह जगह ग्रामीणों द्वारा गुड़,चना,सरबत और पानी दे कर जुलूस का स्वागत किया गया। वही बच्चे ,नवजवान और बुजुर्ग सभी जुलूस में पारंपरिक हथियार, ढोल,नगाड़ा,बैंड और महावीरी झंडा लेकर नाचते हुए लोग घूम रहे थे। वही लोगो के द्वारा लाठी,डंडा,भला,तलवार का भी खेल का प्रदर्जहन किया गया।

### बाल विवाह को लेकर सेविकाओं को किया गया जागरूक

**बानो।** मानव तस्करी एवम बाल विवाह को रोकने के लिए प्रखंड कार्यालय बानो में एक बैठक की गई। इस बैठक में पूरे बानो प्रखंड के आंगनबाड़ी के सहायिका एवम संयोजिका के साथ बैठक की गई। बैठक में राष्ट्रपति पुरुस्कार सम्मान से समानित एवम राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका के एम्बेसडर के हाथों समान्नित शिक्षक श्री स्मिथ कुमार सोनी ने कहा कि मानव तस्करी एक अभिशाप है। उन्होंने कहा कि आप सभी बहने गांव टोलों में काम करती है। आप सभी गांव के हरेक परिवार और लोगों को अच्छी तरह से जानती है।

# आज बड़ी गाड़ियां रेडिसन ब्लू तक ही जाएंगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में रामनवमी की शोभा यात्रा गुरुवार को निकाली जाएगी। इसको लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शोभा यात्रा को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव तो किया ही गया है, साथ ही डोरंडा ओवरब्रिज पर शोभा यात्रा में शामिल भाड़ी वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है। सभी वाहनों को रेडिशन ब्लू तक ही जाने की अनुमति दी गई है। पुलिस प्रशासन और महावीर मंडल ने अखाड़ाधारियों से अनुरोध किया है कि वे भारी वाहनों को रेडिशन ब्लू तक ही ले जाएं। क्योंकि ओवरब्रिज में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से आने जाने में परेशानी होगी। शोभा यात्रा में शामिल सभी लोगों से आग्रह किया गया है कि वे ओवरब्रिज होते हुए तपोवन मंदिर पैदल ही झंडा लेकर जाएं। इधर, बुधवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने शहरभर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गई कि वे लगातार गश्त लगाएं। माहौल खराब करने वालों पर सख्ती बरतें। जरूरत पड़ी तो ऐसे लोगों को तुरंत हिरासत में लेकर कार्रवाई करें।

आज मेन रोड में वाहनों की नो इंट्री रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर गुरुवार को यात्री समेत सभी तरह के वाहनों के मेन रोड में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि शोभा यात्रा के मार्गों में किसी भी वाहनों की इंट्री नहीं होगी। वाहनों के परिचालन के लिए अलग मार्ग निर्धारित किया गया है। वहीं भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर भी पाबंदी लगायी गई है। शोभा यात्रा को लेकर शहर में 66 स्थानों पर ड्रॉप गेट व स्लाइडिंग बैरियर लगा गयी है। इसमें 12 स्थानों पर स्लाइडिंग बैरियर और 54 जगहों पर ड्रॉप गेट शामिल है। ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिन स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाया गया है, उस मार्ग से वाहनों का आवागण पूरी तरह से बंद रहेगा। रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर बुधवार से ही जिलेभर में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मेन रोड, कर्बला चौक, एकरा मस्जिद चौक, अपर बाजार, लालपुर आदि वैसे स्थान जहां से शोभा यात्रा गुजरेगी, उन मार्गों पर रैफ और जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। संबंधित इलाके के थानेदार इसकी मानेट्रिंग कर रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर तीन हजार से अधिक फोर्स तैनात हैं। इसमें झारखंड जिला बल, रैफ, आईआरबी, जिला पुलिस के अलावा होमगार्ड के जवान शामिल हैं। इसके अलावा तीन सौ दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्त की गई है।

### 620 जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे

रामनवमी शोभायात्रा की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था 620 सीसीटीवी कैमरों के जरिये की जाएगी। जिन मार्गों से शोभायात्रा गुजरती है, उसमें 500 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसमें से 80 कैमरे खराब थे, जिन्हें ठीक करवा दिया गया है। वहीं 120 स्थानों पर नए सीरे से कैमरे लगाए जा रहे हैं। पर्व को देखते हुए एक महीने पहले से ही खराब सीसीटीवी कैमरों की सूची हर थाना क्षेत्रों से मंगवा ली गई थी। इतने कैमरे लगने से शोभायात्रा में हर किसी पर नजर रखने में आसानी होगी।

**कंट्रोल रूम से रखी जाएगी नजर :** पुलिस अधिकारियों के अनुसार सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा का बड़ा हथियार हैं। भीड़ पर नजर रखने के साथ-साथ किसी भी प्रकार का विवाद आदि करने वालों पर कंट्रोल रूम से ही नजर रखी जाएगी और फुटेज देखकर कार्रवाई की जा सकेगी।

# जय भारत सत्याग्रह के तहत नुक्कड़ सभा आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

जय भारत सत्याग्रह के तहत बुधवार को रातू के दलादिली रिंग रोड में नुक्कड़ सभा आयोजिय कर केंद्र सरकार की कु नीतियों और राहुल गांधी के खिलाफ साजिश कर फसाने तथा अडानी के हाथों देश बेचने को लेकर जनता के सामने जनसभा कर जागरूक अभियान चलाया गया। इस बीच नरेन्द्र मोदी मुदार्बाद, अडानी अम्बानी की गुलामी करना बंद करो कि जमकर नारे लगाये गये। कार्यक्रम में मुख्य रुप से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अजय नाथ शहदेव रातू के प्रभारी शिव कुमार भगत ग्रामीण जिला के अध्यक्ष राकेश किरण महतो, रमेश सहदेव (लालू), मेरी तिर्की ,ईश्वरानंद, मनोज तिर्की, कुशल उरांव , अतुल राज, तुलसी खरवार, अक्लिमा खातून, संजय सरैया, सुरेश साहू संजय कुमार, रश्मि पी गोवा, अनुल हक, फिरोज अंसारी, महताब आलम आदि लोग सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा, तैयारियां पूरी



नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

श्री राम नवमी पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वाधान में बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में मंगलवार की रात अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता के दौरान अखाड़ा धारियों ने हैरतअंगेज खेल से लोगों का मन मोह लिया । देर रात चली कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों ने विभिन्न अखाड़ा धारियों के साथ मिलकर आकर्षक झांकी निकाली और अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता का आयोजन किया । देर रात कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों में बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, पुर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय, संरक्षक महावीर गोप समेत श्री राम नवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष जगन्नाथ भगत, सचिव विश्वनाथ गोप, नवदीप कुमार महतो के साथ मिलकर संयुक्त रूप से लाठी खेल कर किया। इस दौरान जय श्री राम और बजरंग बली की जय जैसे उद्घोष से बेड़ो गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में करांजी, खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी, फादिलमार्चा, मासू, मुड़ामू, जरिया कटरमाली, टेंगरिया, चचगुरा, गढ़गांव, पूरियो, केशा, करगिल चौक देवीटोला बेड़ो, गायत्री नगर समेत कई गांव की टीम कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए अस्त्र शास्त्र चलन प्रतियोगिता मैं हैरतअंगेज प्रदर्शन करते नजर आए । देर रात तक बेड़ो के महादानी मैदान में रामनवमी की झांकी और अस्त्र-शस्त्र परिचालन के दौरान भारी उत्साह और उल्लास देखा गया। अस्त्र शास्त्र चलन प्रतियोगिता के विजेता टीमों को रामनवमी पूजा महासमिति की ओर से राम नवमी पूजा के दौरान जुलूस व झांकी प्रतियोगिता के बाद दी जाएगी।

### इक्फाई विवि में पेरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन

# विभिन्न स्थानों से अभिभावकों ने भाग लिया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोविद-19 महामारी के बाद पहली आमने-सामने की बैठक में माता-पिता और छात्रों का स्वागत करते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओआरएस राव ने कहा, 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा कड़ाई से नियमों के अनुसार कक्षाएं और परीक्षाएं आयोजित की गईं। शैक्षणिक कैलेंडर और परिणाम समय पर घोषित किए गए। अंतिम मध्य सेमेस्टर परीक्षा में औसत प्रदर्शन के साथ छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। 2023 में स्नातक करने वाले छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट का उल्लेख करते हुए, प्रोफेसर राव ने कहा कि अब तक, 85% से अधिक एमबीए छात्रों और 50% बीसीए छात्रों को विप्रो, टीसीएस, कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजीज, क्रिप्टो टेक, थॉमस कुक, रिलायंस रिटेल, मैक्स फैशन, बजाज फाइनेंस, फुलर्टन फाइनेंस, अग्रवाल पैकर्स आदि। जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं। अगले एक महीने में कैंपस प्लेसमेंट के लिए और कंपनियों के आने की उम्मीद के साथ, हमें विश्वास है कि हम 100% कैंपस प्लेसमेंट हासिल कर लेंगेह्व। प्रोफेसर राव ने कहा कि 'छात्रों को कैरियर परामर्श प्रदान किया जाता है और हमारे संकाय सदस्यों द्वारा लिखित परीक्षा, समूह चर्चा, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि में प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे उद्योग- तैयार हो सके, छात्रों के कैरियर विकास को विश्वविद्यालय और अभिभावकों का संयुक्त प्रयास बताते हुए उन्होंने अभिभावकों से सहयोग का अनुरोध किया।

# जोहार परियोजना के तहत बाजार में खुला ग्रामीण व्यापार केन्द्र




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जोहार परियोजना के द्वारा संचालित महिला जाग्रति प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड एफ.पी.सी द्वारा अंतर्गत आत्म निर्भरता को बढ़ावा देने व महिलाओं द्वारा स्थापित/ संचालित किसान उत्पादन कंपनी के तहत सिमडेगा के बाजार टांड़ स्तिथ रानी दुर्गावती आश्रयगृह में ग्रामीण व्यापार केंद्र सह जोहार एग्री मार्ट का उत्घाटन उप विकास आयुक्त सिमडेगा अरुण वालटर सांगा द्वारा एवम कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के उपस्थित में किया गया ।महिला जाग्रति प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड एफ.पी.सी द्वारा स्थापित इस मार्ट में उन्नत कृषि की बढ़ावा देने बाजार से कम दर पर सामान उपलब्ध कराने की कवायद की गयी है. उपलब्ध सेवाओं में उत्तम खाद बीज, कृषि यंत्र सुविधा, मौसम की जानकारी, बाजार सुविधा, मिट्टी जांच, मछली, पशु चारा आदि शामिल हैं ।जोहार एग्री मार्ट में मार्केट से उचित मूल्यों में बीज ,कृषि सामग्री प्राप्त कर सकेंगे एवं लाभ वापस किसानो को लाभांश के रूप में प्रदान किया जाएगा साथ ही साथ बिचौलिए से किसानो को बचाना भी एक मुख्ये उद्देश्य है जिसका सीधा लाभ किसानो प्राप्त होगा। यह किसान उत्पादन कंपनी सिमडेगा जिला के तीन प्रखंड सिमडेगा,कुरडेग और केरसिए में कार्यरत है जो किसानो को खाद, बीज व अन्य कृषि सम्बंधित सुविधा प्रदान करना एवम बजार उपलब्ध कराने में प्रयासरत है ।इस दौरान, डीपीएम जेएसएलपीएस मनीषा सांचा, क्षेत्रीय परियोजना पदाधिकारी जेएसएलपीएस, राज्य कार्यालय से क्षेत्रीय परियोजना पदाधिकारी सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

### पूर्व बीडीओ के तीन वेतन वृद्धि पर लगी रोक

**रांची।** कोडरमा जिले के डोमचांच के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरुद्ध दिए गये दंड तीन वेतन वृद्धि की रोक को यथावत रखा गया है। कार्मिक विभाग ने उनके अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत कर दिया है ओर संचायात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि की रोक को बरकरार रखा है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। उनके विरुद्ध 2018 में ही कोडरमा उपायुक्त ने प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। अनियमितता के आलोक में संदिग्ध मामलों के सत्यापन कराने के लिए निर्देश के बावजूद कोई कदम नहीं उठाने के आरोप हैं। पंचायत सेवक सहदेव यादव द्वारा नियमितता को संज्ञान में लाने पर उसका स्थानांतरण कर देने, कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार सिन्हा को कार्य से हटाने के निर्देश के बावजूद उनसे कार्य कराने एवं तेतरियाडीह पंचायत के लाभुकों से निबंधन में पंचायत सेवक से नियमानुसार निबंधन कार्य न करवाने संबंधित पांच आरोप प्रतिवेदित किए गये थे।

### रांची में रामनवमी पर 31 मार्च तक बदली ट्रैफिक व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में गुरुवार को रामनवमी शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट तय कर दिया है। 30 मार्च को मेन रोड में दिन के एक बजे से वाहनों के प्रवेश पर रोक है। इस दौरान सुबह आठ बजे से 31 मार्च सुबह छह बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश शहर में बंद रहेगा। इधर, रामनवमी की पूर्व संध्या पर विभिन्न अखाड़ों की ओर से झांकी निकाली जाती है। अगले दिन चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन भी होता है। इसलिए 29 मार्च को झांकी के कारण शाम चार बजे से 30 मार्च की सुबह छह बजे तक शहीद चौक की ओर से महावीर मंदिर चौक व अपर बाजार महावीर चौक तक तथा किशोरी यादव चौक से महावीर मंदिर चौक की ओर सामान्य वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही शाम चार बजे से सुबह छह बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। सभी भारी वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे। एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक, अपर बाजार से शहीद चौक, जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, चडरी तालाब से अलबर्ट एक्का चौक, चर्च रोड से मेन रोड, वूल हाउस के पास से मेन रोड की तरफ, पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ, विष्णु सिनेमा मार्ग से, पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैंड की ओर सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सर्कुलर रोड से आनेवाले वाहन जेल चौक तक ही जा सकेंगे। थड़पखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। कर्बला चौक से रतन पुलिस पोस्ट, पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आनेवाले सामान्य वाहनों का मेन रोड में प्रवेश बंद रहेगा।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत, शोक

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के असरो पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे सड़क निर्माण कंपनी आरकेडी की ट्रक नं ओडी 14 एन 3409 ने सांई मंदिर रोड बेड़ो निवासी समाजसेवी देवनिश तिग्गा के पिता सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त 73 वर्षीय बाइक सवार जेवियर तिग्गा को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर एएसआई प्रवीण कुमार तिवारी सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव व ट्रक को अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले लाई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार बेड़ो से भरनो की जा रहे थे। इसी दौरान असरो पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। मृतक के पुत्र देवनिश तिग्गा ने बताया कि उनके पिता अपने घर से सुबह ग्यारह बजे भरनो जाने की बात कह कर निकले थे।

आस्था

### अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित

# भक्ति का पर्व है रामनवमी : रोहित



नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संरक्षक निशीथ जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसओ अमित बेसरा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार समेत अन्य ने विधिवत शुरूआत की। सभी राम भक्तों को सम्बोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि हमारी आस्था, अटूट श्रद्धा और विश्वास का पर्व रामनवमी की अग्रिम बधाई देता हूँ। भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व रामनवमी में सभी लोग उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारे। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान मंदिर में नारियल फोड़कर और दीप जलाकर की गई। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंग बली की आरती अतिथियों ने की। इसके बाद मोटिया संघ के संस्थापक सदस्य स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की फोटो पर माल्यार्पण के बाद मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव, एसडीओ, एसडीपीओ , डीएसओ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा लाठी खेलकर खेल का शुभारंभ किया गया। कमिटी के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा कि मोटिया संघ का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे पिता स्व प्राण प्रसाद जायसवाल कई वर्षों से कमिटी की सेवा करते रहे है। उनके बाद मैं उन्ही के पद चिन्हों पर चलकर आगे भी अच्छा करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित साहु, पूर्व अध्यक्ष सह जिप सदस्य किस्को संदीप कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, डॉ गणेश प्रसाद, खेल प्रशिक्षक संजय नायक, दीपक जायसवाल, संतोष कुमार महतो, सरोज प्रजापति ,अशोक रजक,रितेश कुमार, सचिव कुमार, संदीप मिश्रा,ओम प्रकाश लकी,ललित ठाकुर, प्रमोद प्रजापति,मोटिया संघ के पदाधिकारी में उदय नायक, रंजीत महली, प्रदीप सिंह, बिनोद महली,नवल नायक, अजय नायक, जागेश्वर साहू, मोहन दुबे, राजीव रंजन, रमेश साहू, नागेंद्र प्रजापति समेत बड़ी संख्या में सभी अखाड़ो के रामभक्त उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की जिला स्तरीय की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में कुल 32 मामलों की समीक्षा हुई जिनमें आंख की बीमारी, ब्लड कैंसर, पथरी, लकवा, नस की बीमारी, किडनी संबंधी बीमारी, सियाटिका जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों के आवेदन शामिल थे। इसमें बीमारी अनुसार सहायता राशि भुगतान संबंधी निर्णय लिये गये व भुगतान हेतु आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। कहा गया कि जल्द से जल्द भुगतान की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डॉ डीएन सिंह, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बीरेंद्र उरांव उपस्थित थे।

# रामनवमी पर सात क्षेत्रों में होगी विशेष निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राज्य में रामनवमी पर्व को लेकर सौहार्द के माहौल में त्योहार संपन्न कराने की तैयारी पुलिस व प्रशासन की ओर से पूरी की जा चुकी है। लोहरदगा जिले के सात सात थाना क्षेत्र को 27 जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में एक मजिस्ट्रेट और डीएसपी रैक के पुलिस पदाधिकारी को लगाया गया है। थाना क्षेत्र में स्थित जो जोन है उसमें एसआई और एएसआई को तैनात किया गया है। जिले के सात थाना क्षेत्र में 189 संवेदनशील इलाकों की विशेष चौकसी की जायेगी। लोहरदगा थाना को चार जोन में बांटा गया है। थाना क्षेत्र में स्थित संवेदनशील 32 मोहल्ला और गांव की विशेष निगरानी की जायेगी। कुडू थाना को चार जोन में बांटा गया है। 28 संवेदनशील मोहल्ला और गांव की विशेष निगरानी की जायेगी। किस्को थाना को तीन जोन में बांटा गया है। 24 संवेदनशील मोहल्ला और गांव को की विशेष निगरानी की जायेगी। भंडरा थाना को तीन जोन में बांटा गया है। 21 संवेदनशील मोहल्ला और गांव को की विशेष निगरानी की जायेगी।

कैरो थाना को चार जोन में बांटा गया है। 26 संवेदनशील मोहल्ला और गांव को की विशेष निगरानी की जायेगी। बगडू थाना को तीन जोन में बांटा गया है। छह संवेदनशील मोहल्ला और गांव को की विशेष निगरानी की जायेगी। सेन्हा थाना को छह जोन में बांटा गया है। 52 संवेदनशील मोहल्ला और गांव को की विशेष निगरानी की जायेगी। रामनवमी जुलूस पर पुलिस की विशेष नजर होगी। अमनपसंदों के सहयोग पुलिस उपद्रव की मंशा को नाकाम करेगी। अफवाहों पर पुलिस की विशेष नजर है।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चुनाव को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
चेंबर भवन में आगामी 2 अप्रैल 2023 को होने वाले रामगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति के चुनाव को लेकर विनय कुमार अग्रवाल गुट के प्रत्याशियों ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। विनय कुमार अग्रवाल गुट ने बस स्टैंड, मेन रोड, थाना चौक,गोला रोड में जाकर वहां के व्यापारियों व्यवसायियों एवं चेंबर सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि इस सत्र 2023 - 25 में



फिर से नई उम्मीद,नई आशा,नए विश्वास व सभी पुराने साथियों के साथ कर्मठ साहसी, अनुभवी,क्रियाशील संगठित विकास एवं सहयोग में विश्वास रखने वाले आपके दुःख-सुःख में साथ रहने वाले सदस्यों के साथ हम आपके समक्ष है। हम सभी अग्रवाल गुट के उम्मीदवार आपके कदम दर कदम साथ निभाने के इरादे के साथ अनुभवी पहचान वाले जुझारू 15 सदस्यों की टीम के साथ आपके समक्ष उपस्थित होकर आपसे विनम्र आग्रह करते हैं कि आप अपना बहुमूल्य बहुमत व समर्थन हमारी टीम को देकर विजय बनावे जिससे हम रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को और सशक्त एवं मजबूत बना सके जनसंपर्क अभियान में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,आनंद अग्रवाल, सुबोध पांडे,दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह, मनजी सिंह, पंकज प्रसाद तिवारी, विनय कुमार अग्रवाल, अमरेश गणक, गोपाल शर्मा, मनोज चतुवेर्दी उर्फ मानू, विष्णु पोद्दार,भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू,दिनेश कुमार पोद्दार, इंद्रपाल सिंह, पाले संतोष तिवारी, मुरारी लाल अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह,मनजीत सहानी जयप्रकाश सिंह उर्फ जेपी सिंह सरोज कुमार सिंह प्रदीप कुमार गुप्ता, मृत्युंजय केसरी, दीपक जायसवाल शामिल थे।

# रामनवमी का जुलूस आज महावीरी पताकों से पटा शहर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर सहित जिलाभर में रामनवमी पूजा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। पूजा को लेकर लोग तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। वहीं, रामनवमी पूजा को लेकर श्री रामनवमी पूजा महासमिति सहित अन्य समितियों द्वारा आकर्षक और भव्य झाकियों का निर्माण करवाया जा रहा है। कारीगर झाकियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इधर, 30 मार्च को मनाये जाने वाले रामनवमी पूजा को लेकर पूरा शहर महावीरी पताकों से पट गया है। साथ ही लोग प्रतिष्ठानों से अपने अपने पसंद के महावीरी पताके खरीद रहे हैं। ताकि 30 मार्च को ध्वजारोहण कर सकें। रामनवमी पूजा का जुलूस 30 मार्च की शाम में शहर में निकलेगा। जुलूस को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। ताकि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो।

## रामनवमी पूजा को लेकर श्री महावीर मंडल की बैठक



**रामगढ़।** रामनवमी पूजा मनाने को लेकर श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती की बैठक छठ तालाब के समीप संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नरेश प्रसाद ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने व शांतिपूर्ण तरीके से झांकी व जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सभी लोगों ने पूजा की सफलता का लेकर अपने-अपने अनुसार राशि प्रदान किया। बैठक में अध्यक्ष नरेश प्रसाद, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, आनंद शर्मा, अमित साहू, सचिव शुभम साहू, सह सचिव अभिषेक कुमार, विनोद साहू उर्फ नागराज, विक्की ठाकुर, सागर ठाकुर के अलावे पंडित यमुना पांडेय, अरविंद साहू, रतन प्रसाद साहू, मनीष कुमार, संजय मंडल, रवि ठाकुर, अजय ठाकुर, संदीप साहू, संदीप मेहता, गोविंद ठाकुर, सुनील मेहता, राहुल साहू, भरत साहू, चंदन केशरी, बंटी केशरी, रूपेश केशरी, किशन गुप्ता, पवन कुमार, सुमित कुमार, सचिन कुमार, दशरथ प्रसाद, शेखर साहू, विटटू कुमार, अमित साहू आदि मौजूद थे।

## 30 और 31 मार्च को विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित, सहयोग की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रामनवमी के शोभायात्रा को देखते हुए 30 और 31 मार्च को प्रखंड में विद्युतापूर्ति बाधित होगी । जानकारी देसहायक विद्युत अभियंता सौरभ लिंडा ने दिया । बताया कि रामनवमी के अवसर पर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, चौपारण एवं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बरकट्ठा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में झंडा और शोभायात्रा निकाले जाते है । कई स्थानों पर झंडे एवं झांकी की ऊंचाई अधिक होने के कारण झंडे का विद्युत तारों में सटने का खतरा बना रहता है । जिससे जान माल की क्षति की संभावना बनी रहती है । सुरक्षा के दृष्टिकोण से अधिक भीड़- भाड़ वाले क्षेत्रों में झांकी के दौरान गुरुवार और शुक्रवार विद्युत आपूर्ति बंद की जाएगी । जिसे जुलूस या झांकी के बाद स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर ली जाएगी । विद्युत आपूर्ति बंद करने का समय लगभग अपराह्न 3:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक होगा । जो क्षेत्र विशेष के आधार पर अलग हो सकता है। ।

## योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक के लिए सेमिनार का आयोजन

**रामगढ़।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को चितरपुर प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर उदय कुमार एवं अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजूर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया । सेमिनार के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं/ सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। वहीं, सभी को कहीं पर भी बाल विवाह ना होने देने एवं कहीं से भी इसकी सूचना मिलने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन, नजदीकी थाना आदि में देने की अपील की गई।

## हरि के गुणगान से मिलती है शांति : पूर्व विधायक




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत कोनहारा खुर्द के मेरमगड्डा में ग्रामीणों के द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर चौबीस घंटे का अखण्ड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कीर्तन मण्डली के साथ कीर्तन कर परिक्रमा किया। उन्होंने कहा कि हरि के गुणगान से मन को शांति मिलती है। लोगों को समय निकालकर हरि का नाम जपना चाहिए। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक, मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र कुमार, धनेश्वर यादव राजकुमार चौधरी,शम्भु यादव धनेश्वर यादव, प्रमोद पासवान, बिनोद पासवान,भोला दास, संतोष पासवान, सीकू मांझी, मोहन दास, बबुनी मांझी, बिजय दास, धनीराम मांझी, लालमोहन प्रसाद, आदित्य सिंह, सुनील पासवान,सामंतो कुमार,शंकर पासवान मुकेश पासवान,संजय दास, रोहित यादव समेत अन्य ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच किया पोशाक का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेचकपी में मुखिया रीता देवी ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। मौके पर मुखिया रीता देवी ने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के प्रति हर संभव मदद दिया जा रहा है। अभिभावकों का भी दायित्व बनता है कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। साथ ही बच्चों को पोशाक में स्वच्छता पूर्वक स्कूल भेजें ताकि बच्चों को भी पढ़ाई लिखाई में मन लगे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव, उपाध्यक्ष जासो देवी,रंजू देवी,शिक्षक प्रदीप मेहता,सुखदेव हांसदा, रामचंद्र साव समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोडरमा : नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**कोडरमा।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने सजा सुनाई। बुधवार को अभियुक्त अमरदीप कुमार उर्फ ननकू, उम्र 28 वर्ष, पिता रामेश्वर साव, झंडा मोहल्ला जयनगर जिला- कोडरमा निवासी को पोक्सो 6 एक्ट के तहत दोषी पाया गया। बुधवार को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 25 हजार जुमार्ना भी लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। जयनगर थाना में दुष्कर्म के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आवेदन में कहा गया था कि जब घर में अकेली होती थी तब पड़ोस मे ही रहने वाला अमरदीप कुमार अकेली देख घर में घुस जाता और दुष्कर्म करता। आरोपी धमकी देता था कि यदि किसी को बताओगी तो तुम्हारे इकलौते भाई की हत्या कर देंगे। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया। सुनवाई के दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया।

## विवेकानंद कॉन्वेंट में फाइनल रिजल्ट घोषित

**कोडरमा।** कोडरमा के चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान विराट कुमार, द्वितीय स्थान अनुज कुमार, तृतीय स्थान वैभव कुमार। कक्षा एलकेजी से प्रथम स्थान शुभम कुमार, द्वितीय स्थान आदित्य गुप्ता एवं तृतीय स्थान काव्या कुमारी। कक्षा यूकेजी में प्रथम निशा गुप्ता, द्वितीय स्थान शिवकुमार एवं तृतीय काजल कुमारी. कक्षा एक में प्रथम रौनक कुमार, द्वितीय दीपक कुमार एवं तृतीय सत्यम कुमार, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान सकलदेव दास, द्वितीय स्थान इस्तकार अंसारी एवं तृतीय स्वीटी कुमारी। कक्षा तृतीय में प्रथम ऋषि गुप्ता, द्वितीय आर्यन कुमार एवं तृतीय अभिनीत कुमार। कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान राज प्रिंस, द्वितीय प्रतीक कुमार एवं तृतीय तनवीर आलम। कक्षा पंचम में प्रथम तान्या कुमारी, द्वितीय कृष्णा कुमार एवं तृतीय खुशी रानी।

### रामनवमी को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी

## बरही : 32 अखाड़ों को मिला लाइसेंस, निकाला फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
महारामनवमी के मद्देनजर प्रशासनिक तैयारियां पूरी की जा चुकी है । बुधवार को फ्लैग मार्च निकालकर प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित और शांतिपूर्ण त्योहार मनाने का संदेश दिया । फ्लैग मार्च में एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी सहित सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे । जो शहर के चारो प्रमुख मार्गो सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया । विदित हो कि रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद । इसे लेकर प्रशासन ने जगह जगह शांति समिति की बैठक कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील किया है । थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड में कुल 32 अखाड़ा धारियों को रामनवमी के लिए लाइसेंस निर्गत किए गए । जो अपने निर्धारित मार्ग से शोभा यात्रा प्रशासन की निगरानी में जारी गाइडलाइंस के अनुसार निकालेंगे । इसकी निगरानी के लिए 300 अतिरिक्त पुलिस बल मंगाए गए हैं । दुलमहा, लखना, करियातपुर, बरसोत, रसोईया धमना आदि विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बल प्रतिनियुक्ति किए जा चुके है। इसके साथ ही क्यू आर टी पार्टी भी तैनात रहेंगे ।

## बरही में आज निकलेगी शोभायात्रा, तैयारियां पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
महापर्व रामनवमी ने बरही सहित आसपास के क्षेत्रों को भगवामय और राममय बना दिया है । जय श्री राम और जय बजरंगबली के नारों के बीच ताशा की झंकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो चुका है । मंगलवार को पूरे जोश के साथ राम भक्तों ने अंतिम और तीसरा मंगला निकाला । इस मंगला जुलूस में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव तलवार और बजरंगी गदा लहरा कर राम भक्तों का मनोबल दोगुना कर दिया । देर रात मंगलवार को निकली मंगला जुलूस में जीप उपाध्यक्ष किशून यादव सहित महा समिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे । मंगला जुलूस की निगरानी के लिए एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवासिश टोप्पो सहित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार देर रात तक दल बल के साथ जुलूस के साथ जमे रहे। अखाड़ा समितियों ने पदाधिकारियों को भगवा गमछा देकर सम्मानित भी किया गया । गुरुवार को रामनवमी का शोभा यात्रा निकाला जायेगा । इसे लेकर सभी अखाड़ा धारियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है । प्रशासनिक स्तर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ।

## महाअष्टमी पर पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं नें मां महागौरी का दर्शन करने एवं प्रसाद चढ़ाने के लिए उमड़ पड़े ।इस दौरान भक्तो ने आस- पास के मंदिरों में पूजनकर व प्रसाद चढ़ाकर मनोकामना पूर्ति की कामना की। प्रखंड क्षेत्र के बड़ासिंगा मंदिर में पूजन कर रहे पुजारी राजेश पांडेय ने बताया की प्रखण्ड क्षेत्र के श्रद्धालुओ में जिस प्रकार से श्रद्धा ओर उल्लास है उससे इस बार का रामनवमी का त्योहार भव्य एवं आकर्षक लग रहा है ।त्योहार को देखते हुए शांति-व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए ।स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है ।कल महानवमी के शुभ मुहूर्त पर बजरंग दल के तत्वावधान में रामभक्तों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी । वही विहिप और बजरंग दल के तत्वाधान में बाइक रैली बरकट्ठा चौक से गोरहर थाना, गोरहर थाना से कोनहरा और वहॉ से बुढ़िया माता मंदिर में बाइक रैली का समापन किया जाएगा ।इस आशय की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव के द्वारा दिया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बेलकप्पी बड़ासिंगा, शिलाडीह, गोरहर, कलहाबाद, सलैया, बेड़ोकला, झुरझुरी आदि गांवों में सोहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाया जा रहा है

## नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
नमामि गंगे योजना के तहत 16 मार्च से 31 मार्च तक की अवधि को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न विद्यालयों द्वारा जिला स्तरीय वाद-विवाद व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से कक्षा 6 से 11 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में कक्षा 6 से 8 के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्क्रमित हाई स्कूल मांडू से कक्षा 8 की खुशबू कुमारी प्रथम, मध्य विद्यालय रामगढ़ कक्षा 7 के प्रीतम कुमार द्वितीय, मध्य विद्यालय नयानगर पतरातू कक्षा 7 की रुखसाना परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 9 से 11के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में एस एस +2 हाई स्कूल गोल के कक्षा 9 प्रियांशु चंद्र पोद्दार प्रथम स्थान, के के सी +2 हाई स्कूल सयाल के कक्षा 9 के सन्नी कुमार मेहता द्वितीय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मांडू की कक्षा 9वीं की दीपिका कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया । 6 से 8 के बीच हुई वाद विवाद प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय कोइरिटोला की कक्षा 8 की कुसुम कुमारी ने प्रथम स्थान, राजकीय मध्य विद्यालय सौंदा की कक्षा 8ई की पूजा मुखर्जी द्वितीय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोडाकरम की कक्षा 7 के मदन हसदा तृतीय स्थान प्राप्त किया' वहीं, कक्षा 9 से 11 के बीच हुए वाद विवाद प्रतियोगिता में डॉ राममनोहर लोहिया उच्च विद्यालय बोंगाबार के कक्षा 9 की रिया कुमारी ने प्रथम स्थान, गांधी स्मारक +2 विद्यालय रामगढ़ के कक्षा 11 की अंशु कुमारी द्वितीय, के.के.सी. +2 विद्यालय सयाल के कक्षा 9 के सोहेल अंसारी तृतिय स्थान प्राप्त किया।

**पूजा-अर्चना**

### हुहुआ ऊपर टोला में दो दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

# कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक व महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के हुहुआ के ऊपर टोला में आयोजित श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन 29 मार्च को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, नगर भ्रमण आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलश यात्रा का जत्था मंदिर से बड़की नदी तक गया। जहां पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर एवं कलश में जल भरकर पुनः मंदिर की ओर श्रद्धालु प्रस्थान किए और कलश को विधि पूर्वक स्थापित किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद



उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, वार्ड पार्षद रोशन कुमार, समाजसेवी राजेंद्र महतो उपस्थित हुए। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं, कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करते है वहां की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। जिनके तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते है। मौके पर बैजनाथ राम सपत्नी, कामेश्वर महतो, उमेश महतो, प्रदीप राम, सुनील राम, कुलदीप राम, अनिल राम, अरुण रविदास, प्रकाश रविदास, सन्नी कुशवाहा, आकाश राम सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अधेड़ की कुआं में गिरने से हुई मौत

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों मलंगटोली में बुधवार को मलंगटोली निवासी गौरी उरांव के 55 वर्षीय पुत्र जगरनाथ उरांव उर्फ जग्गा की मौत कुआं में गिरने से मौत हो गई। घटना की जानकारी भंडरा पुलिस को दिया गया पुलिस पहुंचकर शव को कुआं से ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में शिव मंदिर बरवाटोली प्रथम

**लोहरदगा।** बरवाटोली चौक में नवयुवक मोटिया संघ द्वारा आयोजित अस्त्र शस्त्र चालान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में शिव मंदिर बरवाटोली प्रथम आया जिसे 21000 नगद और सील्ड देकर सम्मानित किया गया। वही न्यू अखरा टोली सेरेंगघातु द्वितीय रहे जिसे 11000 नगद और सील्ड, अम्बेडकर नगर तृतीय जिसे 7100 नगद और सील्ड देकर सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में मोटिया संघ जूनियर प्रथम आया जिसे 11000 नगद और सील्ड, संकट मोचन हनुमान मंदिर द्वितीय जिसे 7100 नगद व सील्ड, सुनहला संघ तृतीय, जिसे 5100 नगद और सील्ड देकर सम्मानित किया। बाजा प्रतियोगिता में सुनहरा संघ प्रथम, बड़ा बाजा में बाउली बगीचा द्वितीय छोटा बाजा और सभी अखाड़ों को सांत्वना पुरस्कार में एक एक तलवार देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

### रांची-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर फिकपानी के समीप फिर पलटा ट्रक

**कोलेबिरा।** सिमडेगा मुख्य पथ एनएच-143 पर फिकपानी के समीप अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा। फिकपानी के समीप तीखी मोड़ होने के कारण इस जगह पर ट्रक पलटने का सिलसिला जारी रहता है। एक ट्रक उठता है और दूसरा फिर से उसी स्थान पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। इस ब्लैक स्पॉट दुर्घटनाग्रस्त जगह पर रोड सेफ्टी और पथ परिवहन विभाग के द्वारा दुर्घटना रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत जिससे कि दुर्घटना को रोका जा सके।

### ईट भट्ठा व लाह फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों का निबंधन

**सिमडेगा।** श्रम अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर बुधवार को जलडेगा प्रखंड अंतर्गत पतिअम्बा बस्ती टोली स्थित राजेश अग्रवाल के ईंट भट्ठा और लाह फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों ने श्रम विभाग में निबंधन के लिए आवेदन जमा किया। ज्ञात हो कि श्रम अधीक्षक सिमडेगा पुनीत मिंज के निर्देशानुसार मार्च 2023 तक सभी ठेकेदार/भट्ठा मालिक/लाह फैक्ट्री संचालक/ट्रैक्टर मालिक अपने यहां काम करने वाले मजदूरों का हर हाल में निबंधन कराना अनिवार्य है। इसके बाद अप्रैल माह से पूरे क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जायेगा। वहीं जांच के क्रम में बिना निबंधित मजदूर काम करते पाए जायेंगे तो संबंधित मालिक/संचालक के ऊपर कारवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को भी श्रम विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में मना पोषण पखवाड़ा

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के किलेसेरा सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन। इस मौके पर बताया गया की बोलबा प्रखंड में पोषण पखवाड़ा के तहत सुपोषण दिवस, गोद भराई, मुंह जूठी, वृद्धि निगरानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रंगोली एवं पेंटिंग भी किया गया। बताया गया कि बोलबा प्रखंड के कुल 48 आंगनबाड़ी केंद्र में एक पखवाड़े तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज, बाल विकास सुपरवाइजर सुनीता बरला सभी कार्यक्रमों की निगरानी कर रहे हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# लोहरदगा में हर तरफ लहरा रहे भगवा झंडे

## माहौल हुआ भगवामय, रामनवमी पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

जिले में श्रीरामनवमी पर्व को लेकर हर्ष एवं उत्साह का माहौल बना हुआ है। चारो ओर भक्ति एवं उमंग छाया हुआ है। हर तरफ भगवा ध्वज-पताके लहरा रहे हैं। लोहरदगा के सभी चौक-चौराहों पर रामभक्तों ने भगवा ध्वज लगाए हैं। रामनवमी के दिन शहर में भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी विशेष तौर पर पूरी कर लिया गया है। पूरे शहरी क्षेत्र में सनातन हिन्दू समाज के लोगों ने भगवा ध्वज लगाया है। नगर में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और जय श्री राम समिति के युवा कार्यकताओं ने रामनवमी की तैयारी की है। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगी। सभी दुकानों और घरों के छत पर लगभग दो हजार से अधिक भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व मनाने की तैयारी पूरी कर लिया गया है। शहर के बरवाटोली, महावीर चौक, गुदरी बाजार आदि स्थानों में लहराते महावीरी झंडा ,पताका, फ्लैक्स और बड़े -बड़े कट आऊट से पट गए हैं। शहर के हर गली





मोहल्ले चौक पर महावीरी झंडा और पताके लहरा रहे हैं। राम भक्त अपनी क्षमता के अनुसार बड़े-मंझोले महावीरी पताका रोड किनारे लगा चुके हैं। घर-घर में महावीरी पताका लगाने के लिए पिछले तीन दिनों से झंडा और बांस की खरीदारी में जुटे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हर सुबह ग्रामीण बांस ला रहे हैं। देखते-देखते बांस की बिक्री हो जा रही है। इसी प्रकार महावीरी झंडे की बिक्री में तेजी आ गई है। झंडा-पताका से सजी दुकानों पर खरीदारों का जमघट लगा रहा। झंडों पर जय श्रीराम और जय हनुमान अंकित हैं । सुबह और शाम में अखाड़ा जम रहे हैं। भजन-कीर्तन के कैसेट बज रहे हैं। शस्त्र चालन का अभ्यास चल रहा है। अखाड़ों और घरों से जय श्रीराम-जयश्री राम के जयकारे लग रहे हैं। न सिर्फ शहर बल्कि ग्रामीण इलाकों में शहर के दोनों किनारों पर महावीरी पताके लगाए गए है। सैकड़ों की संख्या में जय श्री राम लिखे पताके सड़क किनारे पर लगा दिए गए हैं। इधर प्रशासन की ओर से भी श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर निकलने वाली शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी कर ली गई है। सभी प्रमुख चौराहों के अलावा मुख्य जगहों पर दंडाधिकारी व पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। शोभायात्रा के साथ साथ चलने के लिए भी मजिस्ट्रेट व पुलिस जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा

रामनवमी के मौके पर गुरुवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। रामनवमी के मौके पर भगवान श्रीराम के साथ उनके प्रिय भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना होगी। घर और शहर के मंदिरों में महावीर झंडा फहरा कर पवनपुत्र की आराधना होगी। त्योहार के एक दिन पहले घर, मंदिर से लेकर शहर की चौक चौराहे तक में विशेष चहल-पहल रही। त्योहार को लेकर प्रमुख हनुमान मंदिरों की रंगाई-पुताई कर उसे चकाचक कर दिया गया है। रामनवमी और नवरात्र को लेकर फल की खरीदारी के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इधर फल की थोक और खुदरा दुकानों पर दिनभर गहमागहमी बनी रही।

### रामनवमी को लेकर भगवा ध्वज की बढ़ी मांग

श्री रामनवमी पर्व को लेकर जिले के लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है। रामनवमी पर्व को लेकर बाजार में भगवा ध्वज की मांग बढ़ गई है। जबकि अधिकांश युवा भगवा रंग का गमछा बाजार में खरीद रहे हैं। कपड़ा की दुकानों पर भगवा रंग का गमछा खरीदने के लिए अधिकांश युवा ही पहुंच रहे हैं। बाजार भी भगवा ध्वजों से सज गया है। दुकानदारों ने भगवा ध्वजों की दुकानें सजा ली हैं, जहां जय श्रीराम लिखे हुए भगवा झंडों की जमकर बिक्री हो रही है। दुकानों में 10 से लेकर 2000 रुपये तक के भगवा ध्वज उपलब्ध हैं।

## प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन, रामेश्वर उरांव ने कहा

# पढ़ने का उद्देश्य खुद को जागरूक करना होता है

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के घाघरा प्रखंड में लगे स्वास्थ्य शिविर में बुधवार को झारखंड के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पहुंचे। उन्होंने घाघरा स्थित प्रखंड स्तरीय महात्मागांधी पुस्तकालय का उद्घाटन किया। साथ ही पुस्तकालय का निरीक्षण किया और यहां पढ़ने आयी छात्राओं से भी मुलाकात की।

उरांव ने कहा कि पढ़ने का उद्देश्य खुद को जागरूक करना होता है। पढ़ाई केवल परीक्षा में पास होने के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करने के लिए करें। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय के सभी कमरों को देखा और वहां शानदार व्यवस्था देखकर प्रसन्नता जाहिर की। पुस्तकालय में लड़कों एवं लड़कियों के लिए अलग-अलग फ्लोर का निर्माण किया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई गई है। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर



में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 15 स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा भूमि संरक्षण विभाग, जेएसएलपीएस, आपूर्ति विभाग, निर्वाचन विभाग व कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाये गये थे। इन सभी स्टॉल का मंत्री ने निरीक्षण किया। शिविर में उन्होंने अपना नेत्र जांच भी करवाया।

मंत्री रामेश्वर उरांव ने हरा राशन कार्ड धारियों के बीच पांच किलो के चावल के पैकेट का वितरण के कार्य का शुभारंभ किया। सांकेतिक रूप से टाना भगत समुदाय के योग्य लाभुकों के बीच संबंधित विभागों अंतर्गत योजनाओं का लाभ दिया गया। इसमें पांच टाना भगत महिला समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया गया। पांच से अधिक टाना भगत लाभुकों के बीच पंप सेट का वितरण किया गया। रोटा वेटर, केसीसी लोन, जेएसएलपीएस महिला समूहों के बीच सहायता राशि का भी वितरण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शमदानी, एसडीओ सदर रवि जैन, आईएएस प्रशिक्षु आशीष गंगवार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी सहित सैंकड़ों की संख्या में टाना भगत समुदाय एवं आम नागरिक उपस्थित थे ।

# लोहरदगा में महाआरती के साथ निकला पारंपरिक मंगलवारी जुलूस

### केसरिया झंडा को लहराते हुए ढोल नगाड़ों के साथ भव्यता लिये पहुंचे सभी अखाड़े के लोग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

केंद्रीय महावीर मण्डल के आह्वान पर मंगलवारी जुलूस में मंगलवार की रात नगर के लगभग 30 अखाड़ों का एक साथ मिलन स्थानीय शोक विनाशक संकट मोचन मन्दिर, गुदरी बाजार एवम देवी मण्डप मन्दिर पावरगंज चौक में हुआ। जहाँ भगवान राम एवम बजरंग बली का पूजा पाठ एवम महाआरती की गयी। इस दौरान नगर के सभी क्षेत्रों से आये बजरंगी आखाड़ों द्वारा ढोलकों के थाप एवं नगाड़ों की गूंज के साथ राम धुन व बजरंग बली की जय इत्यादि राग पर बाजा बजाया गया। जिसमे युवाओ द्वारा मदमस्त भक्ति में लीन होकर जब सभी अखाड़े के लोग एक साथ बाजा बजाना प्रारम्भ किये तब अखाड़े में शामिल सभी



सनातन युवा, बच्चे, बुजुर्ग भक्ति में लीन होकर इस प्रकार झूमें, जैसे साक्षात धरती में भगवान राम व बजरंग बली का अवतरण हो गया हो और सभी उनके भक्तिरस में गोते लगाने को आतुर हों। पूरा वातावरण राममय हो चुका था। 05 साल के बच्चों से लेकर 75 साल के बुजुर्गों का उल्लास व उत्साह देखने योग्य था। सभी ढोलक व नगाड़ो के थाप पर भक्तिरस में डूबकर इस तरह आनन्दित होकर थिरक रहे थे, जैसे उन्हें अपने ईष्ट का दर्शन हो गया हो और लग रहा हो कि जीवन के इस पल में जो शुकुन और सुख है, इससे बढ़कर दुनिया का और कि सुख हो ही नही सकता।

शोक विनाशक संकट मोचन मन्दिर, गुदरी बाजार में पहुंचने वाले अखाड़ों में बजरंग दल, अमला टोली, थाना टोली, शास्त्री चौक, रघुनंदन लेन, अंबेडकर नगर, तेतर तर, हटिया गार्डेन, तेवारी दुरा, लहेरी मुहल्ला, बरवा टोली, मोटिया संघ, पुराना शुक्र बाजार के लोग शामिल हुए जबकि देवी मण्डप मन्दिर पावरगंज चौक में कुटमु, ब्रह्मण्डीहा, धोड़ा टोली, किस्को मोड़, नीम मुहल्ला, नव युवक संघ पावरगंज चौक, बाल्मीकि नगर के लोग सहभगिता निभायी।

# महावीर चौक में शो गेम प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

श्रीरामनवमी के अवसर पर मंगलवार की रात्रि महावीर चौक में शो गेम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ बजरंग बली के पूजन के साथ किया गया। श्रीरामनवमी प्रबंधन समिति की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में अखाड़ों के सदस्यों ने विभिन्न धार्मिक प्रसंगो पर शो गेम प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से सनातन संस्कृति के गौरवमयी इतिहास की झलकी नजर आई। मौके पर बजरंगी संघ हरिपुर, महावीर चौक महावीर मंदिर, नीचे बाजार, रामजानकी मंदिर, बाबा कीनाराम, बाबा बैजनाथ, श्रीराम अखाड़ा टोंगरीटोली, यूथ कम्बिनेशन के द्वारा शो गेम प्रतियोगिता खेला गया था। रामजानकी मंदिर के द्वारा राम रावण युद्ध की मनमोहक और जोरदार प्रस्तुति की गई थी। वहीं नीचे बाजार के द्वारा लव कुश के द्वारा राम दरबार में राम कथा का गायन, श्रीराम अखाड़ा टोंगरीटोली के द्वारा माता सबरी और भगवान राम का मिलन, महावीर चौक महावीर मंदिर के द्वारा मां काली द्वारा रक्तबीज राक्षस का वध करना, कीनाराम अखाड़ा द्वारा भगवान शिव के द्वारा राजा दक्ष को सजा देना के प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया था। सभी अखाड़ा के प्रदर्शन को देखकर दर्शक मुग्ध हो गए थे। कार्यक्रम में ओमप्रकाश शर्मा, सतीश सिंह, अशोक जैन, श्रद्धानंद बेसरा, जगदीश गोयल, पूना बेसरा, मुरारी केसरी, सुजान मुंडा, हेमसागर मणिक, विदया बड़ाईक आदि ने उपस्थिति देकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनवमी प्रबंधन समिति के सभी लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रामनवमी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड पर

# एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसओ ने कैरो में की बैठक, लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

रामनवमी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड पर है। त्योहार मे शांति व्यवस्था के साथ सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे इसको लेकर पुलिस प्रशासन लगातार शांति समितियों के साथ बैठक आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाने की अपील किया हैं। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बी एन सिंह, डीएसओ अमित बेसरा , पुलिस इंस्पेक्टर मंटू कुमार दल बल के साथ कैरो मस्जिद मोड़, व हनहट के कई जगहों का निरीक्षण किया इस दौरान कैरो मस्जिद के पास सड़क पर निकलने वाली पानी का अस्थाई समाधान के लिए रास्ते पर गिराए गए डस्ट, बालू का फैलाव को देखा तथा महाबीर मंडल के अध्यक्ष सदस्य,सदर,सेक्रेटरी तथा क्षेत्र के गण्यमान्य लोगो से मिलकर जायजा लिया तथा मिलजुलकर आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जुलूस गुजरने वाले रास्ते को दुरुस्त रखे।



कहीं पर जल जमाव,बालू गिट्टी,गृह निर्माण के सामग्री रास्ते मे रहने न दें जिससे कि जुलूस को गुजरने में कोई समस्या हो। क्षेत्र मे निकलने वाली जुलुसों की जानकारी ली गई ताकि उसी के मुताबिक योजना बनाकर जुलुस को टाइमिंग के अनुसार सकुशल संपन्न कराया जा सके। थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया की ड्रोन कैमरा जुलुस के दौरान क्षेत्र मे रहे ताकि अराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जा सके। वहीं इससे पूर्व प्रखंड परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों एवं रामनवमी ड्यूटी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ बैठक किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को आपसी तालमेल और सूझबूझ के साथ अपना-अपना ड्यूटी क्षेत्र में करने का निर्देश दिया। बैठक में कैरो थाना जॉन क्षेत्र के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने बारी बारी अपने जॉन क्षेत्र मे निकलने वाले रामनवमी जुलूस के बारे में जानकारी दिए तथा जुलूस मार्ग एवं उसमें होने वाली संभावित समस्याओं तथा उससे निपटने के बारे में चर्चा की गई। बैठक को अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ,ऋषिकांत कुमार शर्मा एवं स अ नि उपेंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## कब्रिस्तान घेराबंदी में बिना परमिशन ही हरे भरे काट दिए चार पेड़

**भंडरा।** भंडरा के भैसमुंदो गांव में वन विभाग को बिना सूचना दिए अवैध रूप से जिंदा व हरा पेड़ को कटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज अंसारी ने बुधवार को अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा है कि भैसमुंदो गांव में ईसाई कब्रिस्तान घेरा बन्दी के नाम पर कई हरा पेड़ का कटाई कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि कब्रिस्तान घेरा बन्दी निर्माण के नाम पर लाभुक समिति के अध्यक्ष सुभाष पन्ना, सचिव अर्पण पन्ना एवं कुछ बिचौलिया कल्याण विभाग का रौब दिखाकर चार विशाल हरा- भरा पेड़ को काट कर गिरा दिया है। जबकि घेरा बन्दी निर्माण में काटे गए पेड़ का कोई बाधा नही था। उन्होंने कहा है कि लाभुक समिति एवं विचौलियों के द्वारा वन अधिनियम का धज्जियां उड़ाया जा रहा है। इस मामले को लेकर अंचल अधिकारी से जांच कर लाभुक समिति व विचौलियों कड़ी कारवाई करने की मांग किया गया है।

# मातृ सम्मेलन सह वार्षिक परीक्षा फल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में मातृ सम्मेलन सह वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी रवि प्रकाश, सामाजिक सद्भाव प्रमुख रिंकू अग्रवाल, पूर्व मुखिया बंधु मांझी, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लहरु सिंह और स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र साहू ने दीप जलाकर और मां सरस्वती एवं भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिंकू अग्रवाल ने कहा कि भगवान के साथ इस सृष्टि में मां का स्थान सबसे ऊंचा है। उन्होंने कहा कि मां शब्द शक्ति का केंद्र बिंदु है, और मां के बिना सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केवल शिक्षा ही नहीं लेकिन संस्कार भी सिखाता है और संस्कारवान शिक्षित व्यक्ति ही देश और समाज को ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चो को अपनी संस्कृति और संस्कार की शिक्षा देते हुए बच्चों को शिक्षण कार्य में सहयोग देने की भी अपील की। कार्यक्रम को थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मा ही इस संसार की सबसे बड़ी योद्धा होती है। उन्होंने हमेशा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने और संस्कार के साथ ही जीवन यापन करने की बात कही। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी तीनों भाषा में किया जा रहा था। जो देखते ही बन रहा था। स्वागत भाषण स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र साहू, लहरु सिंह ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान रहा।

## जोश व उमंग | केसरिया झंडा व हनुमान पताका से सजा लोहरदगा, रोहित कुमार बोले

# यात्रा में सनातनी एकता का परिचय दें

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नव युगाबद्ध 2080 के प्रवेश के साथ ही हजारों की संख्या में नववर्ष शोभायात्रा का सफलतापूर्वक संचलन के साथ नवरात्र व रामनवमी महापर्व की शुरूआत में ही पूरा जिला का माहौल धार्मिक व सनातनी हो चुका है। महानवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा की भी तैयारी पूरी कर लिया गया है। केंद्रीय महावीर मंडल के अगुवाई में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय अखाड़ों के सहयोग से हनुमान पताका, तोरण द्वार एवं होर्डिंग लगाकर सम्पूर्ण जिला को राममय




माहौल बनाने में महती भूमिका निभाने का काम किया गया है। नगर के बीआईडी, बरवा टोली, न्यू रोड, वीर शिवा जी चौक, पावरगंज, बाबा मठ, मैना बगीचा, धोड़ा टोली, पतरा टोली, अमला टोली, बड़ा तालाब, थाना टोली क्षेत्र,शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा, तेतर तर, सेरेंगहातु, बदला समेत जिला के विभिन्न क्षेत्र एवं अखाड़ा केशरिया झंडा व हनुमान पताका से सजकर तैयार है। केंद्रीय महावीर मंडल जिला अध्यक्ष रोहित कुमार ने बतलाया कि रामनवमी महापर्व इसबार पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके से तथा धूमधाम से मनाने की तैयारी जोर शोर से किया गया है। अखाड़ों के विशेष सजावट पर विशेष पारितोषिक देकर अखाड़ों को सम्मानित करने का भी निर्णय केंद्रीय महावीर मण्डल ने लिया है। जबकि मेला स्थल में पहुंचने वाले सभी अखाड़ों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस बार की शोभायात्रा हर मायने में ऐतिहासिक होगी। जिला के सभी अखाड़ा सुनिश्चित समय पर महानवमी शोभायात्रा निकालेगी तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में संध्या 6 बजे तक मेला स्थल मैना बगीचा भी पहुंचेगी। केंद्रीय महावीर मण्डल अध्यक्ष ने यह भी अपील किया कि संस्कार और संस्कृति हमारे सनातनी समाज व पूर्वजों द्वारा सौंपी गयी अनमोल धरोहर है जिसे अक्षुण्य बनाये रखना हम सभी सनातनियों का परम एवं प्रथम कर्तव्य है। अतः अपनी संस्कार व संस्कृति के अनुसार बिना किसी व्यसनपान के सभी सनातन बन्धु शोभायात्रा में शामिल हों। सभी शामिल होने वाले सनातनी समाज के लोग केसरिया रंग के सनातनी गणवेश भी धारणकर सनातनी एकता का परिचय दें।

NEWS इन ब्रीफ

## कुकर फटने से महिला घायल



**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दारूडीह निवासी किरण कुमारी उम्र 22 वर्ष खाना बनाने के दौरान कुकर फटने की वजह से कुकर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह किरण किचन में खाना बना रही थी। तभी अचानक कुकर ब्लास्ट हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कुकर ब्लास्ट होने की आवाज सुनकर परिजन जब किचन में पहुंचे तो देखा कि किरण घायल अवस्था में पड़ी हुई है। इसके बाद परिजनों के द्वारा किरण को इलाज के लिए तुरंत मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहा चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

## भारतीय वायुसेना चयन परीक्षा 20 मई से

**मेदिनीनगर।** अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के रूप में नियुक्ति की चयन परीक्षा 20 मई से ली जायेगी। बता दें कि अग्निवीरवायु के लिए पंजीकरण 17 मार्च से शुरू है और अंतिम आवेदन 31 मार्च 2023 को 17:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। भारतीय वायु सेना में नियुक्ति को लेकर सेना के कमान अधिकारी विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी पिछले कई दिनों से पलामू जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में विजिट कर छात्र छात्राओं से संवाद कर अग्निवीरवायु के लिए अभिप्रेरित कर रहे हैं। अभ्यर्थी ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए और आवेदन करने के लिए भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

# टेंडर डालने से रोका तो होगी कार्रवाई : महापौर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर के पास कुछ संवेदको ने आकर शिकायत की है। उन्होंनें कहा कि निगम के बाहर गेट पर टेंडर डालने से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रोका जा रहा। 2 दिनों से टेंडर न डालने की धमकी भी दी जा रही है। जिस पर महापौर ने कड़े तेवर में तुरंत एक्शन लेते हुए सारा टेंडर पेपर संवेदको का लेकर अपने अंगरक्षक के साथ कार्यालय भेज कर डलवा दी। उन्होंनें कहा कि कोई भी रंगदारी निगम में बर्दाश्त नहीं होगा। जो लोग भी टेंडर डालना चाहते है डालें। अगली बार से किसी भी संवेदक को रोका गया तो रोकने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी । महापौर ने यह भी कहा कि जो संवेदक निगम के कार्यों में टेंडर डालना चाहते हैं, स्वतंत्र होकर डालें दिक्कत हो तो डरे नहीं मुझे बताएं टेंडर में कोई समस्या नहीं होगी।

# 30 फुट के रावण का फूंका जाएगा पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व के दौरान महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा सप्तमी को स्थानीय राजेंद्र चौक पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह नगर निगम के वार्ड पार्षदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रामनवमी पर्व में वार्ड पार्षदों के उत्कृष्ट सहयोग के लिए उन्हें साफा बांधकर एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जेनरल अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी पर्व को भव्यता एवं सुंदरता प्रदान करने में मेदिनीनगर नगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों का हर वर्ष बहुत सहयोग मिलता है । पार्षदों के सहयोग के बिना रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता। मौके पर अंजना देवी ,प्रदीप अकेला ,विवेका त्रिपाठी ,राजीव कुमार शुक्ला ,धीरेंद्र पांडे ,निरंजन प्रसाद, बिल्लू सिंह, रोशन कुमार ,राजूराम ,इंद्रदेव राम ,दिलीप कुमार ,चंचला देवी ,मनोज कुमार सिंह सहित कई वार्ड पार्षद इस मौके पर उपस्थित थे। वही,रामनवमी पर भक्तिभाव और हर्षोल्लास से शहर भर में सप्तमी का गोल निकाला। मंगलवार को प्रधान कैप्टन रंजीत चंद्रवंशी की अगुवाई में महावीर नवयुवक दल जेनरल सहित कई रामनवमी समितियों की ओर से शोभा यात्रा निकाला गया। जो कि विभिन्न मुहल्लों से शुरू होकर शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए राजेंद्र चौक पर पहुंचकर समाप्त हुआ। शोभा यात्रा के बाद बुधवार को प्रातः काल रावण के करीब 30 फुट पुतले को गाजे बाजे के साथ राजेंद्र चौक लाया गया एवं तत्पश्चात जेनरल अध्यक्ष जुगल किशोर ने आग जला कर पुतले का दहन किया। रावण का पुतला धूं-धूं कर जल उठा और उसमें लगी आतिशबाजी एवं धर्म की जीत, अधर्म का नाश हो के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। मौके पर जेनरल अध्यक्ष जुगल किशोर, गणेश गिरी ,दुर्गा जौहरी ,बिट्टू पाठक ,बबलू गुप्ता, नागेंद्र कुमार नागिन, सुरेश टाम, रंजित चंद्रवांसी, अभिषेक राज, संजय सिंह उमेश, प्रभात अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार बर्मन, गुड्डू बर्मन, दीपू चौरसिया श्याम जी चौधरी, राजू चंद्रवंशी ,अशोक गिरी मुन्ना कुमार लल्लू ,रामनरेश स्वर्णकार संतोष गुप्ता ,अरविंद गुप्ता,अजीत सिन्हा पंकज शर्मा ऋषि अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# आज श्रीराम जन्मोत्सव, सभी तैयारियां पूरी



**इस वर्ष राम नवमी का पर्व गुरूवार को मनाया जायेगा रामनवमी मध्याह्न मुहूर्त सुबह 11 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट पर समाप्त होगा : पुरोहित ओम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज गुरूवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मउत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इसको लेकर सप्ताह भर पहले से ही बाजार की दुकानें लाल रंग के महावीरी पताकों से सजी है। शहर के सभी चौक चौराहों को सभी मुहल्ले को महावीरी झंडे से जेनरल के द्वारा पाट दिया गया है। हिदु धर्मशास्त्रों के अनुसार चैत्र मास की नवमी तिथि को भगवान श्रीराम का अवतार पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में अयोध्या नरेश राजा दशरथ के घर में हुआ था। यही कारण है कि चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को रामनवमी कहा जाता है। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि इस वर्ष राम नवमी का पर्व गुरूवार को मनाया जायेगा। रामनवमी मध्याह्न मुहूर्त सुबह 11 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर दोपहर 01 बजकर 40 मिनट पर समाप्त होगा।

**पूरे शहरों को सजाया गया :** शहर में रामनवमी पूजा के अग्रणी जेनरल के द्वारा पूरे शहर को सजाया गया है। स्थानीय छह मुहान चौक पर कोलकाता से मंगाए गए लाइट का लेजर शो भी किया जायेगा। वहीं बच्चों के लिये भी लेजर लाइट जैसे ड्रैगन, भीम,डोरेमान जैसे आकृति को लगाया गया है। जिसमें लाइट के माध्यम से करतब दिखाया जायेगा। शहर के सभी प्रमुख चौक चैराहों में लाइट का उत्तम व्यवस्था किया गया है। आज नवमी के अवसर पर रामनवमी कमेटियों और संघो के द्वारा रथ,शोभायात्रा भी निकाला जायेगा । साथ ही बाहर से आये कलाकारों का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

**दो दर्जन से अधिक है पूजा समिति :** इस वर्ष तीन दर्जन से अधिक पूजा समिति के सदस्य महावीरी झंडा, रथ व बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकालेंगे। शोभायात्रा की तैयारी में श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अलावा विश्वसंघ, महाकाल संघ, भारत सेवक संघ, नवजागृति संघ, समाज कल्याण समिति, किशोर समाज, संयुक्त नवयुवक संघ, माता अंजनीधाम सेवा समिति, न्यू सुरभि क्लब, न्यू एकता स्टार क्लब, बजरंग संघ, वीरभगत संघ बजरंगबली सेवा समिति, जीनियस क्लब, न्यू दुकानदार संघ, मां अष्टभुजी मंदिर, न्यू गंगा क्लब, जय बजरंग संघ, संस्कार संघ, नवयुवक संघ, शिव शक्ति दुर्गा मंदिर, जय हनुमान संघ, जय विजय संघ, नवदीप संघ, दुकानदार संघ, शुभ मंगल क्लब, संस्कृति क्लब, बजरंग सेना संघ, श्रीरामनवमी पूजा समिति देवी मंडप, श्रीमहावीर किशोर दल हॉकर संघ, उपकार संघ, महदेवी संघ, देवी मंडप संघ, महावीर संघ, ओम पवन संघ, हिंदू सेना संघ के कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

### क्या है रामजन्म का महत्व

भगवान श्रीराम को विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है। मान्यता है कि रामनवमी तिथि पर यदि कोई व्यक्ति दिन भर विधि-विधान व्रत-उपवास और रात भर भगवान राम के नाम का कीर्तन करता है । अपनी क्षमता के अनुसार धन, अन्न, वस्त्र, भोजन आदि का दान-पुण्य करता है। उसका न सिर्फ इस जन्म में ही बल्कि पूर्व के जन्मों के पाप भी दूर हो जाते हैं। उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

## रामगढ़ के लाठी बाजों ने रांची में दिखाया करतब, जीता पहला पुरस्कार

**रामगढ़।** रामगढ़ के लाठी बाजो ने राजधानी रांची में ऐसा करतब दिखाया है कि लोग हैरान रह गए हर कोई रामनवमी के दौरान रांची में आयोजित प्रतियोगिता रामगढ़ के कलाकारों के हैरतअंगेज कारनामों की चर्चा कर रहा है। रांची में आयोजित प्रतियोगिता में रामगढ़ सुभाष चौक की श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति ने पहला पुरस्कार जीतकर रामगढ़ का नाम रोशन किया है। समिति के अध्यक्ष दिलीप सोनकर ने बताया कि श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति मेन रोड की टीम ने लाठी-डंडे के खेल में रांची में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार जीता है। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से 52 समितियों ने हिस्सा लिया था। समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र सोनकर, सचिव सुजीत सोनकर, कोषाध्यक्ष रविंद्र सोनकर सहित टीम के सभी लोगों ने इस जीत पर हर्ष जताया है। सचिव सुजीत सोनकर ने बताया कि रामगढ़ के कलाकारों ने परंपरागत अस्त्र के साथ काफी बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। रामनवमी की स्थाई झांकी में भी उन कलाकारों का प्रदर्शन लोग देखेंगे। सुभाष चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कलाकारों के द्वारा अपना करतब दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में रामगढ़ और दूसरे जिलों के लोग भी बतौर अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रामगढ़ के सभी अखाड़ों में मेन रोड के लाठी बाजो की प्रदर्शनी एक अलग रंग बिखेरती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी जुलूस में शामिल कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

## कोडरमा में सोनी हत्याकांड के तीन और आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र में सोनी उर्फ सोनाली कुमारी की अगवा कर हत्या के मामले में और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डोमचांच पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया है। इस मामले के प्राथमिकी अभियुक्त भरत कुमार उर्फ कारू (27), संतोष मेहता (35) और संजय मेहता (26) चिकित्सीय जांच पश्चात न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा गया। इस घटना में मुख्य आरोपित दीपक कुमार साव और उसके सहयोगी रोहित कुमार मेहता को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि डोमचांच का दीपक कुमार साव सोनी उर्फ सोनाली (24) से एकतरफा प्यार करता था। उसने साथियों के साथ मिलकर सोनाली कुमारी का अपहरण कर लिया और उससे शादी की इच्छा जाहिर की। युवती के द्वारा मना करने के बाद प्रतिशोध की भावना से दीपक कुमार साव ने सहयोगी साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी।

## मेराल में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मेराल।** रामनवमी के मद्देनजर बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वीडियो प्रवेश कुमार साह थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए एहतियातन प्रशासन द्वारा मेराल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च किया गया तथा स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान अटौला स्टैंड पचपेड़ी मोड , बौराहा, बसरिया, अरंगी, चामा पेशका,मेराल मे बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा बल के जवान द्वारा फ्लैग मार्च किया गया तथा लोगों को आवश्यक हिदायत दी गई। पदाधिकारियों ने जगह जगह पर लोगों को आपसी सौहार्द्र भाईचारे एवं शांति के साथ त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन द्वारा लोगों को सुरक्षा के साथ मुक्त होकर रामनवमी एवं रमजान मनाने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च में एसआई अजीत कुमार एसआई संजय कुशवाहा जाहिद अंसारी एएसआई सवानंद महतो संतोष कुमार पुलिस बल के राजू दुबे अरविंद कुमार इत्यादि शामिल थे।

## रामनवमी पर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**चिनीयां।** रामनवमी पर्व को देखते हुए बुधवार की देर शाम गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चिनीया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व में चिनीया के विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया, फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी में निकाले जाने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से निकालने की बात कही गई, फ्लैग मार्च चिनिया थाना से निकलकर थाना मोड़ होते हुए बस स्टैंड हनुमान मंदिर रंका मोड़ से वापस बस स्टैंड होते हुए चपकली मोड से वापस चिनिया थाना मोड तक लाया गया उसके बाद पुणः चिनिया थाना पहुंचकर फ्लैग मार्च समाप्त हुआ। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि रामनवमी पूजा को लेकर आज चीनिया के विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया, फ्लाइट मार्च थाना से निकलकर चिनीया की मुख्य पद से वापस होते हुए कई स्थानों पर भ्रमण किया इस दौरान थाना प्रभारी ने रामनवमी पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर लोगों से अपील की गई।

# रिक्शा चालक को पीटकर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बाजार में एक रिक्शा चालक नवल मोची को झंडू नामक युवक ने लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार रिक्शा चालक अपने काम के लिए बाजार में बैठा हुआ था। इसी बीच झंडू नामक व्यक्ति ने रिक्शा चालक से किसी सामान को ले जाने को कहा । रिक्शा चालक के नहीं ले जाने पर उसे लफड़ थप्पड़ किया। उसके बाद झंडू गुस्से में आकर लाठी डंडा से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा घायल रिक्शा चालक को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक्सरे कराने को कहा। एक्सरे कराने पर पता चला कि रिक्शा चालक का बाया पैर फ्रैक्चर गया है। इसके बाद इस घटना की जानकारी शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने एसआई नबी अंसारी को सदर अस्पताल भेजकर घायल रिक्शा चालक से घटना से संबंधित मामले के बारे में जानकारी ली। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। रिक्शा चालक के पुत्र नीतीश कुमार ने बताया कि रिक्शा चालक नवल अकेला घर का कमाने वाला व्यक्ति है। उस पर समूह का चार लोन है जो मजदूरी करके भरता था। अब उसके घायल हो जाने से घर की स्थिति दयनीय हो सकती है। घायल के परिजनों का कहना है कि उक्त व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करते हुए। इलाज का खर्च व खाने-पीने की व्यवस्था कराया जाए।

## 150 लोगों को लिगल एड उपलब्ध

**मेदिनीनगर।** जरूरतमंदों को लिगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। विगत दो माह के अंदर 40 से अधिक केस में बचाव अधिवक्ता लोगों को मुफ्त यानि बिना खर्च के जमानत सत्र न्यायालय से न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय में कराया हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। 150 लोगो को लिगल एड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, जेल में बंद लोगों के अलावा जिनकी आमदनी बार्षिक तीन लाख रुपए से कम है। वैसे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित लिगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ने के लिए बचाव अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि जेल में बंद कैदियों में से कोई भी कैदी अधिवक्ता के बिना न्याय पाने से वंचित न रहे। जेल में बंद कैदियों को एलएडीसी के काउंसिल बचाव के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा । न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगी।

## परीक्षा देने जा रहे छात्र की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ में अनियंत्रित बाइक की पेड़ से टक्कर हो गई। जिसमें इंटर का परीक्षा देने जा रहे एक छात्र जीशान खान की मौत हो गई। जबकि दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बकोरिया निवासी जीशान खान और ग्राम तावर निवासी अंशारूलहक का पुत्र आरिफ खान बुधवार को दोपहर 1:00 बजे अपने गांव से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर इंटर का परीक्षा देने जा रहे थे। तभी रास्ते में दुबिया खाड. के पास अनियंत्रित होकर उनका बाइक पेड़ से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान जीशान खान उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। वहीं घायल आरिफ खान का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां इलाज के बाद भी आरिफ की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## कोई भी कैदी अधिवक्ता के बिना न्याय पाने से वंचित नहीं रहेगा : डालसा सचिव

**मेदिनीनगर।** जरूरतमंदों को लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। विगत दो माह के अंदर 40 से अधिक केस में बचाव अधिवक्ता द्वारा बिना खर्च विभिन्न कोर्ट से कराए हैं। यह बातें बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, जेल में बंद लोगो के अलावा जिनकी आमदनी वार्षिक तीन लाख रुपये से कम है वैसे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ने के लिए बचाव अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि जेल में बंद कैदियों में से कोई भी कैदी अधिवक्ता के बिना न्याय पाने से वंचित न रहे। जेल में बंद कैदियों को एलएडीसी के काउंसिल बचाव के लिए हमेशा तैयार है। यही वजह है कि जेल में जाकर लोगो को इसके बारे में बताया जा रहा है।

## मेदिनीनगर में महावीर नवयुवक दल ने कई वार्ड पार्षदों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** महावीर नवयुवक दल जनरल के तत्वावधान में राजेंद्र चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर नगर निगम के वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया गया। जनरल अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी पर्व को भव्यता एवं सुंदरता प्रदान करने में नगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों का हर वर्ष बहुत सहयोग मिलता है। पार्षदों के सहयोग के बिना रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता। इस मौके पर दल के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीरों की चयन परीक्षा 20 से

**मेदिनीनगर।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीरों की नियुक्ति की चयन परीक्षा 20 से होगी। इसके लिए पंजीकरण 17 से शुरू है और अंतिम आवेदन 31 को 17:00 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। सेना के कमान अधिकारी विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी ने बुधवार को बताया कि पिछले कई दिनों से पलामू जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में विजिट कर छात्र-छात्राओं से संवाद कर अग्निवीर वायु के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## धनबाद में अवैध लॉटरी के सात कारोबारी गिरफ्तार, हजारों टिकट जब्त



**धनबाद।** पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय वन) अमर कुमार पांडे के नेतृत्व में बनी पुलिस टीम ने गोबिंदपुर इलाके में सक्रिय प्रतिबंधित लॉटरी टिकट के सात कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। उनके पस से हजारों की संख्या में लॉटरी टिकट बरामद हुआ है। जीटी रोड पर बरवाअड्डा, गोबिंदपुर से लेकर निरसा तक लॉटरी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी था। बाजार, हाट, सार्वजनिक स्थानों पर आरोपित प्रतिबंधित टिकट बेच रहे थे। दैनिक मजदूर, ग्रामीण, खोमचा वाले इनके शिकार होते थे। पुलिस उपाधीक्षक अमर कुमार पांडे ने बताया कि लॉटरी टिकट के साथ गिरफ्तार महताब आलम से जानकारी मिली कि निरसा का अजीत साव उसे लॉटरी टिकट देता है। छापेमारी दल ने विनोद, सहाबुद्दीन, मृदुल बिष्टु, रमेश बाउरी, साबिर साह और अमित दस को गिरफ्तार किया। इनके पास से 7869 और 136 सेट लॉटरी टिकट जब्त किया गया है।

एकता — दिखी गंगा यमुना तहजीब की मिसाल

# कमिटी ने लोगों को किया सम्मानित

**महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर को मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान के द्वारा पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुछ घटनाओं को छोड़ कर पलामू जिला शुरू से ही सांप्रदायिक सौहार्द के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इस बार भी रामनवमी के अवसर पर गंगा जमुना तहजीब को पलामू वासियों ने धरातल पर उतार दिखाया है। बुधवार को अष्टमी के जुलूस निकलने के बाद शाम चार बजे से शहर थाना में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर नवयुवक दल जेनरल और पलामू जिला प्रशासन के लोगों को सम्मानित किया गया। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा इस अवसर पर सबसे पहले श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर को मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान के द्वारा पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया गया। इसके बाद एक-एक कर जनरल के सभी पदाधिकारियों को माला, पगड़ी, मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस तरह गंगा जमुना की तहजीब को पलामू में बरकरार रखा गया। शहर थाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल खलीफा जीशान खान ने की। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, आरक्षी अधीक्षक पलामू चंदन सिन्हा एसडीओ राजेश शाह ,पलामू डीएसपी ऋषभ गर्ग ,सीओ जेके मिश्रा, थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी 1 प्रभारी रेवा शंकर राणा टीओपी 2 रुद्रानंद सरस, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के पदाधिकारियों में गणेश गिरी विजय ओझा, मनोज सिंह मंगल सिंह, बबलू गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र नागिन, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सुरेश टॉम, रंजीत चन्वंशी, अभिषेक राज, प्रभात अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, छोटू अग्रवाल, सुरेश चंद्रवंशी, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह समेत जेनरल कब कई पदाधिकारी उपस्थित थे। वही, मुहर्रम इंतजाम या कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों में मुमताज खान पलामू सदर मुस्तफा कमाल इसराइल आजाद कमाल खान, सन्नू सिद्धकी पप्पू अजहर इमामुद्दीन खान आदिल गनी, शाहिद खान नफीस खान असफर रब्बानी, जियाउद्दीन अंसारी, असगर हुसैन, इमरान कुरेशी अकबर कुरेशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

**ज्ञान की बात**

**हम जीवन भर अर्थ का संचय करते हैं, यह सोच कर कि हमारा बुढ़ापा ठीक से कटेगा, बच्चे ठीक से रहेंगे। उनकी पढ़ाई-लिखाई ठीक से होती रहेगी। लेकिन क्या ऐसा हो पाता है। जवाब है-नहीं। क्योंकि विधाता ने जो आपके लिए तय कर रखा है, होगा वही। आपके चाहने से कुछ नहीं होगा। तो क्या संचय करना गलत है। जवाब है-नहीं। संचय करें, ज्ञान का। संचय करें सुविचारों का। उससे भी अहम है कि आप सिर्फ कर्म करते जाएं और शेष को वक्त के हाथों में सौंप दें। -ठाकुरजी**

# आज रामनवमी है...

***आस्था*** की कोई सीमा नहीं होती है। इसी लिए कहा जाता है कि आस्था वह है जिसमें व्यक्ति अपने संपूर्ण तर्क वितर्क अपनी आशंकाओं, अपने समस्त भय से परे हो जाता है। वह पूर्ण श्रद्वा व समर्पण से अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर देता है। ऐसे में एक बात महत्वपूर्ण यह कि आस्था जो अनुभव से आता है,स्थायी और अनमोल होता है। एक प्रकार से कह सकते हैं कि आस्था ज्ञान के आधार पर बिना किसी भी परिघटना के सत्य मानने का विश्वास है। हम बात कर रहे हैं पलामू के हैदरनगर भगवती मंदिर की। जहां रामनवमी में भूत मेला लगता है। आज रामनवमी भी है। ऐसे में सवाल उठता है कि जहां हम सब मंगल पर दुनिया बसाने की कल्पना कर रहे हैं, तो दूसरी ओर पलामूवासी अंधविश्वास के मकड़ जाल में फंसे हैं। आज भी लोग भूत प्रेत जादू टोना के मकड़जाल से बाहर नहीं निकल पाये हैं। हैदरनगर देवी धाम के साथ कई ऐसे स्थल हैं जहां आस्था का बाजार लगता है। यहां कथित प्रेत बाधा से ग्रसित लोग बड़ी संख्या में पहुंचते है। सरकार के बने कानून को ठेंगा दिखाया जाता है। दूसरी तरफ मेले में कथित प्रेत बाधा से ग्रसित लोगों को लेकर आने वाले ओझा गुणियों की सुरक्षा के प्रबंध किये जाते हैं। देश में यह कैसा कानून है, जिसमें एक ओर सजा का प्रावधान है तो दूसरी ओर खुल्लम खुल्ला प्रेत मेला लगता है। इन्हें सुरक्षा व सुविधायें मुहैया करायी जाती है। हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध मॉ भगवती देवी धाम पर वर्षों पुरानी परपंरा व आस्था के साथ चैती नवरात्र की पूजा के साथ श्रद्वालुओं का आना परवान पर है। मेला में बड़ी संख्या में कथित प्रेत बाधा से पीड़ित लोग पहुंचने लगे हैं। मेला में चारों ओर अंधविश्वास का बोल बाला है। मेला में ओझा गुणियों के साथ अधिक संख्या महिलाओं की होती है। उनमें भी वैसी महिलायें अधिक होती हैं, जो अशिक्षित होती हैं। उन भोले भाले लोगों को ओझा गुणी अपने जाल में फंसाकर अंधविश्वास की दलदल में झोंक दिया करते हैं। यह मेला चैत शुक्ल पक्ष एकम से दशमी तक चलेगा। इसे लेकर मंदिर में चहल पहल तथा विभिन्न समग्रियों की दुकानें सज गई है। मेला शुरू होने के साथ ही ओझा गुणी व प्रेत बाधा से ग्रसित पीड़ित लोग तंबू लगाकर पूजा पाठ में लीन हो गए है। मां के गीतों के साथ ढोल व तासा की ध्वनि से शहर गुंजायमान है। मेला में पहुंचे श्रद्धालुओं से हैदरनगर शहर में चहल पहल बढ़ गई है। पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में डूब गया है। देवी धाम के पुजारी की मानें तो मेला में बड़ी संख्या में लोग देश के विभिन्न राज्यों से आते हैं। मन्नत पूरी होती है, इसी लिए बड़ी संख्या में श्रद्वालु मॉ भगवती के दरबार में पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि मॉ भगवती की इस माह में महिमा बढ़ जाती है। भक्तों का आना जाना दिनों दिन बढ़ रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से श्रद्वालुओं का पूरा ख्याल रखा जाता है। मेला में भाग लेने वाले भक्तों को सुविधा ज्यादा से ज्यादा मिले इसका पूरा प्रयास समिति द्वारा जारी है। देवी धाम परिसर में श्री रामजानकी मंदिर, भगवान शिव के मंदिर के अलावा सबसे बड़ी बात है कि इसी परिसर में जिन्न बाबा का स्थान, चबूतरा है। राम रहीम की यह संस्कृति अद्भुत व बेमिसाल है। यह मेला हिन्दू मुस्लिम संस्कृति का मिला जुला रूप भी है। यहां सांप्रदायिक सौहार्द्र देखने को मिलता है। एक ओर पंडित के द्वारा पूजा और दूसरी ओर मुस्लिम मौलवी के द्वारा फातेहा पढ़ा जाता है। ऐसे में आस्था के इस समुद्र में गोता लगाना जायज है या नहीं,यह धार्मिक मामला है लेकिन इतना तो तय है कि हमारा समाज आज भी कई वर्गों में बंटा है। सुविधा के आकाश में जिसे जो सोचना है सोच सकता है। बहरहाल रामनवमी की सबको शुभकामना।

**हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध मॉ भगवती देवी धाम पर वर्षों पुरानी परपंरा के साथ चैती नवरात्र की पूजा के साथ श्रद्वालुओं का आना परवान पर है। मेला में बड़ी संख्या में कथित प्रेत बाधा से पीड़ित लोग पहुंचने लगे हैं।**

# कांग्रेस के लिए अजय राय का खूबसूरत संदेश





यशोदा श्रीवास्तव

***आने*** वाले दिनों में कांग्रेस या उसके नेता राहुल गांधी का क्या होता है,यह वक्त तय करेगा। अभी हाल यह है कि राहुल गांधी के बहाने सत्ता पक्ष ने कांग्रेस को पैदल कर दिया है। एक हेट स्पीच को कानूनी मुद्दा बना कर राहुल की सदस्यता खत्म की गई फिर आनन फानन में बंग्ला खाली करने की नोटिस भी थमा दी गई। कांग्रेस ने फिलहाल राहुल गांधी को शहीद सा बता कर पूरे देश में मोदी के खिलाफ अभियान शुरू कर दी है। कांग्रेस राज्य के मुख्यालयों और बड़े शहरों में अडानी मोदी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करते हुए भाजपा को तार तार करने में जुट गई है। यहां यह सवाल बेमतलब है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की आवाज दबा रहा है, विपक्षी नेताओं की माइक अनम्यूट कर दे रही है या संसद को ही कुछ देर के लिए खामोश कर दे रही है। इस सवाल का भी क्या मतलब है कि इस राज में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। कांग्रेस, राहुल या विपक्ष को कैसे रखना है, भाजपा वह सारा उपाय कर रही है जो उसे उचित लगता है। देश की करोड़ों में से कितनी प्रतिशत जनता भाजपा के इस कृत्य से संतुष्ट हैं या असंतुष्ट, भाजपा को इससे भी कुछ लेना देना नहीं है। वह मदमस्त हाथी की चाल में चलती जा रही है। राहुल के प्रकरण से एक बात जरूर हुई कि वे विपक्षी दल जो कांग्रेस से दूरी बना कर रहते थे, वे भी कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इसे फिलहाल किसी चुनावी गठबंधन की दृष्टि से न देखा जाय। आप नेता केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में मोदी को जो कुछ कहा, मैं समझता हूं राहुल गांधी ने उसका सौवां हिस्सा भी मोदी के खिलाफ नहीं बोला होगा। आप के संजय सिंह भी मोदी को ललकारने में जरा भी कोताही करते नहीं दिख रहे। सपा के अखिलेश यादव जो कोलकाता में अपना राष्ट्रीय सम्मेलन करके लौटे हैं, उनके भी सुर बदल गये। मोदी पर वे भी हमलावर हैं। मुमकिन है कि वे ममता, केसीआर आदि गैर भाजपा नेताओं के साथ अलग मोर्चा बनाने की अपनी रणनीति को सस्पेंड भी कर चुके हों। इस तरह तमाम विपक्षी दलों के नेता राहुल गांधी के मसले पर कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि समवेत विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की बिसात बहुत मजबूती से बिछाने के पुख्ता इंतजाम में जुट गया हो। इस सबके बीच एक सवाल यूपी को लेकर है जहां 80 लोकसभा की सीटें हैं और यहां कांग्रेस के एक से एक दिग्गज पार्टी छोड़ भाजपा में जा चुके हैं। और इन 80 सीटों पर कांग्रेस के पास उम्मीदवारों का टोटा भी है। यूपी में कांग्रेस की हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विधानसभा में उसके सिर्फ दो विधायक हैं। ये दोनों विधायक भी अंतर्मन से कितने कांग्रेसी हैं कहना मुश्किल है। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तस्वीर निहायत बदरंग होकर उभरी थी। 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' नारे के साथ खांची भर महिलाएं चुनाव मैदान में उतरी जरूर लेकिन सफल हुईं सिर्फ एक। प्रतापगढ़ के रामपुर खास से मोना मिश्रा! मोना मिश्रा कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की पुत्री हैं। मौजूदा हाल में कांग्रेस में दो ब्राह्मण चेहरा हैं जो तिकड़म की राजनीति के सहारे राज्य सभा की कुर्सी पर विराजमान हैं। एक हैं प्रमोद तिवारी दूसरे राजीव शुक्ला! राजीव शुक्ला पत्रकारिता के जरिए गांधी परिवार के निकट आए जिसका लाभ उन्हें स्वभावतया मिलता रहा लेकिन प्रमोद तिवारी की पहचान तो जननेता की है। हैरत है कि कांग्रेस का यह जननेता अपने विधानसभा सीट से सदैव अपराजेय रहा, बेटी मोना अब उसी सीट से विधायक हैं लेकिन अपनी विधानसभा सीट छोड़ इस जननेता की पंहुच बगल के विधानसभा क्षेत्र तक नहीं है। निश्चित ही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश को नई दिशा देने की नायाब पहल थी और इसे लोगों ने स्वीकार भी किया। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की लोकप्रियता भी भाजपा को खटक रही थी। आज राहुल के खिलाफ हो रही कार्रवाई को बिल्कुल उससे भी जोड़ कर देखा जाना चाहिए। लेकिन यूपी की कमजोर कांग्रेस यहां उसे भी भुनाने में विफल साबित हुई। कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया है, तमाम प्रदेशों में इसकी भी धूम है लेकिन यूपी में यह अभियान मात्र रस्मी बन कर रह गया। कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान इतना खूबसूरत प्रयोग था कि इसके जरिये कांग्रेस चाहती तो यूपी में हजारों हजार उन वरिष्ठ कांग्रसियों को साथ ला सकती थी जो किन्हीं कारणों से उपेक्षित होकर भी कांग्रेस में हैं। ऐसे वरिष्ठ कांग्रेस जनों को न तो संगठन में किसी पद की दरकार है और टिकट की,वे बस कांग्रेस के मौजूदा वरिष्ठों द्वारा सम्मान के आकांक्षी हैं। अफसोस की यूपी के कांग्रेसी यह तक नहीं कर पाए। इतना ही नहीं आज जब राहुल प्रकरण को लेकर पूरे देश में कांग्रेस आक्रमक व आंदोलनरत है तब भी यूपी में इसका असर नहीं दिख रहा।सवाल यह है कि देश के सबसे बड़े सूबे और सबसे अधिक सांसदों वाले यूपी को लेकर कांग्रेस इस तरह क्यों बेफिक्र है? आखिर लोकसभा चुनाव सिर पर है। सत्ता रूढ़ दल भाजपा हर रोज चुनावी तैयारी में है। दिल्ली केंद्रीय कार्यालय से लेकर किसी न किसी प्रदेश में भाजपा के शीर्ष नेताओं के कार्यक्रम लग रहे हैं जिसे एक तरह से चुनावी रैली भी कह सकते हैं वहीं कांग्रेस अपनी पुस्तैनी प्रदेश यूपी तक पर ध्यान नहीं दे पा रही। इसके पीछे कांग्रेस की सोच यह हो सकती है कि जब उसे दूसरे दलों से आए उम्मीदवारों पर भी दांव लगाना है तो इसके पीछे माथा पच्ची अभी से क्यों? यूपी में निश्चित ही कांग्रेस के पास इसके लिए अन्य विकल्प नहीं है। हां लोकसभा में एक मजबूत गठबंधन समय की मांग है जो राहुल गांधी के प्रकरण के बाद और पुख्ता हुआ है। इस तरह सीटों को लेकर यहां कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के इमदाद पर रहना होगा, यह भी तय है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस बिखरी और टूटी फूटी हाल में है, ऐसे में आशा की एक किरण वाराणसी में दिखी है। यहां कांग्रेस नेता अजय राय ने अपने घर पर 'मेरा घर राहुल गांधी का घर' जैसा पोस्टर चिपकाया है। राहुल गांधी के बंगला खाली करने की नोटिस के बाद अजय राय ने अपने घर पर ऐसा पोस्टर लगाकर यूपी के बाकी कांग्रेस जनों को एक शानदार मैसेज दिया है। याद होगा चुनाव के मौके पर भाजपा 'मेरा घर भाजपा का घर₹ जैसा पोस्टर घर घर चिपका कर लोगों के घरों तक अपनी पहुंच बनाती है। राहुल गांधी के सरकारी घर खाली करने की सरकारी नोटिस पर कांग्रेस जन चाहें तो बनारस के अजय राय का अनुकरण कर यूपी के घर घर अपनी मौजूदगी हासिल कर सकते हैं। अजय राय की यह पहल कांग्रेस के लिए सुनहरे अवसर का संदेश है। काश! यूपी कांग्रेस ऐसा कर पाती!

**कांग्रेस राज्य के मुख्यालयों और बड़े शहरों में अडानी मोदी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करते हुए भाजपा को तार तार करने में जुट गई है। यहां यह सवाल बेमतलब है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की आवाज दबा रहा है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

***उन्होंने*** शंखध्वनि की। दुर्योधन की सेना में सबसे पहले पितामह भीष्म सेनापति हुए। पाण्डवों के सेनापति शिखण्डी थे। इन दोनों में भारी युद्ध छिड़ गया। भीष्मसहित कौरव पक्ष के योद्धा उस युद्ध में पाण्डव-पक्ष के सैनिकों पर प्रहार करने लगे और शिखण्डी आदि पाण्डव- पक्ष के वीर कौरव-सैनिकों को अपने बाणों का निशाना बनाने लगे। कौरव और पाण्डव-सेना का वह युद्ध, देवासुर-संग्राम के समान जान पड़ता था। आकाश में खड़े होकर देखने वाले देवताओं को वह युद्ध बड़ा आनन्ददायक प्रतीत हो रहा था। भीष्म ने दस दिनों तक युद्ध करके पाण्डवों की अधिकांश सेना को अपने बाणों से मार गिराया। दसवें दिन अर्जुन ने वीरवर भीष्म पर बाणों की बड़ी भारी वृष्टि की। इधर द्रुपद की प्रेरणा से शिखण्डी ने भी पानी बरसाने वाले मेघ की भाँति भीष्म पर बाणों की झड़ी लगा दी। दोनों ओर के हाथीसवार, घुड़सवार, रथी और पैदल एक-दूसरे के बाणों से मारे गये। भीष्म की मृत्यु उनकी इच्छा के अधीन थी। जब पांडवों को ये समझ में आ गया की भीष्म के रहते वो इस युद्ध को नहीं जीत सकते तो श्रीकृष्ण के सुझाव पर उन्होंने भीष्म पितामह से ही उनकी मृत्यु का उपाय पूछा। उन्होंने कहा कि जब तक मेरे हाथ में शस्त्र है तब तक महादेव के अतिरिक्त मुझे कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने ने ही पांडवों को सुझाव दिया। शिखंडी पूर्व जन्म में अम्बा थी इसलिए वो उसे कन्या ही मानते थे। १०वे दिन के युद्ध में अर्जुन ने शिखंडी को आगे अपने रथ पर बिठाया। शिखंडी को आगे देख कर भीष्म ने अपना धनुष त्याग दिया। उनके शस्त्र त्यागने के बाद अर्जुन ने उन्हें बाणो कि शय्या पर सुला दिया। वे उत्तरायण की प्रतीक्षा में भगवान विष्णु का ध्यान और स्तवन करते हुए समय व्यतीत करने लगे। भीष्म के बाण-शय्या पर गिर जाने के बाद जब दुर्योधन शोक से व्याकुल हो उठा। तब आचार्य द्रोण ने सेनापतित्व का भार ग्रहण किया।

*(क्रमशः)*

# उत्कृष्ट जीवन की प्ररेणा हैं प्रभु श्रीराम


डॉ. वंदना सेन

***प्रायः*** कहा जाता है कि जीवन हो तो भगवान श्रीराम जैसा। जीवन जीने की उच्चतम मर्यादा के पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सबमें सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है। वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, केवट को भी पूरा सम्मान दिया। इतना ही नही भगवान राम ने उन सभी को अपना अंग माना जो आज समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मर्यादाओं को तार-तार कर रहा है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृत्ति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जायेंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जायेगा। सम्पूर्ण समाज हमारा अपना परिवार है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। जब इस प्रकार का भाव बढ़ेगा तो स्वाभाविक रुप से हमें किसी भी व्यक्ति से कोई खतरा भी नहीं होगा। आज समाज में जिस प्रकार के खतरे बढ़ते जा रहे हैं, उसका अधिकांश कारण यही है कि समाज का हिस्सा बनने से बहुत दूर हो रहे हैं। अपने जीवन को केवल भागदौड़ तक सीमित कर दिया है। यह सच है कि व्यक्ति ही व्यक्ति के काम आता है। यही सांस्कृतिक भारत की अवधारणा है।

**अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन व विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है। राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है।**

**दिवस विशेष**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

ANI_HindiNews
@AHindinews

मल्लिकार्जुन खड़गे के यहां जो बैठक थी उसमें हम नहीं गए थे लेकिन विपक्षी एकता थी और रहेगी। हम एक साथ हैं, हमारे जो मुद्दे थे वो हमें जहां पहुंचाने थे हमने पहुंचा दिए और हमें उसका परिणाम भी मिल गया। हम सबसे ज्यादा अहमियत विपक्षी एकता को देते हैं: उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत

## फेसबुक वॉल से




# भारतीय महिला खिलाड़ियों का स्वर्णिम चमत्कार


मृत्युंजय दीक्षित

***इस*** साल खेलों की दुनिया में भारत के खिलाड़ी विशेषकर महिला खिलाड़ी जिस प्रकार स्वर्णिम प्रदर्शन कर रही हैं वह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व व आनंद की अनुभूति का विषय है। राजधानी दिल्ली में आयोजित विश्व महिला मुक्केबाजी में भारत की चार महिला मुक्केबाजों नीत घणघस, स्वीटी बूरा, निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहाई ने पहली बार चार स्वर्ण पदक जीतकर भारत का झंडा ऊंचा कर दिया है। भारतीय महिला मुक्केबाजी के लिए उत्सव का समय है। यह जीत विशेष है क्योंकि वर्ष 2002 में महिला मुक्केबाज मैरीकॉम के उदय के बाद 17 वर्षों में पहली बार महिला विश्व कप में चार स्वर्ण पदक मिले हैं। मुक्केबाजी में मैरीकॉम ऐसा चमकता सितारा बनीं कि उनसे प्रेरणा लेकर हर दिन भारत को एक से बढ़कर एक नई प्रतिभायें मिल रही हैं। महिला मुक्केबाजी विश्व कप में चारों महिला खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी खिलाड़ियों को भारी अंतर से पराजित किया। नीतू घणघस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया की खतरनाक खिलाड़ी अल्तांतसेतसेग को न्यूनतम भार वर्ग के एकतरफा मुकाबले में 5-0 से पराजित किया। दूसरी भारतीय महिला मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने 81 किलोग्राम वर्ग में चीन की ताकतवर खिलाड़ी वांग लिना को 4-3 से हराकर चीनी साम्राज्य को जोरदार पटकनी देते हुए विश्व विजेता बनकर नया इतिहास व कीर्तिमान रच दिया। निकहत जरीन ने 50 किलोग्राम भारवर्ग में वियतनाम की महिला मुक्केबाज को एनगुएन थाईताम को 5-0 से हराया और लवलीना बोहनगोई ने 75 किग्रा भारवर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की कैटलिन पार्कर को जजों की गहन समीक्षा के बाद 5-2 से पराजित किया। भारत को इस प्रतियोगिता में इससे पूर्व 2006 में सबसे अधिक पदक मिले थे तब मैरीकॉम, सरिता जेनी और लेखा ने चार स्वर्ण पदक प्राप्त किये थे।। इस प्रतियोगिता के दौरान जब स्टेडियम में निकहत जरीन का सांसों को रोक देने वाला मुकाबला चल रहा था उस समय निकहत-निकहत के नारे गूंज रहे थे और रेफरी ने जैसे ही निकहत का विजयी हाथ ऊपर उठाया पूरा स्टेडियम, 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। निकहत जरीन इस प्रतियोगिता में दूसरी बार विजेता बनीं। अपने दमदार प्रदर्शन के बल पर निकहत जरीन और लवलीना ने एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह दोनों महिला खिलाड़ी 2024 पेरिस ओलम्पिक के लिए पहली क्वालीफायर भी हैं। महिला मुक्केबाज नीतू धनधस के लिए यह जीत कई मायने में महत्वपूर्ण है क्योंकि उनको विश्व विजेता बनाने के लिए उनके परिवार ने बहुत त्याग किया है। विश्व कप निशानेबाजी में ओलंपियन महिला निशानेबाज मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल में भारत को कांस्य पदक दिलाकर मैदान में तिरंगा फहराया। उधर, अल्बानिया में आयोजित विश्व यूथ चैंपिनयनशिप में भारत की बेटी 14 वर्ष की ज्योत्सना साबर ने बालिकाओं के 40 किलो भारवर्ग में 115 किलो वजन और 62 किलो क्लीन एंड वर्क वजन उठाया और तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर तिरंगा शान से फहराकर अपने खेल जीवन की एक महत्वपूर्ण विजय प्राप्त की है। खेलों में भारत का झंडा ऊंचा होना सचमुच गर्व की बात है। मगर इस सबके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की खेल नीति और उनके प्रयास हैं। मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो भारत के खिलाड़ियों से लगातार बातकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ओलम्पिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत को पहला स्वर्ण दिलाने वाले नीरज चोपड़ा का अदभुत सम्मान किया गया और उस विजय की याद में हर वर्ष 8 अगस्त को भाला फेंक दिवस मनाने का ऐलान किया गया।

**भारतीय महिला मुक्केबाजी के लिए उत्सव का समय है। यह जीत विशेष है क्योंकि वर्ष 2002 में मैरीकॉम के उदय के बाद 17 वर्षो में पहली बार महिला विश्व कप में चार स्वर्ण पदक मिले हैं।**

**खेल जगत**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# छग में 1 अप्रैल से लागू हो रही है बेरोजगारी भत्ता योजना

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को एक अप्रैल से हर माह ढ़ाई हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता योजना की शुरूआत हो रही है। इस योजना का लाभ उन्हीं बेरोजगार युवाओं को मिलेगा जिनके परिवार की आय ढाई लाख रुपये सालाना से कम होगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य में एक अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो रही है। इस योजना के अंतर्गत बेरोजगारों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने वाले आवेदक के पूरे परिवार



की आय सलाना 2.50 लाख रूपए से कम होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, 18 वर्ष से कम आयु के आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है। बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के एक अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की एक अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। इस योजना का लाभ उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनकी स्वयं की आय का कोई स्त्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ढाई लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से एक वर्ष के अंदर ही बना हो।

# यूपी रिजर्व में बाघों ने तेंदुओं को अपने 'क्षेत्र' से खदेड़ा



**एजेंसी। बिजनौर**

उत्तर प्रदेश के अमनगढ़ टाइगर रिजर्व (एटीआर) में एक 'क्षेत्रीय' युद्ध छिड़ गया है, जहां बाघ उन तेंदुओं के प्रवेश को रोक रहे हैं जिन्हें बचाया गया है और यहां लाया जा रहा है। तेंदुओं को वापस जंगल के किनारे, गांवों और खेतों के करीब धकेला जा रहा है। एक वन अधिकारी ने कहा, बाघ अपने क्षेत्र के बारे में अत्यधिक अधिकार रखते हैं और एटीआर में जगह की कमी के कारण, वे किसी अन्य शिकारी को अपने क्षेत्र में पनपने नहीं देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय युद्ध होते हैं। पिछले दो महीनों में, वन अधिकारियों ने छह तेंदुओं को मानव स्थानों से बचाया है, जहां मानव पशु संघर्ष की बढ़ती संख्या देखी गई है। बिजनौर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अरुण कुमार सिंह से पूछा गया कि बचाए गए तेंदुओं को चिड़ियाघर में क्यों नहीं छोड़ा गया। इस पर उन्होंने कहा कि जवाब देते हुए कहा कि तेंदुए को बचाए जाने के बाद उसकी चिकित्सकीय जांच की जाती है। अगर यह नरभक्षी या शिकार के लिए अनुपयुक्त पाया जाता है, तभी इसे चिड़ियाघर भेजा जाता है। अन्यथा हमें इसे इसके प्राकृतिक आवास में छोड़ना अनिवार्य है। हाल के दिनों में सभी मामलों में, तेंदुओं ने इंसानों पर हमला तभी किया जब उन्हें लगा कि उनके निवास स्थान (गन्ने के खेत) को खतरा हो रहा है। अमनगढ़ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का एक बफर जोन है, जो जंगलों, सागौन के बागानों, घास के मैदानों और आर्द्रभूमि के 95 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। बाघ अन्य बाघों पर तीन चीजों के लिए हमला करते हैं- संभोग, क्षेत्र और शिकार। इसी तरह ये तेंदुओं को भी प्रवेश नहीं करने देते हैं। एटीआर में सीमित जगह एक बड़ी चिंता है क्योंकि बाघों ने कई तेंदुओं को जंगल से बाहर खदेड़ दिया है जो ग्रामीणों के लिए खतरा बन गया है।

## कूनो नेशनल पार्क में चार चीता शावकों का हुआ जन्म



**श्योपुर /भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक अच्छी खबर आई है क्योंकि यहां चीतों के चार शावकों का जन्म हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए स्थानीय प्रबंधन को बधाई दी है। कूनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्म दिन के मौके पर दक्षिण अफ्रीका के नामीबिया से आए आठ चीतों के दल को छोड़ा था। यह चीतों की पुर्नस्थापना के अभियान का श्रीगणेश था। उसके बाद 12 और चीते आए। इस तरह चीतों का कुनबा 20 का हो गया था, मगर उनमें से एक मादा चीता की मौत हो गई। कूनो से बुधवार को एक अच्छी खबर आई और पता चला कि एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और सफल प्रयासों से चीता की सुखद वापसी भारत में हुई है। मध्यप्रदेश चीता स्टेट बना है। उन्होंने आगे कहा, आज कूनो नेशनल पार्क में चीता परिवार में चार नये शावकों के आगमन से हम समस्त मध्यप्रदेशवासी हर्षित एवं आनंदित हैं। यह हमारे लिए अत्यंत आनंददायी है कि कूनो में चीता परिवार बढ़ रहा है। वन विभाग, कूनो नेशनल पार्क, स्थानीय प्रशासन के सफल प्रबंधन से सुखद परिणाम मिले हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने बिहार के नए मुख्य न्यायाधीश को दिलाई शपथ



**पटना।** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बुधवार को बिहार के नए मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में के. विनोद चंद्रन को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, राज्य सरकार के कई मंत्री, पटना उच्च न्यायालय एवं केरल उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश और अवकाशप्राप्त न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। के विनोद चन्द्रन इससे पूर्व केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

### यूपी एयरफोर्स बेस में फ्लाइट लेफ्टिनेंट की लाश मिली

**सहारनपुर (यूपी)।** सहारनपुर के सरसावा एयरफोर्स बेस में एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट अपने अधिकारी के क्वार्टर रूम में मृत पाई गई। फ्लाइट लेफ्टिनेंट संजीवनी शर्मा राजस्थान से थी और प्रशिक्षण लेने के लिए सरसावा बेस पर आई थी। सरसावा थाने के एसएचओ सूबे सिंह ने कहा कि उन्हें दौरे पड़ते थे और लगता है कि ज्यादा दवाई खाने से उसकी मौत हुई है। उन्होंने कहा, हमें अभी तक पोस्टमॉर्टम जांच रिपोर्ट नहीं मिली है। मंगलवार को जब वह प्रशिक्षण के लिए नहीं आई तो वायुसेना अड्डे के अधिकारी उसके कमरे में गए। दरवाजा अंदर से बंद था और उन्होंने अंदर जाने के लिए उसे तोड़ा और पाया कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट बिस्तर पर बेहोश पड़ी है। बेस के डॉक्टरों को जांच के लिए बुलाया गया और उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मृतक फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पति भी वायुसेना में स्क्वाड्रन लीडर हैं और वर्तमान में राजस्थान में तैनात हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है लेकिन कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे आज पांच घंटे के लिए बंद रहेगा

**लखनऊ।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर जाने वाले यात्रियों को बुधवार को अपने गंतव्य के लिए जल्दी सड़क से गुजरना होगा क्योंकि हाई-स्पीड कॉरिडोर पर सुबह 10:00 बजे से 2:45 बजे के बीच लगभग पांच घंटे तक यातायात प्रभावित रहेगा। इसकी वजह बिजली ट्रांसमिशन लाइन में बदलाव है। गंगा एक्सप्रेस-वे को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने वाले एक इंटरचेंज के रूप में उन्नाव में बनाया जा रहा है, 400 केवी बिजली लाइनों, बिजली आपूर्ति प्रणाली में सबसे शक्तिशाली प्रतिष्ठानों में से एक को डायवर्ट करना होगा।

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनी 700 लोगों की समस्याएं

# बख्शे न जाएं कमजोरों को उजाड़ने वाले : मुख्यमंत्री

### नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय, सबकी खुशहाली हमारा संकल्प

### पैसे की कमी से नही रुकेगा किसीका इलाज : सीएम योगी

**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 700 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको



आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। समस्या लेकर पहुंचे लोगों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। जनता दर्शन में एक महिला ने घर उजाड़े जाने की पीड़ा बताई। सीएम ने उससे कहा कि उसे परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या पर त्वरित एक्शन लिया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

जनता दर्शन में दिव्यांगजन की समस्या सुनते हुए उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में लाने को सरकार सतत कार्य कर रही है। हर दिव्यांग की समस्या का त्वरित समाधान होना चाहिए। किसी दिव्यांग को बेवजह भागदौड़ करनी पड़ी तो संबंधित कर्मियों-अफसरों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों को दुलारा, चॉकलेट देकर खूब पढ़ने को किया प्रेरित

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें दुलारकर आशीर्वाद दिया। उनका नाम और स्कूल जाने के बारे में पूछा। उन्हें अपने हाथों से चॉकलेट गिफ्ट करते हुए खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## विपक्षी एकता को लेकर छलका नीतीश का दर्द, कहा

# हम तो चुपचाप इंतजार ही कर रहे

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बुधवार को विपक्षी एकता नहीं होने पर दर्द छलका है। उन्होंने कहा कि हम तो इंतजार ही कर रहे हैं। इधर, राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द किए जाने पर उन्होंने कहा कि कोर्ट के मुद्दे पर हम कुछ नहीं बोलते। पटना में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद नीतीश पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जब पत्रकारों ने राहुल गांधी प्रकरण को लेकर सवाल किया तब उन्होंने कहा कि कोर्ट के मामले पर वह कभी भी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जांच सही ढंग से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के



लोग तो इस मामले पर सदन और सदन के बाहर भी अपना जवाब और पार्टी की बात रख ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट का फैसला होता है तो सबको अधिकार है, ऊपरी कोर्ट में जाकर उसे चुनौती देने का। हम इस विषय पर कोई भी बयान नहीं दे सकते। उन्होंने दावे के साथ कहा कि कभी भी मैंने न्यायिक मामलों पर 17 साल सरकार चलाने के दौरान बयान नहीं दिया। इस दौरान विपक्षी एकता को लेकर भी उनका दर्द छलक गया। नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्षी एकता पर मेरा ध्यान है। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है 2024 के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा पार्टियां एकजुट हो। जितना ज्यादा लोग होंगे उतना ज्यादा हम मजबूत होंगे और ठीक से लड़ पाएंगे। लेकिन, अभी तक कांग्रेस पार्टी के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली भी जाकर दो राउंड सभी लोगों से बातचीत कर चुके हैं। अब चुपचाप इंतजार कर रहे हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में बुधवार को ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मशरक-तरैया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227 ए पर रामबाग गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि मृतक महिला रामबाग गांव निवासी मोहम्मद क्यामुद्दीन की पत्नी थी। मोहम्मद क्यामुद्दीन साइकिल से अपनी पत्नी को चिकित्सक से दिखाने के लिये जा रहा था। तभी यह दुर्घटना हुयी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है।

## मानव बलि का मामला

# कल कोलकाता पहुंचेगी एनसीपीसीआर टीम

**एजेंसी। कोलकाता**

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की एक टीम 31 मार्च को कोलकाता पहुंचकर तिलजला इलाके में उस जगह का निरीक्षण करेगी, जहां पडोसी ने सात साल की एक बच्ची की कथित मानव बलि दी थी। राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुसार, एनसीपीसीआर टीम का नेतृत्व आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो करेंगे।

एनसीपीसीआर ने पहले ही राज्य के मुख्य सचिव एच.के. द्विवेदी और राज्य के पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय से इस जघन्य कृत्य पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव संघमित्रा घोष 3 अप्रैल को एनसीपीसीआर के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय का दौरा करेंगी।

# बिहार की महिला शिक्षिका गुजरात में रहते हुए 5 माह से वेतन लेती मिली

**एजेंसी। पटना**

बिहार के खगड़िया जिले में एक सहायक शिक्षिका गुजरात में रहकर पांच महीने से वेतन ले रही है। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना का पता तब चला जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम उदय महतो ने वार्ड नंबर 4 स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में जाकर शिक्षिका सीमा कुमारी को कुछ माह से अनुपस्थित पाया। वह इसी विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात थी। महतो ने कहा, जब हमने विभाग से पूछताछ की, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि विभाग मासिक




वेतन भदस गांव स्थित उसके मूल मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा दिखाई गई उपस्थिति के आधार पर जारी कर रहा है।

प्राथमिक विद्यालय भादस गांव स्थित उसके मूल विद्यालय में अनुपस्थिति रिपोर्ट भेज रहा था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने उसकी अनुपस्थिति उपस्थिति को उपस्थिति में परिवर्तित कर दिया। उसकी उपस्थिति के आधार पर विभाग सितंबर 2022 से उसका वेतन जारी कर रहा था।

उन्होंने कहा, हमने सीमा कुमारी और विकास कुमार का वेतन रोकने की अनुशंसा के साथ रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को भेज दी है। विभाग ने ऐसा किया है।

सूत्रों ने कहा है कि 400 से अधिक शिक्षक एक भी दिन स्कूल में काम पर न जाकर प्रतिनियुक्ति हथकंडा अपनाकर वेतन लेने के मामले में शिक्षा विभाग के रडार पर हैं।

### सड़क दुर्घटना में परिवार के चार लोगों की मौत

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में अनियंत्रित कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें एक युवक, दो महिलाएं और तीन साल की बच्ची समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक चार माह के बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार को कब्जे लेते हुए, आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया है। घटना मंगलवार शाम सहारनपुर जिले के मिजार्पुर थाना क्षेत्र के दिल्ली-यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर जाटोवाला गांव के पास हुई। मृतकों की पहचान नसीम (26), नसीरा (50), तरन्नुम (25), रिजा (3) के रूप में हुई है।

# ओडिशा में 10 मई को झारसुगुड़ा विधानसभा सीट पर उपचुनाव

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के झारसुगुडा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव 10 मई को होगा, जबकि परिणाम 13 मई को घोषित किए जाएंगे, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को इसकी घोषणा की। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री नबा किशोर दास की 29 जनवरी को हुई हत्या के बाद विधायक की सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, उपचुनाव के लिए औपचारिक अधिसूचना 13 अप्रैल को जारी की जाएगी, जबकि उम्मीदवार 20 अप्रैल तक अपना नामांकन दाखिल



कर सकते हैं। कागजात की जांच अगले दिन (21 अप्रैल) को की जाएगी। उम्मीदवार 24 अप्रैल तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया 15 मई तक पूरी कर ली जाएगी। बीजद, दिवंगत नेता नबा दास की बेटी दीपाली को मैदान में उतार सकती है, जबकि भाजपा अपने युवा नेता तंकाधर त्रिपाठी को नामित कर सकती है। दीपाली और त्रिपाठी दोनों ने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सरत पटनायक ने कहा कि उन्होंने उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करने के लिए वरिष्ठ नेता और विधायक संतोष सिंह सलूजा के नेतृत्व में एक समिति बनाई है। गौरतलब है कि 29 जनवरी को पुलिस एएसआई गोपाल दास (अब बर्खास्त) ने मंत्री नाबा दास की हत्या कर दी थी। सिपाही ने मंत्री को बहुत करीब से गोली मारी थी। हालांकि पुलिस ने आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन अभी तक हत्या के पीछे के मकसद का पता नहीं चल पाया है।

## मिलेट को प्रोत्साहन | बारिश-ओला से प्रभावित किसानों को मोटे अनाजों का निःशुल्क बीज मिनीकिट

# पूरा होगा फसल सघनता को लेकर सरकार का मकसद

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

ये होता है, 'एक पंथ दो काज'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली उत्तर प्रदेश की सरकार मार्च की असमय बारिश से प्रभावित किसानों को राहत दे रही है तो साथ ही अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर (2023) के मद्देजर मोटे अनाजों को प्रोत्साहन भी। पिछले दिनों सूबे के कृषि मंत्री की घोषणा इसका सबूत है।

सरकार बारिश एवं ओला से प्रभावित किसानों को मोटे अनाजों का निःशुल्क मिनीकिट दे रही है। बाकी किसानों के लिए ये बीज 50 फीसद अनुदान पर उपलब्ध होंगे। सरकार का मानना है कि इससे किसानों को मौसम की मार से फौरी



राहत मिलेगी। उनको कम समय में बिना किसी खास लागत के पोषक तत्वों से भरपूर जायद की अतिरिक्त फसल भी मिल जाएगी। इससे सरकार की फसल सघनता का मकसद भी पूरा होगा। एक अनुमान के अनुसार सरकार के इस कदम से मोटे अनाजों एवं जायद की फसलों का रकबा करीब 2.5 लाख हेक्टेयर बढ़ेगा और उत्पादन दोगुना हो जाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में जायद फसलों का आच्छादन लगभग 9 लाख हेक्टेयर है। जायद फसलों का आच्छादन बढ़ाने के लिए सरकार 15.31 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी भी दे चुकी है ताकि पूरा दाम लेकर बीज खरीदने वाले किसानों की अनुदान राशि इसी महीने डीबीटी के जरिए किसानों के खाते में पहुंच जाए। जायद एवं मोटे अनाजों के प्रमाणित एवं उन्नतिशील बीजों का वितरण भी कृषि विभाग के स्थानीय केंद्रों से शुरू हो चुका है।

### अक्टूबर के अप्रत्याशित मौसम की मार में भी मददगार रही सरकार

अक्टूबर माह के अंत में जब खरीफ की फसल तैयार थी और किसान रबी की फसलों की तैयारी कर हे थे, उस समय भी इसी तरह अप्रत्याशित बारिश हुई थी। तब भी योगी सरकार किसानों के साथ नजर आयी।

तब मुख्यमंत्री की पहल पर किसानों को 33 करोड़ रुपये के दलहनी फसलों के निःशुल्क बीज मिनीकिट के रूप में उपलब्ध कराए गये। इसमें चना (प्रति किट 16 किग्रा) एवं मसूर (प्रति किट 8 किग्रा) के 2.5 लाख मिनीकिट शामिल थे।

इसके अलावा प्रदेश के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) की उपयोगिता के अनुसार 28 हजार कुंतल दलहनी के अन्य फसलों के बीज भी किसानों को निःशुल्क दिए गये थे।

### पहले कार्यकाल से ही योगी के लिए किसान सर्वोपरि

उल्लेखनीय है कि अपने पहले कार्यकाल की पहली कैबिनेट में ही सीएम योगी ने लघु-सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक के कुल 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया था। वह भी तब, जब पूर्ववर्ती सरकारों की लूट-खसोट के कारण खजाना खाली था। इसका लाभ 86 लाख किसानों को मिला। तबसे यह सिलसिला लगातार जारी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### स्ट्राइकर मोरेनो इक्वाडोर के इंडिपेंडेंट डेल वैले से जुड़े

**क्विटो/इक्वाडोर।** बोलीविया के दिग्गज स्ट्राइकर मार्सेलो मोरेनो फ्री ट्रांसफर पर इक्वाडोर की टीम इंडिपेंडिएंट डेल वैले से जुड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। उनके एजेंट ने यह जानकारी दी। शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि, 35 वर्षीय एक साल के विस्तार के विकल्प के साथ 31 दिसम्बर तक इंडिपेंडिएंट से जुड़े रहेंगे। एजेंट सैंटियागो मोरालेस ने इक्वाडोरियन रेडियो स्टेशन मचडिपोर्ट्स को बताया, कल दोपहर 3 बजे, हमने उनके साथ बातचीत को आगे बढ़ाया और शाम 5:30 बजे हमने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। मोरेनो के निजी कारणों से पराग्वे के क्लब सेरो पोटेर्नो से अलग होने के आठ दिन बाद यह घोषणा की गई। मोरेनो, जो बोलिविया के लिए 98 बार कैप किया गया है और 30 अंतरराष्ट्रीय गोल के स्कोरर हैं, ने सेरो पोटेर्नो के लिए 44 मैचों में सात बार नेट किया है।

### स्पेन मास्टर्स के मुख्य ड्रा में प्रियांशु

**मैड्रिड।** भारत के प्रियांशु राजावत ने यहां स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में दो शानदार जीत दर्ज करते हुए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया है। दुनिया के 60वें नंबर के शटलर ने मंगलवार को क्वालीफिकेशन चरण के अंतिम मैच में फ्रांस के एलेक्स लैनियर को 21-18 18-21 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने अल सल्वाडोर के यूरिल फ्रांसिस्को कैनजुरा अर्टिगा को 21-16 21-12 के सीधे गेमों में मात दी।

### शुरूआती चरण में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स आईपीएल के शुरूआती चरण में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे ताकि अपने घुटने की चोट को मैनेज कर सकें। स्टोक्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने 16.25 करोड़ रुपये में अनुबंधित किया था, वह पिछले सप्ताह भारत आ गए थे और अपने नए टीम साथियों के साथ प्रशिक्षण कर रहे हैं।

### अय्यर के खेलने की है उम्मीद : चंद्रकांत

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित को उम्मीद है कि उनकी टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर कमर की चोट से उभरकर इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हिस्सा ले सकेंगे। चंद्रकांत ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहाः मैंने जो भी थोड़ा बहुत क्रिकेट खेला है या कोचिंग दी है उसमे मैं टीम की अनुपलब्धता जैसी चीजों से कभी पीछे नहीं हटता। श्रेयस की अनुपस्थिति से फर्क पड़ेगा, क्योंकि वह टीम के लिये महत्वपूर्ण है, लेकिन यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है की वह टूर्नामेंट के शुरुआती दौर का हिस्सा नहीं हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि श्रेयस बहुत जल्द वापस आएंगे और इससे टीम पर बहुत फर्क पड़ेगा।

# स्पेन मास्टर्स : किदांबी दूसरे चरण में, सात्विक-चिराग बाहर

### किदांबी ने रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड के सिथिकॉम को दी मात

**एजेंसी। मैड्रिड**

भारत के अनुभवी शटलर किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को स्पेन मास्टर्स सुपर 300 इवेंट के पहले चरण में जीत दर्ज की, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पहले दौर का मैच बीच में ही छोड़ने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

किदांबी ने एक घंटे पांच मिनट चले रोमांचक पुरुष एकल मुकाबले में थाईलैंड के सिथिकॉम थमासिन को 21-11, 25-27, 23-21 से मात दी। यह थमासिन के खिलाफ चार मैचों में किदांबी की चौथी जीत है। दूसरे चरण में किदांबी का सामना हमवतन साई प्रणीत या चेक गणराज्य के जैन लॉडा से होगा।

पिछले हफ्ते स्विस ओपन जीतने वाली सात्विक-चिराग की जोड़ी जापान के अयातो एंडो और युता ताकेई के खिलाफ 9-11 से पीछे थी जब उन्होंने मैच छोड़ने का फैसला किया।

इस जोड़ी के टूर्नामेंट से बाहर होने के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि सात्विक कोर्ट छोड़ने से पहले अपना बायां पैर मैच अधिकारियों को दिखाते हुए नजर आये थे। गौरतलब है कि सात्विक को जनवरी में ग्रोइन इंजरी हुई थी जिसकी वजह से इस जोड़ी को घरेलू सरजमीन पर आयोजित इंडिया ओपन 750 टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था।

इसी बीच, भारत की आकर्षी कश्यप ने महिला एकल के पहले चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कनाडा की मिशेल ली को हराया।

कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पहला गेम 21-12 से अपने नाम कर लिया था, लेकिन आकर्षी ने अगले दो गेम 21-15, 21-18 से जीतकर दूसरे चरण में कदम रखा। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को हालांकि महिला युगल के पहले चरण में हार का सामना करना



पड़ा। जापान की रेन मियाउरा और अयाको सकुरामोटो से ने त्रिशा-गायत्री को 39 मिनट में 21-18, 21-16 से मात दी।

### मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में अल्काराज

**एजेंसी। मियामी**

गत चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 6-4, 6-4 से हराकर अपनी लगातार नौवीं जीत हासिल की और मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के अल्काराज इस सप्ताह 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने की तलाश में हैं। उन्होंने इस माह के शुरू में इंडियन वेल्स में अपना तीसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। 19 वर्षीय अल्काराज को एटीपी रैंकिंग में नंबर एक बने रहने के लिए मियामी में सत्र का अपना तीसरा खिताब जीतना होगा। उन्हें क्वार्टर फाइनल में एक और अमेरिकी खिलाड़ी विश्व के नंबर 10 टेलर फ्रिट्ज से भिड़ना होगा। दोनों पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। पहली बार मियामी में चौथे दौर में खेल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनलिस्ट पॉल मुकाबले में अल्काराज की तेजी का मुकाबला नहीं कर पाए। अल्काराज ने पॉल के नौ विनर्स के मुकाबले 22 विनर्स लगाए।

# टी-20 : वेस्टइंडीज के नाम हुई सीरीज

### अंतिम टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से दी करारी मात

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

रोमारियो शेपर्ड (22 गेंद, नाबाद 44 रन) की आतिशी बल्लेबाजी और अल्जारी जोसेफ (40/5) की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने तीसरे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है। वेस्टइंडीज ने मंगलवार को निर्णायक मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मेजबान टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 213 रन ही बना सकी।

विंडीज की इस रोमांचक जीत में शेपर्ड ने 22 गेंद पर दो चौकों और तीन छक्कों की बदौलत नाबाद 44 रन बनाये जबकि जोसेफ ने चार ओवर में 40 रन के बदले पांच विकेट चटकाये। वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद तेजी से रन बनाना जारी रखा। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स 10 गेंद पर 17 रन बनाकर चौथे ओवर में आउट हो गये, जबकि कागिसो रबाडा ने अगली ही गेंद पर जॉनसन चार्ल्स को चलता किया। निकोलस पूरन और ब्रैंडन किंग ने तीसरे विकेट के लिये 55 रन जोड़कर पारी को संभाला। सलामी बल्लेबाज किंग ने 25 गेंद पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन बनाये लेकिन आनरिक नॉर्खिया ने उन्हें आउट करके प्रोटियाज की मैच में वापसी करवा दी।



### विंडीज ने 161 रन पर गंवा दिये थे आठ विकेट

**विंडीज** ने 161 रन पर आठ विकेट गंवा दिये, हालांकि उनके पास अब भी चार ओवर शेष थे। शेपर्ड ने अल्जारी जोसेफ के साथ 26 गेंद पर 59 रन की विस्फोटक साझेदारी करके प्रोटियाज को आखिरी दो विकेटों के लिए तरसाया। शेपर्ड को 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर 17 रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला। उन्होंने इसका पूरा लाभ उठाते हुए रबाडा के आखिरी ओवर में 26 रन जोड़कर वेस्टइंडीज को 220/8 के स्कोर पर पहुंचा दिया।

दक्षिण अफ्रीका के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरे सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक (21 गेंद, 21 रन) प्रभावशाली योगदान नहीं दे सके, हालांकि रीजा हेंड्रिक्स और राइली रूसो ने प्रोटियाज की पारी को संभाल लिया। हेंड्रिक्स-रूसो के बीच दूसरे विकेट के लिये 80 रन की साझेदारी हुई जिसमें रूसो ने 21 गेंद पर 42 रन (चार चौके, तीन छक्के) का विस्फोटक योगदान दिया।

### ऋषभ पंत की जगह अभिषेक पोरेल होंगे शामिल : रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने चोटिल ऋषभ पंत की जगह बंगाल के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को टीम में चुना है। पोरेल को साइन करने की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है, लेकिन यह चयन दिल्ली में लगे एक सप्ताह के कैंप में हुए अभ्यास मैचों से हुआ है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार पोरेल के साथ शेल्डन जैक्सन, लवनिथ सिसोदिया और विवेक सिंह को मैच अभ्यास कराया गया था, जिसमें दिल्ली के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली और प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग की उन पर पिछले एक सप्ताह से नजर थी। दिल्ली ने पोरेल के बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट सीजन में उनके प्रदर्शन को देखते हुए लिया है, जहां उन्होंने ग्लव्स से तो उम्दा प्रदर्शन किया लेकिन बल्ले से बड़े स्कोर नहीं बना पाए। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तीन मैचों में उनके नाम 22 रन हैं, जिसमें एक मैच में उन्होंने नाबाद 20 रन बनाए थे। वहीं, प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 26 पारियों में छह अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें 73 रन सर्वश्रेष्ठ है। पोरेल के अभी भी बैकअप विकेटकीपर होने की संभावना है, क्योंकि फ्रैंचाइजी सरफराज खान को इस रोल के लिए आजमा रही है। पिछले तीन सीजन से सरफराज घरेलू क्रिकेट में जबरदस्त फॉर्म में हैं। साथ ही वह उन दो ही खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने रणजी ट्रॉफी में दो बार 900 से अधिक रन बनाए हैं (2019-20 और 2021-22)।



# मियामी ओपन : ट्रेविसन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची रिबाकिना

**एजेंसी। अमेरिका**

वर्ल्ड नंबर-7 एलेना रिबाकिना ने इटली की मार्टिना ट्रेविसन को 6-3, 6-0 से हराकर मियामी ओपन के सीजन के तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत ने रिबाकिना की मौजूदा जीत की लय को 12 तक बढ़ा दिया। रिबाकिना अब सनशाइन डबल पूरा करने वाली पांचवीं महिला बनने से दो जीत दूर हैं, जिन्होंने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में बैक-टू-बैक खिताब जीता।

23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता, फाइनल में दुनिया की नंबर 2 आर्यना सबालेंका को हराकर विंबलडन के बाद से अपना सबसे बड़ा खिताब जीता। रिबाकिना ने मंगलवार रात जीत के बाद कहाः निश्चित रूप से मुझ पर कोई दबाव नहीं है। मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल है और कई खिलाड़ियों ने ऐसा नहीं किया है। साथ ही मैं दूसरे मैच में प्वाइंट से नीचे थी। मुझे बस मैच दर मैच फोकस करने की जरूरत है। रिबाकिना का इस जीत के बाद सत्र में 20-4 का रिकॉर्ड हो गया है और उन्होंने एक सत्र में सर्वाधिक मैच जीतने के मामले में सबालेंका की बराबरी कर ली है।

# विराट ने टी20 बल्लेबाजी की परिभाषा को बदला : आकाश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि विराट कोहली ने अपने जबरदस्त 2016 आईपीएल सत्र के दौरान टी-20 बल्लेबाजी की परिभाषा को बदल दिया। कोहली ने इस बेशुमार दौलत से भरपूर लीग के इतिहास में अपना नाम महानतम बल्लेबाजों में 2016 सत्र की बदौलत शुमार करा लिया है। विराट ने उस सत्र में 973 रन बनाये थे जो टूर्नामेंट के इतिहास में एक सत्र में सबसे ज्यादा हैं। आकाश चोपड़ा ने जियो सिनेमा के शो इनसाइडर्स प्रिव्यू में कहाः यदि आप उस सत्र से पहले बल्लेबाज विराट को देखें तो आपको लगेगा कि वह रन बना सकते हैं, लेकिन किसी ने भी उनके रॉकस्टार टी-20 बल्लेबाज होने के स्वरुप की उम्मीद नहीं की थी। वह उस स्तर के खिलाड़ी नहीं हैं विराट ने उस सत्र में टी 20 में बल्लेबाजी की परिभाषा को बदल डाला। उन्होंने कहाः विराट ने साबित किया कि सही तकनीक से भी टी-20 क्रिकेट खेला जा सकता है।

### राशिद टी20 के शीर्ष गेंदबाज बने

**दुबई।** अफगानिस्तान टी-20 टीम के कप्तान राशिद खान पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज विजय के बाद टी-20 गेंदबाजों की सूची में एक बार फिर शीर्ष पर लौट आये हैं। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, राशिद 710 रेटिंग पॉइंट के साथ वानिन्दू हसरंगा को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। कप्तान राशिद ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला में बेहद किफायती गेंदबाजी की।

# बुमराह पहली बार नहीं होंगे आईपीएल का हिस्सा

**एजेंसी। मुंबई**

आईपीएल 2023 से पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह लेने वाले खिलाड़ी की घोषणा अगले एक-दो दिनों में की जायेगी। बुमराह अपनी पीठ की चोट के कारण सितम्बर 2022 से एक्शन से बाहर हैं और इस महीने के शुरू में उनकी सर्जरी हुई है। एक दशक में यह पहली बार होगा जब बुमराह आईपीएल का हिस्सा नहीं होंगे। रोहित ने सत्र से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाः जहां तक बुमराह की जगह लेने वाले खिलाड़ी की बात है , हम कुछ विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। अगले एक-दो दिनों में हम इसका फैसला कर लेंगे। मुंबई इंडियंस के कप्तान ने कहाः हम बुमराह के बारे में बात कर रहे हैं। उनकी कमी हमें काफी खलेगी। मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उनकी जगह भरना एक बड़ी चुनौती होगी।



### मुंबई इंडियंस ने अलग अवतार का मौका दिया : रोहित

**आईपीएल** में मुम्बई इंडियंस को पांच खिताब जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें खुद को एक अलग अवतार में दिखाने का मौका दिया। आईपीएल 2023 में रोहित को मुंबई की कमान संभाले हुए 10 साल हो जाएंगे। पांच खिताबों के साथ वह टूर्नामेंट के सबसे सफल कप्तान हैं। टूर्नामेंट के 16वें संस्करण से पहले कप्तान ने फ्रेंचाइजी के साथ लम्बे जुड़ाव के बारे में बात की और कहा कि उन्हें इस सफर के हर लम्हे से प्यार है। रोहित ने सत्र पूर्व कॉन्फ्रेंस में कहाः 10 वर्ष एक लंबा समय होता है। इस अवधि में आपके साथ कई यादें जुड़ जाती हैं।

## फुटबॉल | लियोनेल मेसी ने पूरा किया अंतर्राष्ट्रीय गोल का शतक

# अर्जेंटीना एकतरफा मुकाबले में 7-0 से जीता

### मेसी अब अर्जेंटीना के लिए खेले गये 174 मैचों में कर चुके हैं 102 गोल

**एजेंसी। सेंटिआगो डेल एस्टेरो/अर्जेंटीना**

लियोनेल मेसी के 100वें अंतरराष्ट्रीय गोल की मदद से अर्जेंटीना ने एकतरफा दोस्ताना मैच में क्यूरासाओ को 7-0 से रौंद दिया है। युनीको माद्रे स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मुकाबले में मेसी (20वां, 33वां, 37वां मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक बनाते हुए तीन गोल किये। निकोलस गोंजालेस (23वां मिनट), एंजो फर्नांडिस (35वां मिनट), एंजल डी मारिया (78वां मिनट) और गोंजालो मोंटील (87वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

मेसी अब अर्जेंटीना के लिए खेले गये 174 मैचों में 102 गोल कर चुके हैं। अर्जेंटीना ने मैच की मजबूत शुरुआत की और मेसी ने शानदार नियंत्रण के साथ गेंद को गोलपोस्ट के दाहिने कोने में मारकर टीम को बढ़त दिल दी। गोंजालेज ने हेडर के साथ बढ़त को दोगुना किया, जबकि मेसी ने उसके आधे घंट के बाद अपनी टीम के लिये तीसरा गोल दागा।

मेसी ने कुछ ही समय बाद एंजो फर्नांडीज को पास दिया, जबकि फर्नांडिस ने 20 गज की दूरी से गोलकीपर एलॉय रूम को छकाकर अर्जेंटीना की बढ़त 4-0 कर दी। मेसी ने इसके बाद उम्र को धता बताकर स्फूर्ति के साथ क्यूरासाओ के बॉक्स में जगह बनायी और गोलकीपर रूम को मात देकर गोलों की हैट्रिक पूरी की। मध्यांतर के बाद मेजबान टीम ने अपनी तीव्रता कम कर दी, लेकिन उनकी श्रेष्ठता बरकरार रही। एंजेल डी मारिया ने हैंडबॉल के बाद 78वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। मोंटिएल ने आधिकारिक समय की समाप्ति से तीन मिनट पहले पाउलो डायबाला के बॉल का पीछा करते हुए गोल करके इस मैच को समाप्त किया।



### क्वालीफायर : स्कॉटलैंड ने स्पेन को चौंकाया

**एजेंसी। ग्लास्गो/स्कॉटलैंड**

स्कॉट मैकटॉमिने के दो शानदार गोलों की बदौलत स्कॉटलैंड ने स्पेन को यूरो 2024 क्वालीफायर्स में मंगलवार को 2-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की और अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया। मैकटॉमिने ने दोनों हाफ के शुरू में एक-एक गोल किया। स्कॉटलैंड ने मजबूत खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के पास ज्यादा विकल्प नहीं छोड़े। शिन्हुआ के अनुसार स्पेन के कोच ने शनिवार को नॉर्वे को 3-0 से हराने वाली टीम में आठ बदलाव किये। मैच में अभी सात मिनट हुए ही थे कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर ने गोल कर स्कॉटलैंड को आगे कर दिया। मैकटॉमिने ने मैच के 50वें मिनट में बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर स्कॉटलैंड का दूसरा गोल दाग दिया। यह स्कोर 3-0 हो सकता था लेकिन जान मैक्गिन की फ्री किक बार से टकरा गयी।



# शेयर बाजार में रही तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आज यानी बुधवार (29 मार्च) को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 346 अंक की बढ़त के साथ 57,960 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 129 अंकों की बढ़त रही। यह 17,080 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 शेयरों में तेजी और 4 में गिरावट रही। आज अडाणी ग्रुप के 10 में से 8 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9.29% चढ़ा है। वहीं अडाणी टोटल गैस और ग्रीन एनर्जी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत नजर आ रहा है। एशिया में निक्केई आधा परसेंट ऊपर कारोबार कर रहा है।यूएस फ्यूचर्स भी चौथाई परसेंट तक चढ़े है। लेकिन अमेरिकी मार्केट कल हल्की कमजोरी के साथ बंद हुए थे । नैस्डैक में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली। मंगलवार यानी 28 मार्च शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 40 अंक की गिरावट के साथ 57,613 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही थी। यह 16,951 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में गिरावट और 11 में तेजी रही थी।

# अप्रैल में जैक्वार्ड स्मार्ट फैब्रिक ऐप को बंद करेगा गूगल

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

गूगल ने पुष्टि की है कि वह अप्रैल में कंपनी के एडवांस्ड टेक्नोलॉजी एंड प्रोजेक्ट्स (एटीएपी) ग्रुप द्वारा बनाए गए जैक्वोर्ड एक्सेसरीज के लिए जिम्मेदार ऐप को बंद कर देगा। 9टु5गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, जैक्वोर्ड स्मार्ट परिधान, फुटवियर और रोजमर्रा की अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए बनाया गया एक फुल-स्केल डिजिटल प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म है, जिसे 2015 में गूगल द्वारा अनावरण किया गया था और दो साल बाद लिवाइस के विशेष जैकेटों पर शुरू किया गया था। गूगल की जैक्वार्ड तकनीक कपड़ों में टच सेंसर और हैप्टिक फीडबैक एम्बेड कर सकती है, जिसे बाद में स्मार्टफोन के साथ जोड़ा जा सकता है। वास्तव में, इन स्मार्ट जैकेटों (और बाद में स्मार्ट यवेस सेंट लॉरेंट बैकपैक्स) ने उपयोगकताओं को अपने फोन पर बिना उन्हें छुए विशिष्ट (अनुकूलन योग्य) कार्य करने की अनुमति दी। रिपोर्ट में कहा गया, एक डबल-टैप, उदाहरण के लिए, संगीत प्ले/पाउस सकता है, स्मार्ट फैब्रिक को ब्रश करने से ट्रैक बदल सकते हैं और सेंसर को संक्षेप में कवर करने से सूचनाएं म्यूट/अनम्यूट हो जाएंगी। कई कंपनियों ने ऐसे प्रोडक्ट जारी किए हैं जिनमें आरंभिक रिलीज के बाद से ही गूगल जैक्वार्ड शामिल है। पिछले साल, गूगल ने डुप्लेक्स ऑन द वेब को बंद कर दिया, एक ऐसी तकनीक जो गूगल सहायक को साइट विजिटर्स के लिए कुछ उपयोगकर्ता कार्यो



को स्वचालित करने में सक्षम बनाती है। कंपनी ने अपने 2019 गूगल आई/ओ डेवलपर सम्मेलन के दौरान वेब पर डुप्लेक्स पेश किया। डूप्लेक्स ऑन द वेब गूगल एसिस्टेंट को साइटों पर अलग-अलग कार्रवाइयां करने में सक्षम बनाता है।

# टीएएसएल ए 320 नियो विमान के कार्गो डोर का निर्माण करेगी



**एजेंसी। हैदराबाद**

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) हैदराबाद स्थित अपने संयंत्र में ए320 नियो विमान परिवार के कार्गो और बल्क कार्गो दरवाजों का निर्माण करेगी। विमान निमार्ता एयरबस ने टीएएसएल को यह अनुबंध दिया है, जिसे सिंगल-आइजल विमान बाजार में एयरबस की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और ए320 कार्यक्रम के रैंप-अप का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। टीएएसएल ने एक बयान में कहा कि वह अत्याधुनिक रोबोटिक्स और ऑटोमेशन तकनीक का उपयोग करके हैदराबाद में एक नई सुविधा में इन दरवाजों का उत्पादन करेगी। प्रत्येक शिपसेट में दो कार्गो दरवाजे और एक बल्क कार्गो दरवाजे शामिल होंगे। बुधवार को हैदराबाद में ओलिवियर कॉक्विल, एसवीपी एयरोस्ट्रक्चर प्रोक्योरमेंट, एयरबस, और मसूद हुसैनी, वीपी एंड एचओ एयरोस्ट्रक्चर एंड एयरो-इंजन्स, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, रेमी माइलार्ड ने कहा, ₹जब भारत की औद्योगिक क्षमताओं के विकास का समर्थन करने की बारी आती है, तो एयरबस बात करती है। नवीनतम अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और 'मेक-इन-इंडिया' के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।₹ टीएएसएल में हमारे पास एक सबसे भरोसेमंद और सक्षम भागीदार है जो हमारे ए320 नियो परिवार के विमान के रैंप-अप का समर्थन करेगा जो भारत के विमानन क्षेत्र के लोकतंत्रीकरण और परिवर्तन का पोस्टर चाइल्ड रहा है। हम अपने औद्योगिक पदचिह्न और विमानन और एयरोस्पेस इकोसिस्टम को भारत में तेज गति से विकसित करना जारी रखेंगे।₹ यह अनुबंध जीतने पर टिप्पणी करते हुए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुकरण सिंह ने कहा : ₹विश्वास और परिचालन उत्कृष्टता के आधार पर हमारा एयरबस के साथ एक सतत संबंध है, और यह नई अनुबंध जीत भारत में एयरोस्पेस निर्माण में हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगी।₹ एयरबस इस समय 100 से अधिक भारतीय आपूर्तिकताओं से हर साल 735 मिलियन डॉलर मूल्य के पुर्जे और सेवाएं खरीदती है। आज, प्रत्येक एयरबस वाणिज्यिक विमान और प्रत्येक एयरबस हेलीकॉप्टर में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां और प्रणालियां भारत में डिजाइन, निर्मित और अनुरक्षित हैं। इसके अलावा, एयरबस गुजरात में टीएएसएल के साथ सी295 सैन्य विमान फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) का निर्माण करेगी, जो निजी क्षेत्र में पहला ठोस, बड़े पैमाने पर मेक-इन-इंडिया निर्माण एयरोस्पेस कार्यक्रम है।

# डेवलपर्स के लिए साइडवॉक वायरलेस नेटवर्क खोलेगा अमेजन

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

अमेजन ने अपने कम-बैंडविड्थ, लंबी दूरी के वायरलेस नेटवर्क साइडवॉक को बाहरी डेवलपर्स के लिए सुलभ बना दिया है, जो अपने स्वयं के कुछ उपकरणों जैसे कि रिंग डोरबेल और इको स्पीकर को शक्ति प्रदान करता है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, साइडवॉक परीक्षण किट का उपयोग करके, डेवलपर्स अब यह निर्धारित करने के लिए मैप पर अपनी स्थानीय सिग्नल शक्ति की जांच कर सकते हैं कि उत्पाद विकसित करने से पहले उनके डिवाइस नेटवर्क से कनेक्ट होंगे या नहीं। अमेजन साइडवॉक एक साझा नेटवर्क है जो उपकरणों को घर पर और सामने के दरवाजे से परे बेहतर काम करने में मदद करता है, जिसे कम-शक्ति, लंबी दूरी, कम-डेटा उपकरणों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका अर्थ है कि साइडवॉक उन उपकरणों को कनेक्ट कर सकता है जो ब्लूटूथ या वाई-फाई रेंज के भीतर नहीं हैं। अमेजन डिवाइसेस एंड सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डेव लिम्प ने कहा, ₹हमने तेजी से एक लंबी दूरी, कम बैंडविड्थ नेटवर्क बनाया है जो अब अमेरिका की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी को कवर करता है और यह डेवलपर्स के लिए परीक्षण करने के लिए एक खुला निमंत्रण है। उन्होंने कहा, कई प्रकार के जुड़े



उपकरणों को वाई-फाई की सीमा और सेलुलर प्रौद्योगिकी की लागत से सीमित कर दिया गया है, जिससे पर्यावरण सेंसर, रिसाव डिटेक्टर और स्मार्ट लॉक जैसे उपकरणों को जोड़ने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है। साइडवॉक को उपकरणों की एक पूरी नई श्रृंखला का आविष्कार करने और कनेक्ट करने के लिए एक सुरक्षित, कम लागत वाला तरीका प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है और हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि डेवलपर्स क्या बनाते हैं। इस बीच, अमेजन लगभग 25 वर्षों के संचालन के बाद निकट भविष्य में अपनी गो-टू कैमरा समीक्षा वेबसाइट 'डीपीरिव्यू' को बंद कर देगा। डीपीरिव्यू.कॉम के महाप्रबंधक स्कॉट एवरेट ने कहा, साइट 10 अप्रैल तक सक्रिय रहेगी और एडिटोरियल टीम अभी भी समीक्षाओं पर काम कर रही है और हमारी कुछ बेहतरीन कंटेंट वितरित करने की उम्मीद कर रही है।

# मारुति सुजुकी ने 25 लाख वाहनों के निर्यात का आंकड़ा किया पार

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 25 लाख वाहनों के निर्यात का आंकड़ा पार कर लिया है। मारुति सुजुकी यात्री वाहनों की सबसे बड़ी निर्यातक कंपनी है। मारुति सुजुकी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसका 25 लाख वां वाहन मारुति सुजुकी बलेनो है, जिसे गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से लातिन अमेरिका भेजा गया है। 80 के दशक में वाहनों का निर्यात शुरू करने के बाद से उसने संचयी निर्यात का 25 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने कहा कि 25 लाख वें वाहन का निर्यात भारत की विनिर्माण क्षमता की बानगी है। यह उपलब्धि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी मेक इन इंडिया पहल के प्रति मारुति सुजुकी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उल्लेखनीय है कि मारुति ने निर्यात की शुरूआत वित्त वर्ष 1986-87 में बांग्लादेश और नेपाल जैसे पड़ोसी बाजारों से की थी। कंपनी मौजूदा वक्त में करीब 100 देशों में वाहनों का निर्यात करती है, जिसमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया और पश्चिम एशिया शामिल हैं।

## 2024 तक दो इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर लॉन्च करेगा होंडा

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज (बुधवार, 29 मार्च) घोषणा कर दी है कि वह वित्त वर्ष 2024 में दो इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर लॉन्च करेगा। इनमें से एक फिक्स बैटरी और दूसरी स्वैपेबल बैटरी के साथ आएगी। कंपनी का कहना है कि प्रोजेक्ट 'विद्युत' के तहत वह दोनों इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स को भारत में मिड-रेंज में लॉन्च करेगी। हालांकि कंपनी ने ये नहीं बताया है कि दोनों इलेक्ट्रिक स्कूटर होंगे या बाइक। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कंपनी अपने सबसे लोकप्रिय एक्टिवा रेंज पर बेस्ड एक ऑल-इलेक्ट्रिक स्कूटर हो सकता है। जबकि दूसरा 'होंडा एट1' हो सकता है, जिसे इआइसीएम ए में शोकेस किया था और यह एक बार के फुल चार्ज में 40 किमी तक की रेंज देता है। 'होंडा इएम 1 ई' में स्वैपेबल बैटरी है। कंपनी ने कहा कि उसका टारगेट 2030 तक हर साल एक मिलियन इवी बनाने का माइलस्टोन अचीव करना है। होंडा भारतीय बाजार में टू-व्हीलर कैटेगरी में एक नई एडवेंचर मोटरसाइकिल बना रही है। यह मोटरसाइकिल सीबी 300एक्स स्ट्रीटफाइटर मॉडल पर आधारित हो सकती है, जिसे सीबी 300एक्स नाम दिया जा सकता है। संभावना है कि कंपनी इसे उबड़-खाबड़ इलाकों के लिए ज्यादा सूटेबल बनाने के लिए जरूरी अपडेट के साथ लांच करेगी।

## विदेश

**NEWS इन ब्रीफ**

### चाइना मीडिया ग्रुप के टेगुसिगल्पा प्रेस स्टेशन का उद्घाटन

**बीजिंग।** चीन और होंडुरास की सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से अनुमोदित होंडुरास में स्थित पहले चीनी मीडिया संगठन के रूप में चाइना मीडिया ग्रुप के टेगुसिगल्पा प्रेस स्टेशन ने स्थानीय समयानुसार 28 मार्च को होंडुरास के राष्ट्रपति महल में उद्घाटन समारोह आयोजित किया। यह विदेशों में चाइना मीडिया ग्रुप द्वारा स्थापित 191वां प्रेस स्टेशन है। उद्घाटन समारोह में चाइना मीडिया ग्रुप और होंडुरास राष्ट्रीय रेडियो और टेलीविजन स्टेशन ने सहयोग और आदान-प्रदान के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। चीन और होंडुरास के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद मीडिया क्षेत्र में यह पहला सहयोग समझौता है। दोनों पक्ष संस्थानों की स्थापना, सहयोग तंत्र, कार्यक्रम सामग्री, कर्मियों के आदान-प्रदान और औद्योगिक सहयोग पर सहयोग करेंगे।

### ग्रीस में 21 मई को आम चुनाव होंगे

**एथेंस।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने घोषणा की है कि आम चुनाव 21 मई को होंगे। उन्होंने मंगलवार को एक कैबिनेट बैठक के दौरान कहा, आम चुनाव चार साल के कार्यकाल के अंत में होंगे, जैसा कि मैंने शुरू से ही वादा किया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि यदि चुनाव के दूसरे दौर की आवश्यकता होती है, तो यह जुलाई की शुरूआत में होगा। सत्तारूढ़ रूढ़िवादी न्यू डेमोक्रेसी पार्टी ने जुलाई 2019 में हुए चुनावों में जीत हासिल की और हाल के सभी जनमत सर्वेक्षणों में आगे चल रही है। हालांकि, अधिकांश राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि जिस तरह से ग्रीक चुनावी प्रणाली काम करती है, उसके कारण संसदीय बहुमत हासिल करना मुश्किल होगा।

# इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर अदालतों की मेहरबानी बुधवार को थम गई। इस्लामाबाद के सेशन्स कोर्ट ने महिला जज जेबा चौधरी को धमकाने के मामले में खान के खिलाफ फिर गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। इसके पहले 16 मामलों में इमरान को जमानत मिल चुकी है। 9 केस में उन्हें लाहौर हाईकोर्ट से बेल मिली, जबकि 7 मामलों में इस्लामाबाद कोर्ट ने बेल दी है। खान उनके खिलाफ मजबूत केसों में पेश होने से लगातार बच रहे हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि अगर वो गिरफ्तार हो जाते हैं तो उन्हें इन मामलों में भी पेश किया जाएगा। बुधवार को सेशन्स जज ने कहा- ये अदालत की तौहीन भी है, खान को पेश होना ही पड़ेगा। इमरान खान पर लाहौर हाईकोर्ट सबसे ज्यादा मेहरबान रहा है। उसने गंभीर मामलों में भी इमरान को बिना पेश हुए जमानत दी है। इस्लामाबाद कोर्ट ने पुलिस से कहा है कि वो इमरान को गिरफ्तार करके 18 अप्रैल तक कोर्ट में पेश करे। इस मामले की पिछली सुनवाई 24 मार्च को हुई थी। तब हंगामे और मारपीट के हालात बन गए थे। जज गैर-जमानती वारंट को जमानती वारंट में तब्दील कर दिया था।

# अमेरिका में 1.5 करोड़ से ज्यादा बच्चे कोविड से संक्रमित

**एजेंसी। वाशिंगटन**

2020 में महामारी की शुरूआत के बाद से अमेरिका में 15.5 मिलियन से अधिक बच्चे कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) और चिल्ड्रन हॉस्पिटल एसोसिएशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले चार हफ्तों में इनमें से 66,000 से अधिक मामले जोड़े गए हैं। इसमें कहा गया है कि 23 मार्च को 13,000 से अधिक बच्चों में कोविड-19 के मामले सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह महीनों में, अमेरिका में साप्ताहिक रूप से रिपोर्ट किए गए बाल मामलों में औसतन लगभग 30,000 मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए रूपों से संबंधित बीमारी की गंभीरता के साथ-साथ संभावित दीर्घकालिक प्रभावों का



आकलन करने के लिए अधिक एज-स्पेसिफिक डेटा एकत्र करने की आवश्यकता है। एएपी ने कहा कि यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि बच्चों के स्वास्थ्य पर महामारी के तत्काल प्रभाव हैं, लेकिन महत्वपूर्ण रूप से हमें बच्चों और युवाओं की इस पीढ़ी के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण पर लंबे समय तक चलने वाले प्रभावों की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है। सबसे अधिक मामलों और मौतों के साथ, अमेरिका कोविड महामारी से सबसे अधिक प्रभावित देश बना हुआ है। बुधवार सुबह तक, देश का केसलोड और मरने वालों की संख्या क्रमशः 106,120,651 और 1,153,972 थी।

# पाक में मुफ्त आटा लेने गए 11 लोगों की मौत

**एजेंसी। लाहौर**

इन दिनों रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। दुनिया के तमाम देशों में मुस्लिम इबादत करने के साथ रोजे रख रहे हैं। पाकिस्तान में इन्हीं दिनों मुफ्त आटा हासिल करने के लिए भगदड़ मच रही है और इसमें अब तक 11 लोगों की जान जा चुकी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक-पाकिस्तान के अकेले पंजाब प्रांत में ही मुफ्त आटा हासिल करने की जद्दोजहद में महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो चुकी है। रमजान शुरू होने के बाद से अब तक मुफ्त आटा हासिल करने की कोशिश में 11 लोग जान गंवा चुके हैं। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। खास बात यह है कि यह आंकड़ा पंजाब प्रांत के सिर्फ चार जिलों का है। ये जिले हैं- साहिवाल, बहावलपुर, मुजफ्फरगढ़ और ओकारा। चारों ही जिले दक्षिण पंजाब में आते हैं। इन जिलों में 60 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि लोगों की मौत भगदड़ की वजह से हुई है। पाकिस्तान में एक किलोग्राम आटा इस वक्त 185 रुपए में बिक रहा है। देश में ज्यादातर लोग तंदूर की दुकानों से रोटियां खरीदते हैं। लाहौर में एक रोटी करीब 40 रुपए की मिल रही है। तंदूर चलाने वाले दुकानदारों का कहना है कि महंगी बिजली और मेंटेनेंस की वजह से उन्हें रोटी महंगी बेचनी पड़ रही है। हालात बिगड़ते देख सरकार ने गरीबों के लिए मुफ्त आटा देने की स्कीम शुरू की, लेकिन इसका फायदा उन्हें नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि सरकारी अफसर ये खराब क्वॉलिटी का आटा भी ब्लैक मार्केट में बेच रहे हैं। जैसे ही किसी इलाके में मुफ्त आटा लिए ट्रक पहुंचता है तो भगदड़ मच जाती है। इसकी वजह से 11 लोगों की मौत हुई और 60 घायल हुए। मंगलवार को दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हुई।

**शिकंजा** दूल्हे को देने पड़ रहे 16 लाख रुपए, लड़कों की शादी करने में दिवालिया हो रहे पेरेंट्स

# महिलाओं को दहेज न लेने की शपथ दिला रहा चीन

**एजेंसी। बीजिंग**

शादी में दूल्हे को दहेज देने की बात तो आम है, लेकिन चीन में इससे उल्टा हो रहा है। यहां दुल्हन को शादी के लिए दहेज देना पड़ता है। चीन की आम बोलचाल में लड़के के दिए जा रहे दहेज को कैली कहा जाता है। इसके लिए सरकार महिलाओं को दहेज न देने की शपथ दिला रही है। कुछ प्रांतों में दूल्हे को 16 लाख 47 हजार रुपए देने पड़ते हैं। कई जगह तो लड़कों की शादी करने में पेरेंट्स दिवालिया हो रहे हैं। इस दहेज की प्रथा पर अंकुश लगाने के लिए, स्थानीय सरकारें दाइजियापु जैसे कार्यक्रम के जरिए अभियान चला रही हैं। यहां तक कि कुछ शहरों में अधिकारियों ने कैली पर कार्रवाई की है और कई बार दूल्हा-दुल्हन के परिजनों से भी सीधे बात करने की कोशिश की है। चीन में पुरुषों की कमी के कारण यह प्रथा है। सरकार इस पर रोक लगाने की कोशिश कर रही है। लड़की वालों से शपथ पत्र भरवा रही है कि वे दहेज नहीं लेंगे। दरअसल, कोयम्बटूर यूनिवर्सिटी में एंथ्रोपॉलोजी के प्रोफेसर गोंसालो सैंटोस का मानना है कि चीन में अधिकतर कानून महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाए जाते हैं जो ठीक नहीं है। प्रोफेसर का कहना है कि महिलाओं से सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद करना ही पितृसत्ता है। महिलाओं को दहेज न लेने की शपथ दिलाने वाली सरकार यह भूल जाती है कि ऐसी स्थिति उनके ही वन चाइल्ड पॉलिसी के चलते बनी है। रिसर्चर बताते हैं कि वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद सामान्य चीन परिवारों में लड़कों पर फोकस किया गया। शहरी क्षेत्रों में लोग इसे पितृसत्ता के रूप में देखते हैं। ऐसा करना महिलाओं को बेचने के बराबर है। पढ़े लिखे जोड़े बिना पैसों के शादी करना चाहते हैं। लड़कों की शादी के चक्कर में पेरेंट्स दिवालिया हो रहे हैं। जीवनभर की कमाई शादी में खर्च होने से यह स्थिति बन रही है। चीन में उद्योगपतियों पर शी जिनपिंग की सरकार लगातार शिकंजा कस रही है। इससे बचने के लिए देश के अमीर लोग चीन छोड़कर सिंगापुर भाग रहे हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के कई बड़े उद्योगपतियों ने हाल ही में अपनी संपत्ति को सिंगापुर के बैंकों में ट्रांसफर करवाया है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में चीन से गायब हुए वहां के बड़े बिजनेसमैन बाओ फैन ने भी सिंगापुर में एक वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। हालांकि, वो उससे पहले ही लापता हो गए।



### निजी जापानी लैंडर ने चांद की कक्षा से पहली तस्वीर भेजी

**टोक्यो।** जापानी चंद्र एक्सप्लोरेशन कंपनी आईस्पेस ने चांद की कक्षा से चंद्रमा की पहली तस्वीर वापस भेजी है, कंपनी ने यह जानकारी दी। हाकुतो-आर मिशन 1 चंद्र लैंडर 20 मार्च को चंद्र कक्षा में पहुंचा और अगले महीने के अंत में चंद्रमा पर उतरने की उम्मीद है। कंपनी ने ट्विटर पर लिखा, पिछले हफ्ते के सफल चंद्र कक्षीय सम्मिलन के बाद, हाकुटो-आर मिशन 1 के दौरान चंद्रमा की इस छवि को हमारे लैंडर-माउंटेड कैमरे द्वारा कैप्चर किया गया। इसने कहा कि और अधिक आश्चर्यजनक ध्श्यों की प्रतीक्षा है। स्पेस डॉट कॉम ने बताया कि छवि लैंडर-माउंटेड कैमरे द्वारा ली गई चंद्रमा के एक धूप वाले हिस्से को दिखाती है। यह अंतरिक्ष की अंधेरी पृष्ठभूमि के खिलाफ चंद्र सतह पर चमकीले रोशनी वाले प्रभाव वाले क्रेटर की श्रृंखला को प्रदर्शित करता है।




## NEWS इन ब्रीफ

### शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है आतंकवाद : डोभाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा कि शांति और सुरक्षा क लिए सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डोभाल ने बुधवार को यहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इससे निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित काउंटर टेररिज्म प्रोटोकॉल के प्रति सभी देशों को सजग रहना होगा।

### देश पर शासन करना जन्मसिद्ध अधिकार मानते हैं राहुल : वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि उन्हें लगता है कि इस देश पर शासन करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा : राहुल गांधी ने ओबीसी समुदाय का अपमान किया और जब अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया, तो उन्होंने कहा कि अदालत ही गलत है। राहुल गांधी सोचते हैं कि इस देश पर शासन करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। राहुल गांधी हकदारी की राजनीति करते हैं। वह सोचते हैं कि चूंकि वह गांधी परिवार में पैदा हुए, इसलिए वह संविधान, अदालत और संसद से ऊपर हैं।

### मालेगांव : लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट के मालेगांव ब्लास्ट में उनको आरोपमुक्त करने से मना करने के खिलाफ चुनौती दी थी। मालेगांव ब्लास्ट 2008 में हुआ था और उसमें कर्नल पुरोहित की भूमिका संदिग्ध थी। पुरोहित ने हाईकोर्ट में कहा था कि सीआरपीसी की धारा 197(2) के तहत मुकदमा चलाने के लिए सेना की मंजूरी नहीं ली गई थी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उसके समक्ष चुनौती उच्च न्यायालय के उस आदेश को है जिसमें यह पाया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा-197 (2) के तहत मंजूरी की आवश्यकता नहीं है।

# कर्नाटक में 10 मई को वोटिंग, 13 को रिजल्ट

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने विज्ञान भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विज्ञान भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कर्नाटक में 10 मई को वोटिंग होगी और 13 मई को चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। 13 अप्रैल को राज्य में चुनावों की घोषणा के लिए नॉटिफिकेशन जारी कर दिए जाएंगे और 20 अप्रैल तक इस नॉटिफिकेशन के आधार पर उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 21 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और 24 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है।

कर्नाटक चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधाओं के लिए कई अहम घोषणाएं की। बुजुर्ग और शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को वोट डालने के लिए अब आयोग वोट फ्राम होम की सुविधा पहली बार शुरू करने जा रहा है। इसके तहत 80 से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग का वोट कलेक्ट करने के लिए आयोग की टीम उनके घर जाएगी तो वहीं 1 अप्रैल से 18 साल के हो रहे वह मतदाता भी वोट डाल पाएंगे। इसके लिए भी चुनाव आयोग ने प्री-रजिस्ट्रेशन की सुविधा की है।

### वायनाड में क्यों नहीं हुआ उपचुनाव का ऐलान?



**चुनाव** आयोग ने बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनावों का ऐलान कर दिया। इस दौरान आयोग ने हाल ही में खाली हुई केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनावों का ऐलान नहीं किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस सीट से सांसद थे। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हो चुकी है। राहुल ने 2019 में केरल के वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव जीता था। राहुल की सदस्यता जाने के बाद अब वायनाड की सीट खाली हो गई है। वायनाड सीट पर उपचुनाव का ऐलान न करने पर चुनाव आयोग का बयान आया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहाः एक सीट खाली होने पर उपचुनाव कराने के लिए हमारे पास छह महीने का समय होता है। ट्रायल कोर्ट ने न्यायिक उपाय के लिए राहुल गांधी को 30 दिन का समय दिया है। इसलिए, हम इंतजार करेंगे।

## भाजपा उम्मीदवारों की सूची एक हफ्ते के बाद : बोम्मई



**बेंगलुरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि भाजपा उम्मीदवारों की सूची एक सप्ताह के बाद घोषित की जाएगी। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी कांग्रेस पहले ही 124 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा कर चुकी है और 100 उम्मीदवारों की दूसरी सूची दो दिनों में जारी होने की संभावना है। सीएम बोम्मई ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा चुनावों की घोषणा के बाद उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू करती है। हमें सर्वेक्षण रिपोर्ट पहले ही मिल चुकी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि तालुक और जिला स्तर से राय ली जाएगी। इसे राज्य स्तर पर संकलित किया जाएगा और सूची संसदीय बोर्ड के पास जाएगी। इन सब में एक सप्ताह का समय लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने डेढ़ साल के कार्यकाल में कम से कम पांच बार सभी जिलों का दौरा किया है।

# सुनवाई से पहले ही एनसीपी सांसद फैजल की लोकसभा सदस्यता बहाल

### 29 मार्च को होनी थी सुनवाई, इसी दिन सुनवाई के पहले ही लोकसभा सचिवालय ने सदस्यता कर दी बहाल

**ब्यूरो। नई दिल्ली**



एक मामले में लोअर कोर्ट के फैसले दोष सिद्धि व सजा पर हाई कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बावजूद लक्षद्वीप के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता लोकसभा सचिवालय बहाल नहीं करके लटकाए हुए था। जिसके विरूद्ध फैजल ने सर्वोच्च न्यायालय में केस दायर कर दिया था। केस की सुनवाई बुधवार (29 मार्च, 2023) को होनी थी। लेकिन इसी दिन सुनवाई के पहले ही लोकसभा सचिवालय ने मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी। लेकिन इससे फैजल को परेशानी तो हुई ही, वकील को मोटी फीस भी लगी।

बता दें कि मोहम्मद फैजल को हत्या के प्रयास के मामले में दोषी ठहराए जाने और 10 साल की कैद की सजा मिलने के बाद इसी वर्ष जनवरी में भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई ) के प्रावधानों एवं जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा 8 के तहत लोक सभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। लेकिन हाई कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगाने का हवाला देते हुए अब उनकी लोक सभा सदस्यता बहाल कर दी गई है। लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाल करने के संबंध में जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केरल हाई कोर्ट द्वारा 25 जनवरी को पारित आदेश को मद्देनजर रखते हुए मोहम्मद फैजल की लोक सभा सदस्यता को बहाल किया जाता है।

इस मामले में हुआ यह कि मंगलवार 28 मार्च को सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीपी के नेता मोहम्मद फैजल से सवाल कियाः कौन से मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है? फैजल ने केरल हाईकोर्ट द्वारा हत्या के प्रयास के एक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाए जाने के बावजूद उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित करने वाली अधिसूचना वापस नहीं लेने के लिए लोकसभा सचिवालय के खिलाफ याचिका दायर की है। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने राकांपा नेता की ओर से पेश वकील से यह सवाल तब किया जब उन्होंने मामले का उल्लेख करते हुए इस पर बुधवार को सुनवाई करने का अनुरोध किया। पीठ ने मंगलवार को राकांपा नेता मोहम्मद फैजल के वकील से पूछाः वह कौन सा मौलिक अधिकार है जिसका उल्लंघन हुआ है? वकील ने कहा कि राकांपा नेता का निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार छीना गया है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई पूरी तरह मनमानी है।

## मान से मिले सुक्खू वॉटर सेस को लेकर शंका को किया दूर

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की। बैठक के बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने पत्रकार वार्ता को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में जल विद्युत परियोजनाओं पर वापस सहित ब्यास प्रबंधन बोर्ड और शानन जल विद्युत परियोजना के साथ उनकी विभिन्न परियोजनाओं पर विचार विमर्श किया गया।

# स्वर्ण मंदिर में एंट्री की फिराक में अमृतपाल

### कर सकता है सरेंडर, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**एजेंसी। अमृतसर**

पंजाब पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने अंदेशा जताया है कि खालिस्तानी समर्थक और पंजाब में भगोड़ा घोषित अमृतपाल स्वर्ण मंदिर में मीडिया के सामने सरेंडर करने की फिराक में है। पंजाब पुलिस को आशंका है, अमृतपाल दरबार साहिब में प्रवेश कर श्री अकाल तख्त साहिब पर जाने का प्रयास कर सकता है और फिर वहां पर मीडिया की मौजूदगी में पब्लिक के बीच सरेंडर करने का इरादा रखता है। इस इनपुट को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण मंदिर परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



पंजाब पुलिस के अलावा जांच एजेंसियां भी हाईअलर्ट पर है। अमृतपाल की तलाश में पंजाब के कई इलाकों में कल रात से ही सर्च ऑपरेशन जारी है। पंजाब पुलिस को इंटेलिजेंस इनपुट मिला था कि होशियारपुर के एक गांव में अमृतपाल अपने साथियों के साथ छिपा हुआ था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने इस इलाके में घर-घर जाकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। पुलिस ने इनपुट के आधार पर मंगलवार देर रात मरनीयां गांव में अमृतपाल को लेकर तलाशी शुरू की थी और उसकी काउंटर इंटेलिजेंस ब्रांच ने फगवाड़ा तक उस कार का पीछा किया था, लेकिन बाद में वह उस कार को छोड़कर फरार हो गया।

# सावरकर विवाद : मतभेदों को सुलझाने के लिए राहुल और संजय राउत ने की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सावरकर विवाद को लेकर मतभेदों को दूर करने के लिए बुधवार को मुलाकात की। कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक के बाद राउत ने एक ट्वीट में कहाः सोनिया गांधी और राहुल गांधी से आज मुलाकात हुई।



कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सब कुछ ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं है। राहुल गांधी की टिप्पणी के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई विपक्ष की बैठक में शामिल नहीं हुई। संसद से निष्कासन के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 25 मार्च को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, मेरा नाम सावरकर नहीं है, मैं माफी नहीं मांगूंगा। शिवसेना (यूबीटी) के सूत्रों ने संकेत दिया कि पार्टी इस टिप्पणी से नाराज थी।




## मैंने कभी घमंड के आगे घुटने नहीं टेके : कंगना



**अभिनेत्री** कंगना रनौत, जो अपनी पीरियड ड्रामा फिल्म 'इमरजेंसी' के पोस्ट-प्रोडक्शन के काम में व्यस्त हैं, उन्होंने बुधवार को अपने सोशल मीडिया पर साझा किया कि वह अपनी सुंदरता पर गर्व महसूस करती है और खुद के बारे में अच्छा महसूस करती है, लेकिन वह कभी भी घमंड के विचार की शिकार नहीं हुई, जो फिल्मों की ग्लैमरस दुनिया में काफी स्वाभाविक रूप से आती है। अभिनेत्री ने अपने ट्विटर पर अपनी यात्रा से पहले की अपनी तस्वीरों का कोलाज साझा किया। तस्वीरों में 'गैंगस्टर' की अभिनेत्री को अपने कर्ल के साथ एक एथनिक पोशाक पहने देखा जा सकता है। उसने कहा कि पोस्ट में सैल्फी ट्रैफिक बोरियत का परिणाम है।

## प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और हटाने में मुझे तीन घंटे लगते थे : गर्विता साधवानी



'मैं हूं अपराजिता' की अभिनेत्री गर्विता साधवानी ने साझा किया कि कैसे उन्हें शो में रोजाना प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और हटाने में तीन घंटे लगते थे। गर्विता, जो मोहिनी (श्वेता गुलाटी) की बेटी, निया की भूमिका निभा रही हैं, उन्होंने साझा किया, एक अभिनेत्री के तौर पर मैं आर्ट के साथ इक्स्पेरिमेंट करने की इच्छा रखती हूं। और फायर सीक्वेंस की शूटिंग के बाद मैं काफी खुश हूं। मैं एक वेशभूषा, मेक-अप, प्रोस्थेटिक्स और अपने लुक को बदलने की बड़ी फैन हूं क्योंकि मुझे अलग-अलग चीजों के साथ इक्स्पेरिमेंट करने और खेलने का मौका मिलता है। जले हुए निशान थे जो मुझे पूरे दृश्यों में लगाने पड़े और जबकि यह निश्चित रूप से इसे बनाए रखने का एक काम था, मेरा मानना है कि अंत में प्रयास वास्तव में इसके लायक था। आने वाले एपिसोड्स में वह आग में फंसी और बुरी तरह जली हुई दिखाई जा रही हैं और इसके लिए उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप की जरूरत पड़ी। उन्होंने साझा किया कि पूरा मेकअप करना और फिर उसे हटाना कितना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहाः यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण भूमिका थी और मैं आभारी हूं कि इस तरह के एक दिलचस्प किरदार डेवलप हुआ। मुझे हर रोज प्रोस्थेटिक मेकअप लगाने और हटाने में तीन घंटे लगते थे, जो बहुत समय लेने वाला काम था। और मुझे कहना होगा, सारा श्रेय मेकअप कलाकारों को जाता है जिन्होंने इसे बनाया है।

## राघव चड्ढा की शादी की अफवाहों के बारे में पूछे जाने पर शरमा गईं परिणीति



**बॉलीवुड** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा जब राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा के साथ उनकी शादी की अफवाहों के बारे में पूछा गया तो वह शर्मा गईं। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें परिणीति एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद अपनी कार में बैठती नजर आ रही हैं। कई फोटोग्राफरों ने उसकी शादी के बारे में पूछा। परिणीति बस मुस्कुराती और शमार्ती हुई अपनी कार की ओर बढ़ती चली गई। उनसे फिर पूछा गया और परिणीति ने सिर्फ एक हम्म के साथ जवाब दिया। जब उनसे फिर से पुष्टि करने के लिए कहा गया, तो परिणीति ने कहा, धन्यवाद। अलविदा। शुभरात्रि। परिणीति शर्मा गई और फिर से मुस्कुरा दी।

## फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' 20 अक्टूबर को होगी रिलीज

**स्टार** रवि तेजा की आगामी फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव', जिसमें अभिनेता अनुपम खेर भी हैं, 20 अक्टूबर को रिलीज होगी। अनुपम ने ट्विटर पर फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए एक पोस्टर साझा किया। कैप्शन में अनुपम ने लिखाः मेरी तेलुगू फिल्म हैसटैग टाइगर नागेश्वर राव 20 अक्टूबर 2023 को रिलीज के लिए तैयार है। रवि तेजा की पहली पैन-इंडिया फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' वामसी के निर्देशन में है। 'टाइगर नागेश्वर राव' कुख्यात चोर की बायोपिक है और 70 के दशक में स्टुअर्टपुरम नामक गांव में स्थापित है। अभिनेता के लिए पहले कभी नहीं देखे गए किरदार में रवि तेजा की बॉडी लैंग्वेज, बोलने का अंदाज और गेटअप बिल्कुल अलग है।

### शोर-शराबा : विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा बाधित

# रास की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग कर रहे विपक्षी दलों ने राज्यसभा में बुधवार को भी जबरदस्त शोर शराबा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही पहले दो बजे तक और फिर सोमवार यानी तीन अप्रैल तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी दलों के सदस्य संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। सभापति ने पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव को वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक से संबंधित प्रस्ताव रखने को कहा। श्री यादव ने हंगामे के बीच कहा कि लोकसभा ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक 2023 को व्यापक विचार विमर्श के लिए संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति में भेजने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके बाद उन्होंने इस विधेयक को संयुक्त समिति में भेजने और इसमें शामिल होने वाले सदस्यों से संबंधित प्रस्ताव रखा जिसे हंगामे के बीच ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी।

सभापति ने इसके बाद सदन में अव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कार्यवाही सोमवार यानी तीन अप्रैल के लिए स्थगित कर दी। सदन में गुरुवार को रामनवमी का अवकाश रहेगा और कार्य मंत्रणा समिति में बनी सहमति के अनुसार शुक्रवार को भी सदन में अवकाश रहेगा।

इससे पहले सुबह भी कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करने लगे। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सदस्य सभापति के आसन के समक्ष आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य काली पट्टी बांधकर आए थे। हंगामा देख सभापति ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

उल्लेखनीय है कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुरू हुए टकराव ने गतिरोध का रूप ले लिया जिसके कारण पिछले दो सप्ताह में एक दिन भी कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी है। सत्ता पक्ष ने जहां विदेश में देश के बारे में आपत्तिजनक बयान देने के लिए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा वही विपक्षी दलों के सदस्य अडाणी समूह से संबंधित मामले में जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग पर अड़े हैं।